खण्ड-06 सत्र -07 (भाग-02) / अंक-82

बुधवार 06 जून, 2018 / 16 ज्येष्ठ, 1940 (शक)

दिल्ली विधान सभा

की

कार्यवाही

R;eso t;rs

छठी विधान सभा

सातवां सत्र

अधिकृत विवरण

(सत्र-06, सत्र-07 (भाग-02) में अंक 82 के अंक 85 सम्मिलित हैं।)

दिल्ली विधान सभा सचिवालय

पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

सम्पादक वर्ग

EDITORIAL BOARD

सी. वेलमुरुगन

सचिव

C. VELMURUGAN

Secretary

एम.एस. रावत

उप-सचिव (सम्पादन)

M.S. RAWAT

Deputy Secretary (Editing)

fo"k; lwph

सत्र-7 भाग (2) बुधवार, 6 जून, 2018/16 ज्येष्ठ, 1940 (शक) अंक-82

Øl-	fo"k;	i"B l-
1.	सदन में उपस्थित सदस्यों की सूची	1—2
2.	बधाई प्रस्ताव (सीबीएसई परीक्षाओं में सरकारी) विद्यालयों द्वारा उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर)	4—12
3.	माननीय अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था	12—13 और 61—62
4.	तारॉकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर (1, 3—6, 7—20)	13—61
5.	तारॉकित प्रश्नों के लिखित उत्तर (2 एवं 7—20 (14, 16, एवं 19 को छोड़कर))	63—122
6.	अतारॉकित प्रश्नों के लिखित उत्तर (1 से 37 (4, 9, 10, 31 एवं 36 को छोड़कर))	122—325
7.	विशेष उल्लेख (नियम 280)	325—339
8.	सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात	339—340
9.	सरकारी संकल्प (नियम—90)	341—400

fnYyh fo/kku lHkk
dh
dk;Zokgh

सत्र-7 भाग (2) बुधवार, 6 जून, 2018/16 ज्येष्ठ, 1940 (शक) अंक-82

fnYyh fo/kku lHkk

lnu vijkgu 2%00 cts leosr gqvkA
lnu esa mifLFkr lnL;ksa dh lwph%

1. श्री शरद कुमार
2. श्री पवन कुमार शर्मा
3. श्री अजेश यादव
4. श्री महेन्द्र गोयल
5. श्री सुखवीर सिंह दलाल
6. श्री ऋतुराज गोविन्द
7. श्री संदीप कुमार
8. श्री रघुविन्द्र शौकीन
9. श्रीमती बंदना कुमारी
10. श्री जितेन्द्र सिंह तोमर
11. श्री राजेश गुप्ता
12. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी
13. श्री सोमदत्त
14. सुश्री अलका लाम्बा
15. श्री आसिम अहमद खान
16. श्री विशेष रवि
17. श्री हजारी लाल चौहान
18. श्री गिरीश सोनी
19. श्री मनजिंदर सिंह सिरसा
20. श्री जरनैल सिंह
21. श्री राजेश ऋषि
22. श्री महेन्द्र यादव

23. श्री नरेश बाल्यान
24. श्री गुलाब सिंह
25. कर्नल देवेन्द्र सहरावत
26. सुश्री भावना गौड़
27. श्री सुरेन्द्र सिंह
28. श्री विजेन्द्र गर्ग
29. श्री प्रवीण कुमार
30. श्री मदन लाल
31. श्री सोमनाथ भारती
32. श्रीमती प्रमिला टोकस
33. श्री नरेश यादव
34. श्री करतार सिंह तंवर
35. श्री अजय दत्त
36. श्री दिनेश मोहनिया
37. श्री सौरभ भारद्वाज
38. सरदार अवतार सिंह कालकाजी
39. श्री सही राम
40. श्री नारायण दत्त शर्मा
41. श्री अमानतुल्लाह खान
42. श्री राजू धिंगान
43. श्री मनोज कुमार
44. श्री नितिन त्यागी
45. श्री एस. के बग्गा
46. श्री अनिल कुमार बाजपेयी
47. श्रीमती सरिता सिंह
48. मो. इशराक
49. श्री श्रीदत्त शर्मा
50. चौ. फतेह सिंह
51. श्री जगदीश प्रधान
52. श्री कपिल मिश्रा

दिल्ली विधान सभा

की

कार्यवाही[1]

सत्र-7 भाग (2) बुधवार, 06 जून, 2018/ज्येष्ठ 16, 1940 (शक) अंक-82

Inu vijkgu 2-05 cts leor gqvkA

माननीय अध्यक्ष महोदय ¼Jh jke fuokl xks;y½ *पीठासीन हुए ।*

(राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम्)

Ekkuuh; v/;{k% सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन, स्वागत।

Jh lkSjHk Hkkj}kt % अध्यक्ष जी, मेरा प्रश्न नंबर 16...

ekuuh; v/;{k % एक सेकण्ड सौरभ जी, एक सेकण्ड।

दिल्ली विधान सभा के सातवें सत्र के द्वितीय भाग में आप सबका हार्दिक स्वागत है। मैं आशा करता हूं कि आप शांतिपूर्वक सदन की कार्यवाही में भाग लेंगे तथा कार्यवाही के सुचारू रूप से संचालन में मुझे पूरा सहयोग करेंगे।

Jh lkSjHk Hkkj}kt % अध्यक्ष जी, अखबार के अंदर.... कॉल से शुरू होने से पहले मैं आपका ध्यान और इस पूरे सदन का ध्यान मेरे प्रश्न नंबर, 16, जो तारांकित प्रश्न था, स्टार्ड क्वेश्चन नंबर 16, बहुत इंपोर्टेंट प्रश्न था, रेवेन्यू डिपार्टमैंट का प्रश्न था। 1997 से 2005 में करोड़ों रुपये की...

---

1. www.delhi assembly.nic.in पर उपलब्ध।

ekuuh; v/;{k % अभी आयेंगे, उसको करेंगे।

Jh lkjHk Hkkj}kt % फिलिंग्स नहीं हैं, उसके बारे में मैने जानकारी मांगी थी। मुझे जानकारी नहीं मुहैय्या कराई गयी है और इस प्रश्न का पहले भी ऐसे ही होता था, पिछले हाउस के सेशन में भी बहुत सारे प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया गया था और इस बार भी इस तरीके का हो रहा है कि प्रश्नों के उत्तर नहीं आ रहे हैं। मुझे ध्यान पड़ता है कि बीच में ऐसा हुआ था तो उस वक्त के मुख्य सचिव, श्री कुट्टी को इस विधान सभा से हिदायत दी गयी थी कि आप ये एन्श्योर करें कि सारे प्रश्नों के उत्तर आयें और ये फिर से...

ekuuh; v/;{k % वो मैं करता हूं, सौरभ जी।

Jh lkjHk Hkkj}kt % तो आप यथोचित इसपे कार्रवाई कीजिए।

ekuuh; v/;{k % मैं देखता हूं जरा, अभी कौन–कौन नहीं आया...मैं करता हूं।

c/kkbl iLrko ¼fu;e&114½

Jherh lfjrk flag % अध्यक्ष महोदय,

Jh fotUn xIrk % अध्यक्ष जी,

Jherh lfjrk flag % अध्यक्ष महोदय...

Jh fotUn xIrk % ये...

Jh lfjrk flag % अध्यक्ष जी, शायद आपकी मदद से लेके...

ekuuh; v/;{k % मेरे पास है। मैं दे रहा हूं।

Jherh lfjrk flag % मैं आगे इतना कहती हूं। मैं संदेश देना चाहूंगी, अगर आपकी परिमिशन हो तो।

ekuuh; v/;{k % हां, दीजिए।

Jherh lfjrk flag % मैं माननीय शिक्षा मंत्री, जो हमारे बीच में बैठे हैं, मैं पूरी दिल्ली की जनता की तरफ से आपको बधाई देना चाहती हूँ। दिल्ली के हरेक छात्र, हर छात्रा, हर माता–पिता की तरफ से आपको बधाई देना चाहती हूं। क्यांकि इस बार जो बारहवीं का रिजल्ट आया है, वो हम सबने देखा। 20 साल बाद दिल्ली में ऐसा बारहवीं का रिजल्ट आया है। ढ़ाई परसेंट रिजल्ट बढ़े हैं, लगभग तीन सौ स्कूलों में सौ परसेंट रिजल्ट आया है जो अपने आप में सराहनीय है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत गर्त हो गयी थी, बिल्कुल नाश हो गयी थी पर जिस तरह पिछले तीन सालों में आपने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में मेहनत करी है; आपने, आपकी पूरी टीम ने, सारे प्रिसिंपल्स ने, सारे अध्यापकों ने जिस तरह से दिल्ली की सरकार ने जो वादा किया था कि शिक्षा और स्वास्थ्य, हमारी प्रॉयरिटी है तो शिक्षा और स्वास्थ्य में सबसे बेहतरीन काम दिल्ली की सरकार ने किया है।

अध्यक्ष महोदय, और मैं एक और बधाई देना चाहती हूं कि तीन सौ से ज्यादा छात्रों ने, दिल्ली सरकार के स्कूला से निकले हुए बारहवीं के बच्चों ने आईआईटी जेई का एग्ज़ाम क्लीयर किया है जो अपने आप में बड़ी बात है। वो गरीब घर के बच्चे हैं, जो सपना था कि हम कभी जिंदगी में आईआईटी जा पायेंगे कि नहीं, कभी हमारा नाम आईआईटी दिल्ली,

आईआईटी रूड़की, आईआईटी कानपुर में आयेगा या नहीं, पर ऐसे बच्चें तीन सौ से ज्यादा बच्चे आज आईआईटी में एडमिशन लेंगे। इसके लिए आप बहुत ज्यादा बधाई के पात्र हैं, पूरी दिल्ली सरकार बधाई की पात्र है, पूरी दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन इसके लिए बधाई की पात्र है। हम सबकी तरफ से आपको बहुत–बहुत बधाई।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % इसी विषय पर बधाई में?

Jh euftnj flag fljlk % सर, जब बधाई सब दे रहे हैं तो विपक्ष कहीं बधाई देने में पीछे न रह जाये। हमारी बहन ने बताया कि ढ़ाई परसेंट बच्चे जो हैं, वो बारहवीं में ज्यादा पास हुए हैं, मैं उसके लिए...

ekuuh; v/;{k % रिजल्ट ढ़ाई परसेंट बढ़ा है।

Jh euftnj flag fljlk % कोई नहीं, वो पास हुए हैं या नहीं हुए, अभी तो उसके लिए मैं आप सबको बधाई देता हूं। पर मैं तो आज तक यही समझता था कि जो दसवीं में है, वो भी हमारे मंत्री जी के पास है। ऐसा सुनने में आया कि दसवीं के बच्चे जो हैं, वो 18 परसेंट ज्यादा फेल हुए हैं। तो मैं बधाई के साथ–साथ इस बात की चिंता भी करता हूं कि हमारे मंत्री जी एक तो आंकड़ों की स्पष्टता करें कि क्या जो अखबार में छपा कि 18 परसेंट बच्चे... आप भी बड़े मुस्कुरा रहे हैं। हमें भी बड़ी खुशी है इस बात की कि बच्चे पास हो गये।

ekuuh; v/;{k % नहीं नहीं, मैं इसलिए मुस्कुरा रहा हूं सिरसा जी...

Jh euftanj flag fljlk % लेकिन फेल होने पर दर्द होता है।

ekuuh; v/;{k % सिरसा जी।

Jh euftanj flag fljlk % आप इसे भावना समझ सकते हैं, मैं बधाई देने के लिए खड़ा न होता अगर हमारी बहन दसवीं के बच्चों के लिए भी बधाई दी होती तो ये बात समझ में आ गयी कि दाल काला है। जो वो बच्चे फेल हो गये हैं, वो तो किसी और की जिम्मे डाल देंगे। शायद उनको... मोदी जी ने उनकी कापी छीन ली होगी वापिस और जो बढ़ गए हैं नम्बर, वो हमारे हो गये। तो ऐसा मैं जानना चाहता हूं कि वो वाकई में ऐसा हुआ है कि उनकी कापी–किताब मोदी जी चोरी करके ले गए हों और जितने...

ekuuh; v/;{k % एक सेकण्ड ऋषि जी, मैं इसको इस चर्चा में लम्बा नहीं करना चाहूंगा...

Jh euftanj flag fljlk % तो मैं जरूर चाहूंगा कि इसका स्पष्टीकरण आये कि क्या वाकई ही 16 परसेंट बच्चे फेल हुए हैं, ये स्पष्टीकरण सरकार का आना चाहिए और सरकार को सफाई देनी चाहिए। और अगर ऐसा हुआ है तो सरकार को अपनी नाकामी मानते हुए इस बात की जिम्मेवारी तय करनी चाहिए कि क्यों 18 परसेंट बच्चे दसवीं के.... हमारा वो भविष्य है, हमारे देश का भविष्य है और हमारे देश का भविष्य अगर इस तरह 18–18 परसेंट बच्चे जो सरकार की जानकारी के अंदर आये, हमें उसकी चिंता करनी चाहिए।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % चलो भई, बात हो गयी ना। नहीं, ऋषि जी दो मिनट बैठिए प्लीज, प्लीज दो मिनट।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % नहीं, अब हो गया। सिरसा जी, अब हो गया, नहीं–नहीं मैं दूसरी, मैं सफाई नहीं दे रहा हूं। नहीं मैं दूसरी बात कह रहा हूं। नहीं बोल रहा मैं, नहीं बोल रहा मैं किसी चीज पे नहीं बोल रहा हूं।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % ऋषि जी दो मिनट बैठिए प्लीज। आपने सिरसा जी, सिरसा जी, आपने मेरी मुस्कुराहट पर टिप्पणी की, मैं इसलिए कह रहा हूं हंसना अच्छी बात है। हंसना चाहिए ये जो रिजल्ट की बात आपने रखी है दसवीं की, ये हम सब के संज्ञान में है। पहली बार सीबीएससी का बोर्ड का एग्जाम हुआ था, बहुत सालों बाद पहली बार। अब इसमें चर्चा नहीं। नहीं अब, बारहवीं का तो पीछे से होता आ रहा है।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % नहीं भई, विजेन्द्र जी, ऐसा नहीं, आपको पता है सारा। चलिए, अगर मान लिया मंत्री जी उत्तर देना चाहेंगे, देना चाहेंगे, देंगे।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % नहीं, सफाई नहीं दे रहा हूं मैं एक्चुअल पोजिशन बता रहा हूं। एक्चुअल पोजिशन ये है, पहली बार वो बच्चे... चलिए ठीक है। बैठिए। बैठिए। माननीय मंत्री जी खड़े हैं।

ekuuh; mi e[;ea=h ¼Jh euh"k fl lksfn;k½ % धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। सबसे पहले तो मेरी तरफ से भी दिल्ली के सभी शिक्षकों को, पैरेंट को, हमारे पूरे शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी, कर्मचारी जो पिछले तीन–चार साल से लगे हुए हैं, दिन–रात एक करके सारे छुट्टियां केंसल कर–कर के, उनको सबको बधाई कि दसवीं और बारहवीं, दोनों के रिजल्ट बहुत शानदार रहे। बारहवीं के इसलिए जैसे सरिता जी ने बोला कि पहली बार 90 परसेंट से ऊपर पास आउट का आंकड़ा गया है और ये तो शुरूआत है, धीरे–धीरे हम इस स्थिति में भी आयेंगे कि दिल्ली के बच्चों के 90 परसेंट से ज्यादा मार्क्स को भी उस तरह से हम बतायेंगे कि किस तरह से, कितने सारे बच्चों ने 90 परसेंट से... अभी वो संख्या उतनी नहीं है जितनी हम सोचते हैं कि होनी चाहिए और जितनी और... हम तो चाहेंगे कि दिल्ली का हर बच्चा 90 परसेंट से ऊपर लेके आये, प्राइवेट स्कूल और गवर्नमैंट स्कूल और सब में। तो उस तरफ लेके क्वालिटेटिव इंप्रूवमैंट अभी तो बच्चे फेल हो रहे थे। शुरूआत तो... जैसा मैंने सदन में भी कई बार कहा है, तीन साल पहले यहां से हुई थी कि एक क्लास रूम में बैठके 174 बच्चे अगर एनरोल कर दिये जाएंगे तो टीचर तो क्या, शिक्षक विभाग तो क्या, भगवान भी अगर आ जाये तो उनको नहीं पढ़ा सकता। वहां से निकाल के नये कमरे बनाने का जो प्रयास हुआ। टीचर्स ने... कई नये इन्नोवेटिव आइडियाज आये, 'चुनौती' जैसे कार्यक्रम विभाग की तरफ से लागू हुए और सब टीचर्स ने उसको बुनियाद को सफलता पूर्वक लागू किया। दसवीं के बारे में इन्होंने सवाल किया है, मुझे लगता है कि कन्फ्यूज़न न फैलाया जाये। दसवीं के ये बच्चे कौन हैं? ये बच्चे वो हैं, जो नो–डिटेन्शन पॉलिसी के तहत हर साल... हर साल पास किए जा रहे थे और धीरे–धीरे करके

अब दसवीं में पहुंचे हैं। जब हमने दसवीं की शुरूआत में, जब हमने इनका आठवीं में टैस्ट लिया था तो इनमें से लगभग–लगभग तीन चौथाई बच्चे ऐसे थे... जो रिकॉर्ड पे है, मैंने इस सदन में भी वो रिकॉर्ड रखे हैं, डेटा रखा है, कई बार चर्चा की है उसकी, लगभग यही बच्चे जो आज दसवीं पास करके गये हैं, 70 परसेंट बच्चे ये जब आठवीं में पढ़ते थे तो हमारा अपना सर्वे टीचर्स का अपना सर्वे, टीचर्स के अपने असेसमैंट बताते थे कि लगभग–लगभग दो तिहाई बच्चों को अपनी टैक्स्ट बुक और बैसिक मैथ्स स्किल्स तक नहीं आते थे। आठवीं क्लास में इनकी ये हालत थी। धीरे–धीरे इनपे मेहनत हुई, जब दसवीं का, साल के शुरूआत में हमने इनका टैस्ट लिया बच्चों का तो बारह परसेंट बच्चे पास हुए। फिर खूब मेहनत की टीचर्स ने सख्ती भी हुई, प्यार से भी बात हुई, नयी ट्रेनिंग्स भी करायी, जब हमने इनका दूसरा टैस्ट लिया तो 30 परसेंट बच्चे पास हुए, कैसे पास होंगे तो मैं आपके उसी रिकॉर्ड को बता रहा हूं कि उसी में दो महीने–तीन महीने की और टीचर्स की मेहनत के बाद विभाग के लोगों ने मेहनत की और 30 परसेंट से वो रिजल्ट 70 परसेंट पहुंचा। इसलिए बहुत शानदार है नो–डिटेन्शन जैसी पॉलिसी बिना तैयारी के लागू की गई और पूरे के पूरे दिल्ली में एक माहौल बना हुआ था कि सारी की सारी सरकार, सारे के सारे विभाग को प्राइवेट सकूलों के सामने नतमस्तक करके बैठी हुई थी। ऐसा लगता था जैसे सरकारों का काम सिर्फ और सिर्फ प्राइवेट स्कूलों को प्रोटेक्ट करना है। हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने अगर किसी ऑर्डर को दिया, प्राइवेट स्कूल के खिलाफ तो फाइलों में दबा के बैठना है। सरकारी स्कूल तो टीचर्स चला ही लेंगे अगर उनको फैमली रजिस्टर भरवाने में उनको वोटर बनवाने के अलावा और उनके अलावा समय बचा तो टीचर्स सरकारी स्कूल

चला ही लेंगे। मिड–डे मील में करप्शन और इन सब के बाद कोई पैसा बचा तो मिड–डे मील बांट ही दिया जायेगा... इन सब स्वीकृतियों से निकाल के गवर्नमैंट स्कूल को लेकर आये हैं अध्यक्ष महोदय, और बहुत खुशी के साथ और बहुत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हालांकि अभी शुरूआत है लेकिन बहुत अच्छी शुरूआत है। दिल्ली में एक ऐसे समय में जब देश भर में अब तो पता है सबको देश के ज्यादातर राज्यों में किसकी सरकार है। आप गूगल करके देख लीजिए ये नयी वाली पार्टियां, जो नयी सरकारें चारों तरफ दिखाती है कि इन राज्यों में भी, हम इस राज्य में भी हम, इस राज्य में भी हम... उस राज्य में बात भगवा नहीं है बात ये है कि सरकारी स्कूलों को बंद करने का परचम लहरा रहा है। आप किसी भी सरकारी... किसी भी राज्य को उठाके देख लीजिए; हिमाचल में देख लीजिए, जम्मू–कश्मीर में इनकी सहयोग की सरकार है, वहां देख लीजिए, हर जगह सरकारी स्कूलों को जान–बूझ के बंद करने की व्यवस्थायें चलायी जा रही हैं ताकि प्राइवेट स्कूलों के पक्ष में माहौल बनाया जा सके और पेरेंटस मजबूर हों, प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को मोटी फीस में भेजने के लिए।

आज दिल्ली सरकार ने देश के सामने पिछले तीन साल में ये मॉडल सिद्ध करके दिया है कि अगर सरकार, शिक्षा विभाग और अध्यापक तीनों मिलके शिद्दत से काम करने लगें तो सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बहुत अच्छा हो सकता है और इतना अच्छा हो सकता है इम्प्रूव... एक–एक करके आगे तक इम्प्रूव हो सकता है तो इसमें इसको पूरे प्रदर्शन में यही देखें कि जहां इनकी पार्टी की सरकारी है, वहां एक ही धंधा खोल रखा है; प्राइवेट स्कूलों को आगे बढ़ाओ, सरकारी स्कूलों को बंद कराओ। इनके तो नगर–निगम में भी स्कूल हैं। इनसे नगर–निगम के स्कूल चलाये नहीं

जा रहे, इन्होंने प्राइवेट संस्थाओं को देने शुरू कर दिये हैं, बोले, ''हमसे तो नहीं चलाये जा रहे जी, प्राइवेट संस्थाओं को दे देते हैं।'' वहां तो नगर–निगम के सरकारी स्कूल भी प्राइवेट संस्थाओं को दिये जा रहे हैं और हम कह रहे हैं कि प्राइवेट स्कूल चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार का धर्म है। दिल्ली के हर बच्चे को सरकारी स्कूल में अच्छी शिक्षा दिलवाना हमारा धर्म है। हमें खुशी है इस बात की। और मैं अध्यापकों की तरफ से, सभी पेरेंटस की तरफ से, सबकी तरफ से आश्वासन दिलाना चाहता हूं दिल्ली को, कि आप चिंता मत करिए, देश में चाहे सारे स्कूल बंद कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी कोशिश कर ले, उनको बर्बाद करने की कोशिश कर लें, दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों को बढ़िया से बढ़िया करते रहेंगे और आगे करके दिखाएंगे, धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय।

ekuuh; v/;{k }kjk 0;oLFkk

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % नहीं विजेन्द्र जी देखों ये चर्चा का विषय है, सिरसा जी बोल चुके हैं, मैं मंत्री जी के बाद नहीं, सिरसा जी ने मांग की, कि मंत्री जी उत्तर दें। नहीं, देखिए विजेन्द्र जी, मैं अब इस पर चर्चा नहीं, सिरसा जी ने मांग की, मैंने नहीं की। सिरसा जी की मांग पर, नहीं, आप प्लीज।

मुझे कई माननीय सदस्यों से नियम–54, नियम–55 तथा नियम–89 के तहत विभिन्न सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। जैसा कि आपको विदित है कि यह सत्र विशेष प्रयोजन के लिए बुलाया गया है। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए सदन में विस्तार से चर्चा होनी है। सदन के समय के

अधिकतम सदुपयोग तथा सभी सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए, कार्य सूची में सूचीबद्ध विषयों के अलावा किसी अन्य विषय को विचारार्थ नहीं लिया जायेगा। अतः मैं किसी भी सूचना को स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं। क्वैश्चन नंबर वन। भई विजेन्द्र जी।

...(व्यवधान)

rkjkfdr iz'uks ds ekf[kd mÙkj

v/;{k egksn; % नहीं कोई कीमत नहीं बढ़ी, बैठिए आप। स्टार्ड क्वैश्चन प्रश्न संख्या–एक, श्री विजेन्द्र गुप्ता जी, आपका प्रश्न संख्या–एक लगा हुआ है।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % जिसपे भी लगा हुआ है आप उत्तर नहीं चाहते। आप बोलते रहिए। आपसे रिक्वेस्ट कर रहा हूं, मुझे स्टार्ड क्वेश्चन पूरा करने दो। जो विषय सूचीबद्ध है, मुझे उसके बारे में देखना है।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % विजेन्द्र गुप्ता जी, आपने जो करना है, मनजिंदर कर लीजिए। आपने जो कुछ करना है करिए।

Jh euftanj flag fljlk % हमारा ये कहना है।

v/;{k egksn; % बैठिए अब, सिरसा जी, बैठिए, बैठिए आप प्लीज। विजेन्द्र जी, आप प्रश्न संख्या–एक रख रहे हैं या नहीं? मैं आपसे रिक्वेस्ट कर रहा हूं, मैं प्रार्थना कर रहा हूं, मैं स्टार क्वेश्चन शुरू कर चुका हूं।

...(व्यवधान)

v/;{k egkn; % प्रश्न संख्या–दो, श्री ओम प्रकाश जी। अनुपस्थित, प्रश्न संख्या–तीन श्री सुरेन्द्र सिंह जी।

...(व्यवधान)

v/;{k egkn; % अब बैठिए प्लीज, हां, बैठिए प्लीज।

Jh lqjsUn dqekj % माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से क्वैश्चन नं.–तीन का उत्तर जानना चाहता हूं।

...(व्यवधान)

v/;{k egkn; % बैठिए प्लीज, आप चैंबर में बात करिएगा। फिर मैं बात करता हूं, आप चैंबर में आके बात करें, चैंबर में बात करते हैं।

...(व्यवधान)

v/;{k egkn; % मैं बिल्कुल एश्योर नहीं कर रहा हूं, मैं पहले एक बार बैठकर चैंबर में बात करना चाह रहा हूं। आप चैंबर में आ जाइए, चार बजे, मैं एश्योर कर रहा हूं, मेरे चैंबर में आइए, चार बजे चैंबर में आइए, मुझे उचित लगेगा... मैं बिल देख लूं। उचित लगेगा, मैं बात करवाऊंगा। नहीं, अब ऐसा नहीं, मैं चार बजे चैंबर में बुला रहा हूं आपको। विजेन्द्र जी, मैं चार बजे चैंबर में बुला रहा हूं। मैं आपको आमंत्रित कर रहा हूं। आप चार बजे चैंबर में आइए। मैं एश्योर कर रहा हूं। विजेन्द्र गुप्ता जी प्रश्न संख्या–एक।

Jh fufru R;kxh % सर, ये कोई तरीका नहीं होता। डिस्टर्ब भी करेंगे और प्रश्न भी पूंछेंगे।

v/;{k egkn; % त्यागी जी, ओर समय खराब हो रहा है।

Jh fufru R;kxh % नहीं सर, ये नहीं चल चलेगा। यहां पर ये ड्रामेबाजी भी दिखाएंगे, उसके बाद ये प्रश्न भी पूछेंगे, ये नहीं चलने देंगे यहां।

...(व्यवधान)

v/;{k egkn; % त्यागी जी, बैठिए प्लीज। सुरेन्द्र जी, बैठिए, बैठिए प्लीज। प्रश्न संख्या एक। जल्दी करिए भई।

Jh fotsUnz xqIrk % अध्यक्ष जी, प्रश्न संख्या—एक प्रस्तुत है:

क्या माननीय mi eq[;ea=h यह बताने कि कृपा करेंगे:

(क) क्या यह सत्य है कि छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर 2009 में गैर सहायता प्राप्त स्कूलों में फीस की वृद्धि के मामले को अदालत में चुनौती दी गई थी;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के अभिभावक महासंघ व अन्य बनाम दिल्ली सरकार व अन्य की 2009 की (डब्ल्यूपी (सी) 7777, 8147, 8610 और 10801) में निर्णय के बाद जस्टिस अनिल देव सिंह समिति ने 575 स्कूलों को बढ़ी हुई फीस को 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया था;

(ग) क्या यह भी सत्य है कि सरकार अभी तक अभिभावकों को बढ़ी हुई फीस वापस लौटना सुनिश्चित करने में नाकाम रही है;

(घ) क्या यह भी सत्य है कि उपरोक्त आदेशों को लागू कराने में नाकाम रहने के कारण सरकार के विरुद्ध न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की गई है; और

(ङ) उपरोक्त 575 स्कूलों का उनके द्वारा लौटाई जाने वाली राशि सहित पूर्ण विवरण क्या है?

ekuuh; v/;{k % उप मुख्यमंत्री जी।

ekuuh; mi e[;e=h % अध्यक्ष महोदय, प्रश्न संख्या–एक का उत्तर प्रस्तुत हैः

(क) जी हां, यह सत्य है कि छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर 2009 में गैर सहायता प्राप्त स्कूलों में फीस की वृद्धि के मामलों को अदालत में चुनौती दी गई थी।

(ख) अभी तक इस कमेटी (पूर्व नाम जस्टिस अनिल देव सिंह समिति) ने 10 अंतरिम रिपोर्ट और मासिक अंतरिम रिपोर्ट जून, 2016 से जनवरी, 2018 तक में 575 स्कूलों को बढ़ी हुई फीस को 9% ब्याज सहित लौटाने की सिफारिश की है।

(ग) जी नहीं।

(घ) जी नहीं; और

(ङ) उपरोक्त सभी 575 स्कूलों की कमेटी द्वारा जारी की गई रिपोर्ट विभाग की वेबसाइट www.edudel.nic.in पर उपलब्ध है।

Jh fotUn xIrk % अध्यक्ष जी, मेरा पूरक प्रश्न है, शिक्षा मंत्री जी बताएं अभी तक कितने अभिभावकों को कोर्ट के आदेश के अनुसार नौ प्रतिशत ब्याज के साथ फीस वृद्धि वापस दी गई है और उसका टोटल अमाउंट कितना है, उसकी सूची भी हमें दी जाए?

ekuuh; mi e[;e=h % अध्यक्ष महोदय, क्योंकि इसकी जो पूरी जो जानकारी है क्योंकि अलग–अलग रिपोर्टस में 575 स्कूलों की रिपोर्ट में अलग–अलग कैल्कुलेशंस की गई है अलग–अलग हिसाब से, अभिभावकों को जो अलग–अलग रिपोर्टस के अनुसार पैसा दिया गया है, उसमें से कुछ जानकारी अभी में यहां दने की स्थिति में हूं कि क्योंकि इसमें समिति के आदेश और उसके बाद कोर्ट में क्योंकि अभी भी मामला चल रहा है तो इसके अलग–अलग श्रेणियों में इसपे स्टैप उठाए जा रहे हैं। 106 करोड़ रुपये जो अभिभावकों से ज्यादा लिया गया था, वो अभी कोर्ट में जमा किया गया है।

Jh fotUn xIrk % अभिभावकों को कितना मिला है?

v/;{k egkn; % भई, वो उत्तर तो दे रहे हैं, बार–बार डिस्टर्ब कर रहे हैं। विजेन्द्र जी, मैं अलाउ नहीं करूंगा ऐसे।

ekuuh; mi e[;e=h % आपका छूट जाए, आप एक पूरक प्रश्न ओर पूछ लीजिएगा।

ekuuh; v/;{k % आपको अलाउड है ना। आप बार–बार डिस्टर्ब कर रहे हैं मंत्री जी को।

ekuuh; mi e[;e=h % तो 106 करोड़ रुपये प्राइवेट स्कूलों से माननीय हाइकोर्ट में जमा करवा गया है। दूसरा 68 करोड़ रुपए अभी तक पेरेंटस को लौटा दिया गया है। ये 226 स्कूलों में the number of schools which have claimed partial refund in 226 schools and amount claimed to have refunded 68 करोड़ 87 लाख रुपये करीब लौटा दिया गया है। इसमें

माइनॉरिटीज स्कूल्स का भी इशू है। 44 इसमें से माइनॉरिटीज स्कूल हैं जिनके बारे में कमेटी ने रिपोर्ट दी है। 11 स्कूल्स ने कमेटी के रिकमन्डेशन्स को चैलेंज किया हुआ है। इन 11 में से 9 स्कूलों ने, 9 माइनॉरिटीज स्कूलों ने 7 करोड़ 81 लाख रुपया उन्होंने जमा करा दिया है कोर्ट में। तो ये अभी तक स्टेटस है; 68 करोड़ में से किस–किस पेरेंट को कितना पैसा लौटाया गया है, ये स्कूल वाइज जानकारी हम ले सकते हैं। अगर जैसे उपलब्ध हो जाएगी, वैसे सदन को उपलब्ध करा देंगे।

Jh fotsUnz xqIrk % मैं शिक्षा मंत्री जी से जानना चाहता हूं...

v/;{k egksn; % नहीं विजेन्द्र जी, एक सप्लीमेंटरी ओर पूछ लीजिए आप।

Jh fotsUnz xqIrk % मैं उसी से रिलेटिड है बिल्कुल, उसी से रिलेटिड है जो पैसा आप कह रहे हैं, लौटा दिया है, उस अभिभावक का नाम, विद्यालय का नाम, अमाउंट इसकी सूची आप सदन को प्रोवाइड करवा दें।

ekuuh; mi eq[;ea=h % इस संबंध में जितनी भी अधिकतम सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है, क्योंकि मैं खुद जानता हूं, बहुत सारे पेरेंटस की तो...

Jh fotsUnz xqIrk % एक भी अभिभावक को शिक्षा मंत्री जी मैं आपके ध्यान में डाल रहा हूं मैं याचिकाकर्ता हूं एक भी अभिभावक को, एक भी रुपया नहीं मिला है।

अध्यक्ष महोदय, 10 साल हो गए, आपकी जानकारी के लिए बता रहा हूं, मैं याचिकाकर्ता हूं। हमारा ये कहना है कि आप सूची दे दीजिए। दूसरा,

हमारा ये कहना है, ये भी अपने आप में एक स्कैंडल होगा। आप सूची दीजिए एक बात...

v/;{k egkn; % एक सैकंड, माननीय मंत्री जी सदन के अंदर स्टेटमैंट दे रहे हैं; 68 करोड़ रुपये अभिभावकों को वापस किया गया है।

Jh fotsUnz xqIrk % आप सूची दीजिए, दूसरा...

...(व्यवधान)

v/;{k egkn; % अवतार जी, प्लीज बाजपेयी जी, प्लीज। बाजपेयी जी, प्लीज, बाजपेयी जी प्लीज।

ekuuh; mi eq[;ea=h % इनको पूरा करने दो, इनके पास है क्या? प्राइवेट स्कूलों को प्रोटेक्शन देने के अलावा, क्या है इनके पास बताएं?

Jh fotsUnz xqIrk % अध्यक्ष जी, दूसरा मेरा ये कहना है...

ekuuh; v/;{k % भई विजेन्द्र जी, माननीय मंत्री ने जो स्टेटमैंट दिया है, उसको चैलेंज किया है कि एक भी विवाद को नहीं हटाया।

Jh fotsUnz xqIrk % मैं ये कह रह हूं, मैं ये नहीं कह रहा...

ekuuh; v/;{k % न–न, अभी वापस... अब वापस नहीं ले पायेंगे।

Jh fotsUnz xqIrk % एक मिनट, सुनिए आप।

ekuuh; v/;{k % नहीं, पहले पूरी बात करने दीजिए।

Jh fotsUnz xqIrk % आप बात ही नहीं करने देते। अजीब सी बात करते हैं।

ekuuh; v/;{k % अब आपको पीड़ा हो रही है। आपने स्टेटमैंट सदन में ये दिया है कि एक भी अभिभावक को पैसा नहीं लौटाया है।

Jh fotsUnz xqIrk % वो मेन्युलेट हुआ है स्कूलों में, मैं ये कह रहा हूं। उस पर जांच होनी चाहिए। आप बात को पूरी नहीं सुनते। हम तो कह रहे हैं, आप सूची दीजिए और उसकी जांच करवाइए। अगर एक भी अभिभावक को विद्यालयों ने पैसा दिया हो।

ekuuh; v/;{k % ऐसा नहीं है। चलिए।

Jh fotsUnz xqIrk % अध्यक्ष जी, मैं मंत्री जी की बात को नहीं, मैं ये कह रहा हूं कि जो सूची आप देंगे, उसकी जांच करवाइए। एक भी स्कूल ने... मैंने कैल्कुलेट किया है। एक बात, दूसरा, मेरा ये कहना है, मैं मंत्री जी से ये जानना चाहता हूं कि इस बात को इससे पहले भी मैंने कई बार आपके समक्ष रखा है विभिन्न माध्यमों से कि फैसला 2011 का है, केस डाला था 2009 में।

ekuuh; v/;{k % भई सप्लीमेंटरी क्वेश्चन करिए आप। ये हिस्ट्री में मत जाइए। विजेन्द्र जी, ऐसे नहीं चल पाएगा। आपका क्वेश्चन क्या है?

Jh fotsUnz xqIrk % और आज तक एक भी अभिभावक को जेन्युइनली पैसा नहीं मिला। आप इन स्कूलों के बैंक एकाउण्ट अटैच क्यों नहीं करते और अटैच करके इनसे पैसा क्यों नहीं निकालते, हम ये जानना चाहते हैं?

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % माननीय मंत्री जी खड़े हैं, समय खराब हो रहा है, चलिए।

ekuuh; mi e[;e=h % अध्यक्ष महोदय, नेता प्रतिपक्ष ने बहुत जिम्मेदारी के साथ ये बयान दिया है सदन में कि एक भी अभिभावक को पैसा नहीं लौटा है। मैं चाहता हूं, ये सदन के रिकॉर्ड में रख लिया जाए जाए और अगर सदन में इस बात की जानकारी आई कि अभिभावकों को पैसा लौटा है तो फिर नेता प्रतिपक्ष को सदन में माफी मांगनी पड़ेगी कि गलत बयानी की थी।

ekuuh; v/;{k % अरे भई, आप विजेन्द्र जी, आप परेशान क्यों हो रहे हैं? विजेन्द्र जी, बैठ जाइए अब। नहीं सिरसा जी, ये तरीका ठीक नहीं है। आप नेता विपक्ष होकर गैर–जिम्मेदाराना बात नहीं कर सकते। बैठ जाइए, बेठिए, विजेन्द्र जी, आप बैठिए प्लीज।

ekuuh; mi e[;e=h % अगर मैंने यहां...

ekuuh; v/;{k % विजेन्द्र जी, अब माननीय मंत्री जी बोल रहे हैं, आप सुन नहीं रहे हैं। आप बैठ जाइए।

ekuuh; mi e[;e=h % अध्यक्ष महोदय, प्राइवेट एक मिनट–एक मिनट...

ekuuh; v/;{k % माननीय मंत्री जी ठीक लेन पर चल रहे हैं, आप बैठिए प्लीज।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % ऋषि जी, सोमनाथ जी, बैठिए। वो घिर गए, वो स्टेटमैंट देकर घिर गए हैं।

ekuuh; mi eq[;ea=h % अध्यक्ष महोदय, प्राइवेट स्कूलों और प्राइवेट अस्पतालों से इनकी मौहब्बत जगजाहिर है। मैं बता रहा हूं पूरे देश में इन लोगों ने सरकारी स्कूल और सरकारी अस्पतालों का बेड़ा गर्क इसलिए करा।

ekuuh; v/;{k % विजेन्द्र जी, आप घिर गए हैं। बैठ जाइए आप। आपके बयान से ही घिर गए हैं आप।

ekuuh; mi eq[;ea=h % क्योंकि प्राइवेट स्कूलों और अस्पतालों को लाइन पे ला सके। जब से मैं ये बात कह रहा हूं कि मैं इस सदन के समक्ष रखूंगा क्योंकि इन्होंने सरकार पर सवाल उठाया है और सरकार इस बात को सदन के सामने रखेगी कि सरकार ने डण्डा चलाकर कोर्ट के आदेशों का अनुपालन करवाया है और पेरेंट्स को पैसा वापिस दिलवाया है। अगर पेरेंट्स को पैसा वापिस दिलवाने का सबूत मैंने यहां सरकार की ओर से रख दिया तो क्या नेता प्रतिपक्ष माफी मांगेंगे।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % ये क्या हो रहा है? विजेन्द्र जी, आप परेशान क्यों हो रहे हैं? ये क्या परेशानी है, ये कौन सा तरीका है? ये तरीका ठीक नहीं है, कोई माइक नहीं खुलेगा। नो बॉडी एलाउड हिम। आप बोल कैसे रहे हैं? आप झूठ बोल रहे हैं। वो सदन में बोल रहे हैं।

Jh fotsUnz xqIrk %xxx[2]

...(व्यवधान)

---

xxx[2] अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार चिन्हित अंश सदन की कार्रवाई से निकाला गया।

ekuuh; v/;{k % विजेन्द्र गुप्ता जी ने अब जो भी शब्द बोले हैं, वो कार्यवाही से निकाल दिए जाएं। वो xxx शब्द बोला है, कार्रवाई से निकाला जाए। विजेन्द्र जी, ये कोई तरीका है ये? नहीं, ये क्या तरीका है? आप झूठ बोल रहे हैं। वो क्या कह रहे हैं?

ekuuh; mi eq[;ea=h % आपने सरकार पर तोहमत लगाई है। अरे! हम सब कुछ करेंगे, हम आपकी भी करवा देंगे। आप चिंता मत करो।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % बाकी माननीय सदस्य बैठें प्लीज। लाइन पर चल रहा है मामला। आप बैठिए प्लीज। नहीं, बैठिए।

ekuuh; mi eq[;ea=h % आपके और आपके नेताओं के जितने स्कूल हैं, उनके खानदान के एकाउण्ट अटैच करवा देंगे, चिंता मत करो। एकाउण्ट तो अटैच करवा देंगे।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % बैठिए—बैठिए। सिरसा जी, ये ठीक नहीं है।

ekuuh; mi eq[;ea=h % आपकी पार्टी के और आपके मौसेरे भाइयों की पार्टी के जितने भी नेताओं के एकाउण्ट हैं, सबको फ्रीज करवा देंगे, चिंता मत करो। लेकिन सिर्फ ये बताओ, आपने ये कहा कि एक भी पेरेंट को पैसा वापिस नहीं दिया गया, अगर मैंने सबूत लाकर रख दिया कि पेरेंट्स को पैसा वापिस मिला तो सदन में झूठ बोलने के आरोप में आप माफी मांगेंगे कि नहीं मांगेंगे, ये बताइए?

ekuuh; v/;{k % आप बैठिए अभी, अभी लिस्ट आ जाएगी।

...(व्यवधान)

ekuuh; mi eq[;ea=h % 68 करोड़ रुपया वापस दिलवाया गया है।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % आप बैठिए। मैं इसको खत्म कर रहा हूं। प्रश्न संख्या–एक हो गया ठीक है। प्रश्न संख्या–तीन, सुरेन्द्र जी। भई, अब बैठ जाइए।

Jh lqjsUnz flag % माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री जी से क्वेश्चन नं.–तीन का आन्सर जानना चाहता हूं:

(क) दिल्ली कन्टूनमैंट विधानसभा के धौला कुआं क्षेत्र झुग्गी वासियों को बिजली आपूर्ति कब तक कर दी जाएगी;

(ख) क्या यह सत्य है कि ये झुग्गियां पीडब्ल्यडी की भूमि पर स्थित हैं;

(ग) यदि हां, तो इसका पूर्ण विवरण क्या है;

(घ) क्या धौला कुँआ, रिंग रोड पर इन झुग्गियों के पास 11000 केवी का कोई ट्रांसफार्मर स्थित है;

(ङ) क्या झुग्गियों को पास में स्थित ट्रांसफार्मर्स से बिजली उपलब्ध कराने का कोई प्रावधान है; और

(च) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है?

ekuuh; v/;{k % मंत्री जी।

ekuuh; Åtk e=h ¼Jh lR;Un tu½ % अध्यक्ष महोदय, प्रश्न संख्या–तीन का उत्तर इस प्रकार है।

(क) से (च) तक यह क्षेत्र दिल्ली छावनी बोर्ड से संबंधित है जो भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन है और दिल्ली सरकार के नहीं आता है;

यहां पर बिजली की आपूर्ति मिनिटरी इंजीनियरिंग सविसेज (एमईएस) द्वारा की जाती है जो कि दिल्ली कन्टूनमैंट बोर्ड के नियंत्रण में है;

यह प्रश्न (एमईएस) को भेजा गया था और उन्होंने प्रस्तुत किया है वर्तमान में वे इन जेजे क्लस्टर को बिजली आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं होंगे और उन्हें इसके लिए रक्षा मंत्रालय की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

ट्रांसफॉर्मर के संबंध में उन्होंने यह भी बताया है कि ट्रांसफॉर्मर इस क्षेत्र में मौजूद है लेकिन उन्हे अधिकृत लोड की आपूर्ति के लिए डिजाइन किया गया है और उनके पास अतिरिक्त लोड की कोई क्षमता नहीं है।

एमईएस से प्राप्त उत्तर की प्रति संलग्नक के रूप में संलग्न है।

lyXud d

Tele: 25691966

SPEED POST
Garrison Engineer (Utility)
Elect Supply
Delhi Cantt-10

4100/EC/ 16/E4

01 Jun2018

Govt. of National Capital Territory of Delhi
(Department of Power)
Delhi Secretariat 8th Level, B-Wing,
I.P. Estate New Delhi-110002

ISSUE OF NEW ELECTRICITY CONNECTION TO JUGGI JHOPDI ADJOINING CANTONMENT AREA

1. Reference your letter No. F.I 1{85)/2016/Power/LS&RS/1460 dt 30.05.2018.

2. Parawise replies as asked in above ref ietter are as under:-

Para 3(a):	At present MES can not provide any electric supply to Juggi Jhopdi as mentioned in above cited letter. Necessary approval of MoD is required.
Para 3(b):	Not applicable.
Para 3(c):	Not applicable.
Para 3(d):	Yes, But only designed for authorized load and have no capacity for additional load.
Para 3(e):	No, There is no provision
Para 3(f):	Not Applicable.

(Ariz Ahmed, IDSE)

EE

Garrison Engineer

ekuuh; v/;{k % हां सुरेन्द्र जी, सप्लीमेंटरी।

Jh lqjsUnz flag % अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि रक्षा मंत्री के वहां से जो जवाब आया है, एमईएस के माध्यम से जो जवाब आया है, वो झुग्गी कलस्टर डिफेंस के एरिया में पड़ते हैं, बरार के झुग्गी कलस्टर हैं और किर्बी प्लेस झुग्गी कलस्टर है। साथ में वहां केन्द्रीय विद्यालय के पास 5–10 घर हैं, उनमें भी बिजली की मैं लगातार गुहार लगा रहा हूं पिछले 4 साल से। तो वहां पर बिजली दी गई है लगभग 9 रुपये 45 पैसे पर रीडिंग के हिसाब से उन घरों को। जो ये झुग्गी कलस्टर का मैंने मुद्दा रखा है, ये बिल्कुल प्रॉपर जो धौला कुँआ का सर्कल है, उसके बीच में ये झुग्गी कलस्टर आता है। जो कि दिल्ली कैंट बोर्ड का जो आफिस है।

ekuuh; v/;{k % सुरेन्द्र जी क्वेश्चन बनाइए, क्वेश्चन करें, प्लीज।

ekuuh; ÅtkZ ea=h ¼Jh lR;sUnz tSu½ % एक बार प्रॉपर पूरा बता देता हूं। जो छावनी परिषद का क्षेत्र है, वो धौला कुँआ पार्ट–दो जो चौकी बनी हुई है, वहीं पे खत्म हो जाता है। उसके बाद एनडीएमसी का क्षेत्र शुरू हो जाता है जो रोड के इस तरफ जो आर्मी का भी कैंप है, वो भी एनडीएमसी के अंदर आता है और उसमें एनडीएमसी वहां पे बिजली सप्लाई करती है। ये जो प्वाइंट है, ये पीडब्ल्युडी की लैंड के ऊपर ये झुग्गियां हैं। धौला कुँआ के बीच रिंग रोड के बीचों–बीच ये झुग्गी बनी हुई है और दूसरा, वहां पर जो है, पीडब्ल्यू का ट्रांसफार्मर वगैरह लगे हुए हैं, पॉवर हाउस जो बिजली, रोड लाइट में सप्लाई करती है, वो है। तो ये एमईएस का मुद्दा नहीं है।

मैं माननीय मंत्री जी से इसका जो है, पीडब्ल्युडी और जो है ना, ऊर्जा विभाग का वो है, इसका एमईएस का यहां पर कोई लेना–देना नहीं है।

ekuuh; v/;{k % कौन सी झुग्गी बस्ती है, झुग्गी बस्ती का नाम क्या है इसका?

Jh lqjsUnz flag % धौला कुंआ, झुग्गी बस्ती।

ekuuh; Åtkz ea=h % मैं बता देता हूं। जो ये जमीन है, ये बिल्कुल ठीक कह रहे हैं एमएलए साहब। जमीन ये लोक निर्माण विभाग की है और 46 से 50 झुग्गियां शायद यहां पर हैं। परन्तु इसमें जो बिजली का जो प्रोविजन करना है, वो पीडब्ल्यूडी को नहीं करना होता है। बिजली का प्रोविजन जो है... क्योंकि ये कंटून्मैंट बोर्ड के अंदर ही आता है तो इसके अनुसार उनको नहीं करना है।

ekuuh; v/;{k % नहीं, उनका क्वेश्चन ये है कि वो जगह पीडब्ल्यूडी की है। लैंड अगर पीडब्ल्यूडी की है, झुग्गियां उस पर बस गई हैं। उनमें बिजली कौन सप्लाई करेगा।

ekuuh; Åtkz ea=h % देखिए, बिजली का प्रोविजन ऐसे तो दिल्ली के अंदर ना रेवेन्यू की लैंड के ऊपर भी झुग्गियां बनी है। अलग–अलग डिपार्टमैंट में बनी हुई है तो डिपार्टमैंट कभी भी बिजली का प्रोविजन कहीं नहीं करता है।

Jh lqjsUnz flag % अध्यक्ष जी, मैं बताना चाहता हूं कि वो जो झुग्गी क्लस्टर है। वहां पे जो है, उन लोगों ने बिजली के तार वहां पे लगाए। पीडब्ल्यूडी की बिजली में लगाए या किसकी में लगाए पर तो ट्रेड के जो

बिल दिए गए, चोरी के जो वहां बिल दिए गए हैं, वो बीएसईएस ने वहां पर बिल दिए हैं। चोरी की उन लोगों के ऊपर जो पेनल्टी लगाई है, अगर वो एमईएस का क्षेत्र है और वहां पर बीएसईएस का कोई लेना देना नहीं बनता तो चोरी के वहां बिल झुग्गी वालों को वो लोग कैसे दे के आ गए, मैं ये जानना चाहता हूं?

ekuuh; v/;{k % बिल लाए हैं कोई?

Jh lqjsUnz flag % बिल आए हैं।

ekuuh; ÅtkZ ea=h % माननीय अध्यक्ष महोदय, इस क्षेत्र में बिजली के कोई मीटर नहीं लगाए गए हैं। मीटर तो नहीं लगे है ना?

Jh lqjsUnz flag % मीटर नहीं है।

ekuuh; ÅtkZ ea=h % कोई मीटर नहीं लगाए गए हैं और जैसे एमएलए साहब ने बताया, इसकी जांच कराई जाएगी कि भई किसने भेजे हैं क्योंकि कोई मीटर लगाए नहीं गए तो इका पता नहीं है। चोरी वो कहां से करके लाए हैं और ये ऐसा इन्होंने कहा है कि किसी जगह से वो मीटर तार लगा के ले आए। जिसकी चोरी करी है तो उसने बिल भेजे होंगे तो पता किया जाएगा; किसने चोरी की है।

Jh lqjsUnz flag % तो इसपे मैं ये ही बोलना चाह रहा था जो विजेन्द्र गुप्ता जी अभी बिल दिखा रहे थे।

ekuuh; v/;{k % भई, हो गया।

Jh lqjsUnz flag % भारत सरकार तो बिजली लगाने नहीं दे रही है, वो तो बिल दिखा रहे थे। कितना बड़ा दुर्भाग्य है मेरी विधान सभा

का... 10 रुपये यूनिट के हिसाब से गरीबों को बिजली बेची जा रही है और मैं यहां बार–बार अनुरोध कर रहा हूं कि दिल्ली सरकार जिस तरह से बिजली के कम–से–कम बिल सब्सिडी से दे रही है, उस माध्मय से हमारे वहां बिजली लगाई जाए एक खाली एनओसी के लिए भी माननीय मंत्री जी ने कोशिश की है।

ekuuh; v/;{k % बैठिए बैठिए। प्रश्न संख्या–चार, जरनैल जी।

Jh tjuly flg % माननीय समाज कल्याण मंत्री महोदय प्रश्न संख्या–चार का जवाब देने की कृपा करें।

क्या माननीय lekt dY;k.k e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अनु.जाति/जन.ज./अ.पि.व. के विद्यार्थियों के कल्याण के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विवरण क्या है;

(ख) ट्यूशन फीस के भुगतान हेतु वर्ष 2015–16, 2016–17 व 2017–18 में प्राप्त हुए आवेदनों का विवरण क्या है;

(ग) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2015–16 में प्राप्त आवेदनों का भुगतान अभी तक लंबित है;

(घ) इस मामले में हुई देरी के क्या कारण हैं; और

(ङ) इन योजनाओं का शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

ekuuh; lekt dY;k.k e=h % अध्यक्ष महोदय, प्रश्न संख्या–चार का उत्तर प्रस्तुत है:

(क) अनु.जाति/जन.ज./अ.पि.व. के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं का पूरा विवरण अनुलग्नक 'क' में वर्णित है;

उपरोक्त छात्रवृत्ति योजनाओं के अतिरिक्त विद्यार्थियों के कल्याण हेतु विभाग द्वारा निम्न योजनाओं का कार्यान्वित भी किया जा रहा है:

1. जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजनाः इस योजना के तहत दिल्ली में अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित पात्रताधारी विद्यार्थियों को दिल्ली सरकार यू.पी.एस.सी./एस.एस.सी. इत्यादि द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों द्वारा कोचिंग उपलब्ध करा रही है;

2. एक आवासीय विद्यालय कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस (केआईएसएस), जो कि कलिंगा इंस्टीट्यूट आूफ सोशल सांइसेस (केआईटीटी), भुवनेश्वर एवं दिल्ली सरकार के संयुक्त उद्यम में एमओयू के तहत चलाया जा रहा है। इनमें रहने वाले छात्र छात्राओं को शिक्षा, आवास, खाना, यूनिफार्म, लेखन सामग्री, किताबें तथा प्राथमिक उपचार की सुविधाएं निशुल्क दी जाती हैं;

3. विभाग द्वारा अनु.जाति/जन.ज./अ.पि.व. के विद्यार्थियों के लिए दिलशाद गार्डन में दो होस्टलों का संचालन किया जा रहा है जिनमें 160 विद्यार्थी (छात्र–100 व छात्रा–60) लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें रहने वाले छात्र छात्राओं को आवास एवं खाने–पीने की सुविधाएं निशुल्क दी जाती हैं;

4. यह विभाग, डीएसएफडीसी (DSFDC) के माध्यम से अनु.जाति/जन.ज./अ.पि.व. तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है;

(ख) ट्यूशन फीस के भुगतान हेतु वर्ष 2015–16 में 32.717, वर्ष 2016–17 में 25,174 और 2017–18 में कुल 26,399 आवेदन प्राप्त हुए।

(ग) जी हां।

(घ) आवेदकों द्वारा वांछित दस्तावेजों को जमा नहीं करना।

(ङ) आवेदकों को वांछित दस्तावेज जमा करने के लिए पत्र और संदेश भी भेजे जा चुके हैं। उन्हें दस्तावेज जमा कराने का अंतिम अवसर 25 जून, 2018 तक देने का निर्णय किया गया है।

vuyXud ^d**

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों (कक्षा 1 से 12) को स्टेशनरी (लेखन सामग्री) खरीदने के लिए वित्तीय सहायता:–

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
(1 कक्षा से 8 तक)	रु. 1000/– प्रति वर्ष	रु 2,00,000/– वार्षिक	स्व घोषित
(कक्षा 9 से 12 तक)	रु. 2000/– प्रति वर्ष		
दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पब्लिक स्कूल/दिल्ली सरकार स्कूल/दिल्ली सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूल/केन्द्रीय विद्यालय/एनडीएमसी/दिल्ली छावनी बोर्ड/दिल्ली नगर निगम परिषद			

2. अनुसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों (कक्षा 1 से 12) को छात्रवृत्ति/योग्यता छात्रवृत्तिः–

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
(1 कक्षा से 12 कक्षा तक) दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पब्लिक स्कूल/दिल्ली सरकार स्कूल/दिल्ली सरकार द्वारा सहायता प्राप्त	(i) अ.ज./अ.जन./अल्पसंख्यक 1 से 8 कक्षा रु. 1000/– प्रति वर्ष (अंक % की कोई सीमा नहीं)	अनुसूचित जाति/जनजाति कोई आय सीमा नहीं अन्य पिछड़ा वर्ग/	स्व घोषित (केवल अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक समुदाय)

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
स्कूल/केंद्रीय विद्यालय/एनडीएमसी/ दिल्ली छावनी बोर्ड/दिल्ली नगर निगम परिषद	(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग (6 से 8) के लिए:– 55 से 60% अंक पिछली कक्षा 600/– प्रति वर्ष 60% से ऊपर अंक पिछली कक्षा रु. 720/– प्रति वर्ष उपर्युक्त (i) और (ii) के दावों के लिए 9 से 10 कक्षा:– रु. 1620/– प्रति वर्ष (55% से 60% अंक पिछली कक्षा) रु. 2040/– प्रति वर्ष (60% से ऊपर अंक पिछली कक्षा) 11 से 12 कक्षा:– रु. 3000/– प्रति वर्ष (55% से 70% अंक पिछली कक्षा) रु. 4500/– प्रति वर्ष (70% से ऊपर अंक पिछली कक्षा)	अल्पसंख्यक रु 2,00,000/– वार्षिक	

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों ट्यूशन फीस की अदायगीः–

कक्षाएं	ट्यूशन फीस अदाएगी	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
(1 कक्षा से 12 कक्षा तक) दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पब्लिक स्कूलः–	60,000/– तक वार्षिक आय के लिए 100	रु. 2,00,000/– वार्षिक	राजस्व विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा जारी
पिछली कक्षा में (6 से 12) के लिए न्यूनतम 50% अंक और 80% उपस्थिति			

4. कॉलेज और व्यावसायिक संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों को योग्यता छात्रवृत्तिः–

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाण पत्र
(कॉलेज/तकनीकी/व्यावसायिक संस्थान)	(i) हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के लिए रु. 9,468/– से 22,320/– प्रति वर्ष	(i) अनुसूचित जाति/जनजाति कोई आय सीमा नहीं	राजस्व विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा जारी
पिछले परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक	(ii) गैर हॉस्टल (डे स्कॉलर) छात्रों के लिए रु. 5,040/– से रु. 11,520/– प्रति वर्ष (कोर्स के आधार पर)	(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक रु. 2,00,000/– वार्षिक	

5. डॉ. बी. आर. अम्बेडकर टापर्स पुरस्कार

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
टापर्स छात्रों की सूची सूचीबद्ध शिक्षण संस्थान से मांगी जाती है।	8000 रुपये प्रति कोर्स	कोई आय सीमा नहीं	लागू नहीं होता है।

dUn&ik;kftr dk;Øe ¼lkekftd U;k; vkj vf/kdkfjrk e=ky;] Hkkjr ljdkj½

1. अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजनाः–

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
(कक्षा 11, 12 एवं उच्च शिक्षा)	अनुरक्षण भत्ता होस्टल रु. 260/– से रु. 750/– प्रति माह गैर हॉस्टल (डे स्कॉलर) रु. 160/– से रु. 350/– प्रति माह अन्य भत्ते तथा शुल्क, योजना के अनुसार	अन्य पिछड़ा वर्ग रु. 1,00,000/– वार्षिक	राजस्व विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा जारी

2. अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों के लिए प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप योजनाः–

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
(कक्षा 1 से 10)	होस्टलर (3 से 10)	रु. 2,50,000/– वार्षिक	स्व घोषित

दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पब्लिक स्कूल/दिल्ली सरकार स्कूल/दिल्ली सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूल/केंद्रीय विद्यालय/एनडीएमसी/दिल्ली छावनी बोर्ड/दिल्ली नगर निगम परिषद	रु. 500/– प्रति माह (दस महीनों के लिए) गैर हॉस्टल (डे स्कॉलर) (1 से 12):– रु. 100/– प्रति माह (दस महीनों के लिए) (पिछली कक्षा में न्यूनतम उपस्थिति 60% से अधिक)

3. अनुसूचित जाति विद्यार्थियों के लिए प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप योजनाः–

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
कक्षा 9 और 10	डे स्कॉलर रु. 225/– प्रति माह 10 महीनों के लिए और बुक और एडहॉक अनुदान प्रति वर्ष रु. 750/– होस्टलर रु. 525/– प्रति माह 10 महीने और बुक और एडहॉक अनुदान प्रति वर्ष रु. 1000/–	रु. 2,50,000/– वार्षिक	स्व घोषित

4. अनुसूचित जाति विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजनाः—

कक्षाएं	छात्रवृत्ति	आय सीमा	आय प्रमाणपत्र
(कक्षा 11, 12 एवं उच्च शिक्षा)	अनुरक्षण भत्ता होस्टलर रु. 380/— से रु. 1200/— प्रति माह डे स्कॉलर रु. 230/— से रु. 550/— प्रति माह अन्य भत्ते तथा शुल्क, योजना के अनुसार	अनुसूचित जाति रु. 2,50,000/— वार्षिक	राजस्व विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा जारी

(विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.scstwelfare.delhigovt.nic.in देखें।)

Jh tjuSy flag % सप्लीमेन्टरी, अध्यक्ष जी।

ekuuh; v/;{k % हां।

Jh tjuSy flag % अध्यक्ष जी, मेरा कन्सर्न ये है कि जैसे मेरा विधान सभा क्षेत्र भी है, बड़ी संख्या में माइनोरिटी कम्युनिटी रहती है वहां पर और आंकड़ें भी कुछ वैसा ही बता रहे हैं कि 2015–16 में 32,717 आवेदन थे। ऐसा नहीं है कि लोग बहुत ज्यादा वेलअप हो गए हैं पिछले 3–4 सालों में... 10 लाख के आस–पास ऐसे परिवार हैं जो गरीब लोग हैं, जिनको इस स्कीम का लाभ मिलना चाहिए पर आवेदन ही सिर्फ 32,717 आए और वो भी तीन साल में साल दर साल घट के कभी 26,399 हो चुके हैं और जो रीजन है, मैंने पूछा है कि इस मामले में देरी के क्या कारण हैं तो विभाग द्वारा बताया गया है कि आवेदकों द्वारा वांछित दस्तावेजों को जमा नहीं करना। ऐसा नहीं है अध्यक्ष जी, इसके अलावा भी बहुत सारे कारण हैं और 2015–16 की फीसेज अभी तक नहीं आई। लोगों को ये लगता है शायद फीस आनी ही नहीं है या लोगों का...

ekuuh; v/;{k % नहीं क्वेश्चन क्या है इसमें?

Jh tjuSy flag % क्वेश्चन ये था अध्यक्ष जी, माइनॉरिटीज को जो रिफंड मिलता है, ट्यूशन फीस का वो स्कीम पूरी तरह से जमीन पर पहुंच नहीं पा रही। 10 लाख के आस–पास परिवार हैं, लगभग 26 हजार परिवारों ने आवेदन किया है तो वो स्कीम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे, इस तरीके की व्यवस्था होनी चाहिए और जिन लोगों के आवेदन हुए पड़े हैं, उनमें से बड़ी संख्या में पेडिंग पड़ा है, विभाग स्वीकार कर रहा है पर उसका समाधान कोई नजर नहीं आ रहा। उसके लिए कुछ मतलब बनती कार्रवाई की जाए।

ekuuh; v/;{k % माननीय मंत्री जी।

ekuuh; lekt dY;k.k ea=h % जहां तक माननीय सदस्य ने कहा कि केवल इस बार 26,399 आवेदन आए, तो मैं सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित करना चाहता हूं कि जब पहले ये एड निकला, इसमें 31 जनवरी लास्ट डेट थी। 31 जनवरी तक भी सब लोगों ने जमा नहीं किए एप्लीकेशंस। ये डिमांड आई कि डेट को बढ़ाया जाए तो हमने एक महीना बढ़ा के 28 फरवरी डेट कर दी। 28 फरवरी करने के बाद भी एप्लीकेशंस.... फिर ये पता लगा कि अभी कुछ लोग रह गए हैं, फिर से डेट बढ़ाई जाए। फिर हमने दोबारा से एड निकाला अखबार में और हमने डेट बढ़ा के 31 मार्च कर दी। 31 मार्च करने के बाद भी फिर भी कुछ रिक्वेस्ट इस तरह की आई तो हमने अप्रैल की 10 तारीख की तो बार–बार अखबार में एंड निकालने के बाद भी बार–बार अवसर देने के बावजूद अगर एप्लीकेशंस लोग नहीं कर रहे हैं तो उसके लिए तो सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि अगर उनको लगता है, इतनी ज्यादा संख्या है तो वो लोगों को इसकी जानकारी दें कि लोग अप्लाई करें, ऑन लाइन अप्लाई करने की सुविधा दी गई है। लोग नहीं करेंगे तो फिर उसमें तो फिर गवर्नमैंट उसके लिए दोषी नहीं सकती।

ekuuh; v/;{k % नहीं, इनका दूसरा भी था सप्लीमेन्टरी।

Jh tjuly flg % मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं अध्यक्ष जी, अगर 2015–16 से रिएम्बर्समैंट पेंडिंग पड़ी है तो वो लगता है शायद आना ही नहीं है इसलिए लोग डेमोटिवेट होते हैं आगे अप्लाई करने के लिए। तो पिछली पेंडेंसी खत्म की जाए और आगे से और ऑप्शंस भी दी जाए मेरे

ख्याल खाली ऑन लाइन ऑप्शन है, इसकी ऑफ लाइन ऑप्शन भी शुरू की जाए और...

ekuuh; lekt dY;k.k e=h % ये जो कुछ लोगों की नहीं आई थी, उनके खुद के डाक्युमैंट कम्प्लीट नहीं थे। अगर देखा जाए तो वो बंद हो चुकी थी। लेकिन सरकार ने अपनी जिम्मेदारी समझी और फिर से मौका दिया है और 25 तारीख लास्ट डेट रखी है कि कम–से–कम अभी भी यहां आप अपने पेपर पूरे दे दें जो रिक्विजिट डाक्युमैंट उनके रह गए हैं। तो हम अभी भी उनको उनका पैसा देना चाहते हैं।

ekuuh; v/;{k % 25 इसी महीने की?

ekuuh; lekt dY;k.k e=h % तो अगर ऐसे केसिज हैं...

ekuuh; v/;{k % 25 जून लास्ट डेट है।

ekuuh; lekt dY;k.k e=h % 25 जून दी हुई है अखबार में, ऐड बहुत काफी बड़ा एड परसों के अखबार में आया है।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % नहीं, अब नहीं दो से ज्यादा नहीं। जगदीप जी प्लीज।

Jh txnhi flg % मैं छोटी सी बात मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि पिछला पेंडेंसी काफी बहुत बड़ी पड़ी हुई है, उसका एक टाइम बाउंड कर दिया जाए कि उनकी फीस वापस कर दी जाए जैसे कि जरनैल ने बताया कि लोगों का विश्वास उठ गया है तो लोग अभी ऐसी स्कीमों में अप्लाई

ही नहीं कर पा रहे। तो एक बारी जितने भी ऑफिसर्स हैं, उनको बुला के आप संज्ञान लें कि किस–किस ईयर में कितनी कितनी फीसें जो वापिस जानी हैं, उसका पूरा ब्यौरा बना के आप उसको टाइम बाउंड करें कि वो टाइमली आ जाए ताकि वो गरीब लोग हैं, उनको बहुत इस पैसे की जरूरत है।

ekuuh; lekt dY;k.k e=h % मैं छोटी सी बात मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जो पिछला पेंडेंसी काफी बहुत बड़ी पड़ी हुई है, उसका एक टाइम बाउंड कर दिया जाए कि उनकी फीस वापस कर दी जाए जैसे कि जरनैल ने बताया कि लोगों का विश्वास उठ गया है तो लोग अभी ऐसी स्कीमों में अप्लाई ही नहीं कर पा रहे। तो एक बारी जितने भी ऑफिसर्स हैं, उनको बुला के आप संज्ञान लें कि किस किस ईयर में कितनी कितनी फीसे जो वापिस जानी हैं, उसका पूरा ब्यौरा बना के आप उसको टाइम बाउंड करें कि वो टाइमली आ जाए ताकि वो गरीब लोग हैं, उनको बहुत इस पैसे की जरूरत है।

ekuuh; lekt dY;k.k e=h % मैं एक एडिशनल जानकारी दे दूं, वर्ष 2014–15 में टोटल 3410 केसिज और 2015–16 में 4447 केसिज... हमने करीब छः लाख स्कॉलरशिप क्लीयर की हैं। ढूंढ़–ढूंढ के लोगों को चिट्ठियां भेज के एसएमएस भेज के लोगों को बुलाया कि आप पेपर कम्प्लीट करें तो इतना बड़ा काम... एडिशनल वर्क फोर्स लगाई। हमारे एडिशनल हमारे पास आप जान के ताज्जुब करेंगे, हमारे पूरे डिपार्टमेंट की हालत इतनी खराब है कि हम 50 परसेंट से भी कम स्टॉफ पे अपना काम कर रहे हैं और हमने दूसरे डिपार्टमैंट से स्टॉफ ले के हायर करके पिछले छः लाख के आस–पास केसिज को हमने शॉर्ट आउट किया। तो मैं माननीय सदस्यों

से निवेदन करूंगा कि अगर कोई ऐसे केसिज हैं चूंकि अब ये संख्या बहुत ज्यादा नहीं रह गई है। ये संख्या केवल आठ हजार के आस–पास है तो अगर ऐसे केसिज उनके कोई संज्ञान में आते हैं तो उनको भेजिए, वो अपने पेपर 25 जून तक पूरे कर दें ताकि हम उनको क्लीयर कर दें और आगे के लिए मैं सम्मानित सदस्यों को सूचना देना चाहता हूं।

ekuuh; v/;{k % आप पर्सनली मिल लीजिएगा... कुल गो उसमें।

ekuuh; lekt dY;k.k e=h % हम ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि अगले साल से जितने भी एप्लीकेशन आएंगी, हम अप्रैल तक उनको पैसा दे दिया करेंगे और लेकिन सब लोग उसमें कोऑपरेट करें कि जिनको जानकारी नहीं है, हम अखबार में तो छाप देते हैं और बड़े बड़े एड भी लगा देते हैं, उसके बाद भी कुछ लोग ऐसे हैं जो एड या अखबार नहीं पढ़ते तो अगर उनकी खुद की नोटिस में ऐसे लोग हैं तो वो लोग अप्लाई करें, थैंक्यू।

ekuuh; v/;{k % चलिए।

Jh tjuSy flag % अध्यक्ष जी, मंत्री जी से छोटा सा निवेदन है कि कुछ लोगों को मिल भी रही है पर इसमें बहुत ज्यादा...

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % सप्लीमेंटरी हो गया ना? और आपने पूछना है? नहीं, चलिए।

...(व्यवधान)

Jh tjuSy flag % इसमें थोड़ा सा संशोधन करना पड़ेगा।

ekuuh; v/;{k % सिरसा जी, एक सप्लीमेंटरी... एक सप्लीमेंट, श्री मनजिंदर सिंह सिरसा पूछेंगे?

ekuuh; lekt dY;k.k ea=h % ठीक है, एक मीटिंग कर लेते हैं।

ekuuh; v/;{k % सिरसा जी, एक सप्लीमेंटरी पूछना चाह रहे हैं।

Jh eufltanj flag fljlk % अध्यक्ष जी, मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरा तो मंत्री जी से ये निवेदन है, जो आपने ये फीगर बताई 25174 और 26399। मुझे लगता है कि ये कहीं न कहीं, थोड़ी सी इसमें गलती है जैसे आपने अभी भी कहा कि मेरे ख्याल से काफी हजारों लोगों की एप्लीकेशन आई हुई हैं या तो खाली एससी, एसटी के है और माइनॉरिटी भी इसी के अन्दर आता है। क्योंकि मुझे लगता है कि इसमें कोई कन्फ्यूजन रह गयी। लोगों को ज्यादा मिला। लेकिन एक मैं अध्यक्ष जी, सप्लीमेन्टरी के तौर पर भी कहना चाहता हूं कि अगर हम इसको जैसे आपने माइनॉरिटी का और एससी के लिए आप अगर डिस्ट्रिक्टवाइज इसको अगर आप एप्लीकेशन लेनी... रिसीव करें तो क्योंकि हम ये काम कर रहे हैं। माइनॉरिटी सेल हमने अपना बना रखा है और तकरीबन 30–40 हजार एप्लीकेशन हम ही हर साल लेके आते हैं तो ये सही है कि आपके पास स्टॉफ की कमी है। ये हमने भी नोटिस किया है। हम अपने आदमी भी आपको दे रहे हैं। लेकिन ये मेरी आपसे वितनी है कि पिछला... अगर हम इसको क्लीयर नहीं कर पाएंगे तो ये बच्चों का साल दर साल बढ़ता जा रहा है। अब 2016 का अगर पेन्डिंग है तो स्वाभाविक तौर पर जब हम उनको कहते हैं; अपना

सर्टिफिकेट बनवाओ, अपना इन्कम सर्टिफिकेट बनवाओ तो मानने को तैयार नहीं होते। अगर आप इसको जल्दी क्लीयर करके दे दें कि हमें 2018 तक के सारे केसेज क्लीयर कर लिए तो आगे बच्चे और मां–बाप और ज्यादा से ज्यादा एप्लाइ करेंगे, धन्यवाद।

...(व्यवधान)

ekuuh; v/;{k % नहीं, अब इस पर और नहीं। बहुत सप्लीमेन्टरी... प्लीज, ये रह जाएगा। 15 मिनट रह गये हैं।

Jh lnhi dekj % अध्यक्ष महोदय, अभी हमने सरकार ने एक 'जय भीम प्रतिभा योजना' मंत्री जी ने बताया, बड़ा जोर–शोर से वो लांच की थी लेकिन उसमें शिकायत ये आ रही है कि दलितों में भी एक विशेष वर्ग की जाति के बच्चों को फायदा पहुंचाया जा रहा है और ये नहीं पता लग रहा है बच्चों को कि इसके पैरामीटर्स क्या हैं और ये कौन–कौन से इंस्टीट्यूट में हैं। बहुत ज्यादा मतलब अनभिज्ञता है लोग इससे... और एक दूसरी बात और शिक्षा मंत्री जी यहां पर बैठे हैं। सर, मैं एक बात पूछना चाहता हूं मनीष जी से।

ekuuh; v/;{k % नहीं–नहीं भाई, मनीष जी का कोई क्वेश्चन नहीं है। नहीं, बैठिए। मैं एलाउ नहीं कर रहा हूं।

Jh lnhi dekj % नहीं सर, एससी, एसटी से रिलेटेड है।

ekuuh; v/;{k % उनसे रिलेटेड नहीं है। राजेन्द्र जी का क्वेश्चन है तो है। तो बात करिए।

Jh lanhi dqekj % हम गौतम जी से ही पूछ लेते हैं। हमारे मुख्यमंत्री जी ने कहा था एक बार जब अम्बेडकर जयन्ती मनाई थी बीजेपी वालों ने तो तुम सावरकर को पढ़ाओ, हम अम्बेडकर को पढ़ाएंगे। मुझे ये बता देंगे, कौन से स्कूल में अम्बेडकर पढ़ाया जा रहा है? हम भी अपने बच्चों को वहां भेज देंगे। तो ये चीजें थोड़ा सा इम्प्लीमैण्ट भी होना चाहिए।

ekuuh; v/;{k % ठीक है। चलिए, बैठिए। प्रश्न संख्या पांच, श्री महेन्द्र गोयल जी।

Jh egsUnz xks;y % आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपकी अनुमति से प्रश्न संख्या–पांच निम्नानुसार प्रस्तुत हैः–

क्या माननीय **fodkl ea=h** यह बताने की कृपा करेंगेः

(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड का रिठाला गांव में विकास कार्यों का कोई प्रस्ताव है;

(ख) इन कार्यों के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड द्वारा कार्यों के क्रियान्वयन की पूर्ण प्रक्रिया का विवरण क्या है;

(घ) रिठाला गांव में इन कार्यों के क्रियान्वयन में देरी के क्या कारण हैं;

(ङ) पिछले तीन वर्षों में दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड को कितना बजट आबंटित किया गया है;

(v) लोक स्थान में अभित्यक्त पाये गए किसी नवजात शिशु की बाबत, ग्राम की दशा में ग्रामणी या ग्राम का अन्य तत्स्थानी अधिकारी और

अन्यत्र स्थानीय पुलिस थाने का भारसाधक ऑफिसर सूचना संबंधित रजिस्ट्रार को जन्म रिपोर्टिंग फॉर्म संख्या 1 में प्रदान करे। परन्तु कोई व्यक्ति जो ऐसे शिशु को पाता है या जिसके भारसाधक में ऐसा शिशु रखा जाए, वह उस तथ्य को उस ग्रामीण या पूर्वोक्त अधिकारियों को सूचित करेगा।

(vi) किसी बागान में जन्म की दशा में उस बागान का अधीक्षक संबंधित रजिस्ट्रार को सूचना जन्म रिपोर्टिंग फॉर्म संख्या 1 में प्रदान करे।

(ब) जन्म का विलम्बित रजिस्ट्रीकरण—

(i) ऐसे किसी जन्म का रजिस्ट्रीकरण जिसकी सूचना तदर्थ विनिर्दिष्ट अवधि (21 दिन) की समाप्ति के पश्चात् किन्तु उसके होने के 30 दिन के भीतर रजिस्ट्रार को दी जाये, वह 2 रुपये की विलम्ब फीस दिये जाने पर रजिस्ट्रीकृत की जायेगी।

(ii) ऐसे किसी जन्म का रजिस्ट्रीकरण जिसकी सूचना रजिस्ट्रार को उसके होने के 30 दिन के पश्चात् परन्तु एक वर्ष के भीतर दी जाती है, वह विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा से और विहित फीस (5 रुपये) दिये जाने तथा नोटरी पब्लिक या राज्य सरकार द्वारा इस निमित प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी के समक्ष शपथित शपथ—पत्र के पेश किये जाने पर ही रजिस्ट्रीकृत की जायेगी।

(iii) यदि किसी जन्म का उसके होने के एक वर्श के भीतर रजिस्ट्रीकरण नहीं कराया जाता है तो प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट या प्रेसिडेंसी

मजिस्ट्रेट के आदेश पर और 10 रुपये की विलम्ब फीस दी जाने पर ही उसका रजिस्ट्रीकरण किया जायेगा।

(ग) दक्षिणी दिल्ली नगर निगम से प्राप्त सूचना के अनुसार इन दस्तावेजों का सत्यापन क्षेत्रीय पंजीकार द्वारा किया जाता है।

(घ) सत्यापन एवं पंजीकरण होने के बाद दिल्ली नगर निगम से तुरंत ही प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

(ङ) जी हां।

(च) और (छ) शिकायत पर प्राथमिक जांच में कुद अनियमिताए सामने आई हैं (प्रति संलग्न)* मामले की विस्तृत जांच जारी है, जिसमें निम्नलिखित कार्यवाई की गई हैः–

1. सभी 19 आवेदकों को नोटिस देकर सुनवाई की जा रही है।
2. संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।
3. आवेदकों द्वारा दिये गये दस्तावेज की प्रमाणिकता की जांच संबंधित विभागों से कारवाई जा रही है।

जांच पूर्ण होने पर सभी दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी।

(ज) और (झ) उपरोक्त 'च' के अनुसार

(ञ) दिल्ली नगर निगम से प्राप्त सूचना के अनुसार पश्चिमी जिला (पश्चिमी क्षेत्र, जन स्वास्थ्य विभाग) में जनवरी, 2016 से 29, मई 2018 तक 1,20,104 जन्म प्रमाण बनें है।

---

* www.delhi assembly.nic.in पर उपलब्ध।

31- lJh Hkkouk xkM+ % क्या ekuuh; jktLo e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्व रिकार्ड के अनुसार पालम विधान सभा अन्तर्गत कौन–कौन सी भूमि ग्रामसभा के अन्तर्गत आती है; भूमि के लैंडमार्क और खसरा सहित विवरण उपलब्ध कराएं;

(ख) क्या यह सत्य हे कि पालम विधान सभा क्षेत्र के ग्रामसभा का कुछ भाग रख–रखाव हेतु डीडीए को सौंप दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो स्थानांतरित भूमि का पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सत्य है कि पालम विधान सभा क्षेत्र की ज्यादातर भूमि पर अवैध कब्जे हो चुके हैं;

(ङ) यदि हां, तो क्या उन अवैध कब्जों के खिलाफ संबंधित विभागों द्वारा कोई कार्रवाई की गयी है; और

(च) यदि हां, तो पूर्ण विवरण क्या है?

¼jktLo foHkkx ls mÙkj iklr ugha gqvkA½

32- Jh jkts'k xqIrk % क्या ekuuh; jktLo e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि रामपुरा एसडीएम कार्यालय के लिए अलग से कोई एसडीएम नहीं है;

(ख) यदि हां, तो इसका क्या कारण है;

(ग) रामपुरा एसडीएम कार्यालय के लिए अलग से किसी एसडीएम की तैनाती कब तक होगी; और

(घ) रामपुरा कार्यालय के लिए वर्तमान अतिरिक्त एसडीएम कितना समय देते हैं, पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं?

ekuuh; jktLo e=h % (क) जी हां।

(ख) रामपुरा क्षेत्र जिला उत्तर पश्चिमी के सरस्वती विहार एस.डी.एम. के अन्तर्गत आता है। सरस्वती विहार एस.डी.एम. का अतिरिक्त कार्यभार अभी एस.डी.एम. रोहिणी द्वारा देखा जा रहा है।

(ग) एस.डी.एम. की तैनाती के लिए सेवा विभाग को कहा गया है तथा इसके शीघ्र तैनाती की उम्मीद है।

(घ) एस.डी.एम. रोहिणी सरस्वती विहार के अतिरिक्त कार्यभार के लिए यथा आवश्यक समय देते हैं।

33- Jh vk-ih- 'kek th % क्या ekuuh; jktLo e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2013 में तथा फिर वर्ष 2015 में दिल्ली सहित सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिये थे कि वे शीघ्रतिशीघ्र एसिड की बिक्री को लेकर 100 वर्षीय पुराने कानून के स्थान पर नया कानून लायें;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली में अभी भी विष अधिनियम 1919 लागू है;

(ग) क्या इस कानून के अन्तर्गत एसिड की अवैध रूप से खरीद व बिक्री पर एसडीएम द्वारा सजा का प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो इसका पूर्ण विवरण क्या है?

ekuuh; jktLo e=h % (क) माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेशों के द्वारा सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को निर्देश दिया था कि भारत सरकार के माडल नियम के आधार पर एसिड एवं संक्षारक पदार्थों की बिक्री नियंत्रित करने के लिए नियम बनाये।

(ख) विष अधिनियम, 1919 की धाराओं 2 और 8 के तहत Delhi Poisons Possession and Sale Rules, 2015, गृह विभाग, रा.रा.क्षे., दिल्ली सरकार के द्वारा दिनांक 25.08.2017 को अधिसूचित किया गया था और इसकी प्रति विधान सभा के पटल पर रखने के लिए प्रेषित कर दिया गया है।

(ग) और (घ) दिल्ली में विष अधिनियम 1919 के अन्तर्गत "Delhi Poisons Possession and Sele Rules 2015" जिसकी अधिसूचना दिनांक 25.08.2017 को हुई है लागू है जिसके प्रावधानों के उल्लंघन पर विष अधिनियम 1919 की धारा 4(2) के अन्तर्गत सजा का प्रावधान है।

34- Jh duZy nsosUnz lgjkor th % क्या ekuuh; jktLo e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि कापसहेड़ा एसडीएम के अंतर्गत आने वाले राजस्व स्टाफ की छवि अत्यंत खराब है;

(ख) पटवारी/कानूनगो/तहसीलदार की तैनाती के संबंध में नीति क्या है; और

(ग) वर्तमान स्टाफ में से कितने कर्मचारी नियत समय से अधिक अवधि से अधिक अवधि से वहां तैनात हैं व कितने कर्मचारियों की वहां पुनः तैनाती की गई है;

ekuuh; jktLo e=h ¼ (क) राजस्व विभाग में ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) राजस्व विभाग में सामान्य तौर पर पद पर तैनाती एवं स्थानांतरण से संबंधित नीति, 2015 में तैयार की गई थी, जो संलग्न है।

(ग) दिल्ली लैंड रेवेन्यू एक्ट–1962 के अनुसार उपायुक्त अपने विवेकानुसार/आवश्यकतानुसार एक हल्के से दूसरे हल्के में नियत समय से अधिक अवधि में तैनात कर सकता है।

Office of the Secretary (Rev.) cum - Divisional Commissioner
Department of Revenue : Govt. of NCT of Delhi
5 Sham Nath Marg, Delhi-110054.

F.No. 7/41/GA/Estt./DC/2013/295 Dated:25/1/16

ORDER

Subject: Transfer policy for Revenue Department, GNCT of Delhi.

1. This policy shall cover the Revenue Staff viz. Sub-Registrar, Tehsildar, Naib-Tehsildar, Kanungo. Patwari & Bailiff and secretaiial staff viz. Superintendent, Head Clerk (HC), Upper Division Clerk (UDC), Lower Division Clerk (LDC) & Stenographer and driver.

2. The tenure oi a Sub-Registrar cannot exceed beyond 03 years in any Sub-Registrar office and his tenure as Sub-Registrar in his career cannot exceed beyond 05 years under any circumstances. There shall be a cooiing-off period of 05 years before the official can be considered for posting as Sub-Registrar again.

3. The tenure of a Tehsildar cannot exceed beyond 03 vears in anv Sub-Division of a District. His tenure as Tehsildar in one District cannot exceed beyond 05 years under any circumstances.

4. The tenure of a Naib Tehsildar cannot exceed beyond 03 years in any Sub-Division of a District. His tenure as Naib Tehsildar in one District cannot exceed beyond 05 years under any circumstances.

5. There-shall be three categories of Districts as given below:-

Sl. No.	Category	Districts
1.	Category - A	North, South & South-West
2.	Category - B	West, Central, North-West & New Delhi
3.	Category - C	North-East, East, Shahdara, South-East & HQ

An official shall be considered for posting in any one Category of Districts' again only after he/she has completed at least one tenure each in the other two categories. 6. The tenure of officials in the post of Kanungo, Patwari, Bailiff and Driver in one sub-division shall not exceed for a period of more than 03 years and shall not exceed a period of 05 years in any District of one category of District under any circumstances. No official shall again be posted in a Sub-Division where he/she had served earlier.

7. The District Magistrates shall transfer the ex-cadre officials of Kanungo, Patwari, Bailiff and Driver from one Sub-Division to another within a District to ensure that their stay in one sub-division does not exceed beyond 03 years.

8. The officials posted in districts manning the cadre posts of LDC, UDC, Head Clerk, superintendents and Stenographers shall have a maximum tenure of 03 years in one District. After completion of 03 years, they shall be transferred to another District.

9. The tenure of officials posted in Sub Registrar offices against the cadre posts of LDC, UDC and Head Clerk shall only be for a period not exceeding 03 years. Thereafter, they shall be posted in another District in an office other than Sub Registrar office.

10. No staff shall remain posted in the personal branches/cells for a period exceeding 03 years in one office and exceeding 05 years during his entire tenure in Revenue Department. No official shall be posted in a Personal Branch in diverted capacity basis under any circumstances. The officials posted in the personal branch in one district shall not be posted in the same category of personal branch i.e. DM, ADM & SDM as the case may be on transfer to another district and shall' be posted in a different category of personal branch on transfer.

11. Once the transfer orders from one District to another District is issued, the official shall be relieved, as soon as possible, but not later than 30 days

from the date of issue of transfer orders. They shall stand relieved after 30 days, if not relieved earlier, and no salary shall be paid to them from the District for the period of such overstay.

12. Once the transfer orders are issued from the Services Department, the officials posted as Suptd./Sub-Registrar/Tehsildar/ Naib Tehsildar shall be relieved as soon as possible but not later than 30 days from the date of issue of transfer order. They shall stand relieved after 30 days, if not relieved earlier, and no salary shall be paid to them from the District for the period of such overstay. 13. An officer/ official who is otherwise liable to be transferred as per the policy may not be transferred, if the officer/ official has less than 1 year of service left to superannuate. However, if the officer requests in writing for his/her transfer as per the transfer policy, he/ she may be considered for transfer as per the policy.

14. Female employees and Physically Handicapped/Challenged employees may be posted at a place nearer to their residences as far as possible.

15. The officials against, whom more than one penalties have been levied, or who have been issued charge-sheet by a competent authority, shall, noi be posted in sensitive offices like Sub Registrar-office, SDM Office, Marriage Registration branch, Caste Certificate Branch and Halka in Revenue Department or in the District where the incident was reported.

16. Transfers shall ordinarily be made once in a year, preferably, in the month of May except on promotion. However the first set of transfer will be made, as soon as this policy comes into force.

17. In order to implement the transfer policy effectively, an online Management Information System (MIS) will be put in place by the Revenue Department.

18. Notwithstanding the above conditions, the Appointing Authority of Revenue Department has the discretion to order transfer/ cancel of any employee at any time from one place to' another in the public interest/functional necessity.

This issues with the approval of Dy. Chief Minister-cum-Revenue Minister and the Services Department, GNCTD and comes into force with immediate effect.

(Devesh Singh)

Special Secretary (Rev) -cum-
Deputy Commissioner (HQ)

To,

1. The District Magistrates/ Additional District Magistrates/ Sub-Divisional Magistrates of all Revenue Districts.
2. All Sub-Divisional Magistrates (HQ), Revenue Department, GNCT of Delhi.
3. Deputy Controller of Accounts (HO), Revenue Department, GNCT of Delhi.
4. Sr. System Analyst (HQ), Revenue Department GNCT of Delhi for uploading the same on the website of the Department & developing MIS,

Copy forwarded to the following for information:

1. Divisional Commissioner, GNCT of Delhi

(DEVESH SINGH)

Special Secretary (Rev) -cum-

Deputy Commissioner (HQ)9

35- lJh jk[kh fcMyk % क्या ekuuh; flpkb ,o ck< fu;=.k e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंगोलपुरी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के कुल कितने बरातघर है;

(ख) ये बरातघरों के निर्माण की तिथि, आबंटन की तिथि और किन संस्थाओं/एन.जी.ओ. को आबंटित किया गया है, इसका पूर्ण विवरण क्या है;

(ग) इन बरातघरों को आबंटित करने में किन–किन प्रावधानों को ध्यान में रखा गया है, पूर्ण विवरण क्या है;

(घ) उपरोक्त बरातघरों के रख–रखाव की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ङ) क्या इनके रख–रखाव की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(च) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है?

ekuuh; flapkbZ ,oa ck<+ fu;a=.k ea=h % (क) मंगोलपुरी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा कुल आठ सामुदायिक हाल, (बरातघर) चौपालों का निर्माण कार्य किया गया है इनमें से छह निर्माण कार्य शहरी विकास विभाग, एक निर्माण कार्य एससी/एसटी विभाग, व एक निर्माण कार्य एससी/एसटी विभाग/विधायक को द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि से निर्माण कार्य किए गये हैं जिनका विवरण संलग्नक (क) में दिया गया है।

(ख) विवरण संलग्नक (क) में दिया गया है।

(ग) हस्तांतरण संबंधित विवरण संलग्नक (क) में दिया गया है।

(घ) उपरोक्त बरातघरों के निर्माण के लिए, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग मात्र कार्यकारी एजेन्सी थी। बरातघर की जगह का स्वामित्व दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड व ग्रामसभा के पास है, अतः बरातघरों के रख–रखाव के कार्य का उत्तरदायित्व भी उन्हीं का है।

(ङ) उपरोक्त।

(च) उपरोक्त।

l;yXud ¼d½

क्र. सं.	बरातघर का स्थान/ विवरण	कार्य की समाप्ति की तिथि	आबंटन/ हस्तान्तरण की तिथि	संस्था जिसे हस्तान्तरण किया गया	भूमि स्वामित्व	हस्तान्तरण की कारण/प्रावधान
1	2	3	4	5	6	7
1.	मंगोलपुरी के एम–ब्लॉक में सामुदायिक हाल (बरातघर) का निर्माण कार्य	30.04.2016	23.01.2018	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	भूमि स्वामित्व एजेंसी दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को हस्तान्तरण किया गया।
2.	मंगोलपुरी के एम–ब्लॉक में डबल स्टोरी सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य	03.08.2016	23.01.2018	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	उपरोक्त
3.	मंगोलपुरी के एस–ब्लॉक में डबल स्टोरी सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य	04.08.2014	19.08.2014	के.जी.एम. एजुकेशन सोसाइटी	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	हस्तान्तरण का प्रावधान माननीय क्षेत्रीय विधायक की सहमति/अनुशंसा पर किये गये है।
4.	मंगोलपुरी के सु सु का तालाब में डबल स्टोरी	20.08.2014	03.11.2014	ग्राम समिति	ग्राम सभा	उपरोक्त

	बरातघर का निर्माण कार्य					
5.	मंगोलपुरी के आर–ब्लॉक में सिंगल स्टोरी सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य	16.05.2018	01.08.2014	आर डब्ल्यू/ एनजीओ	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	उपरोक्त
6.	मंगोलपुरी के बी सी ब्लॉक में डबल स्टोरी सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य	28.06.2014	18.08.2017	करतल फाउन्डेशन	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	उपरोक्त
7.	मंगोलपुरी के क्यू ब्लॉक में डबल स्टोरी सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य	20.08.2014	16.10.2014	स्मृद्धि एजुकेशन एंड चैरिटेबल सोसाइटी	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	उपरोक्तस
8.	मंगोलपुरी के डबल स्टोरी मोहल्ला वाली चौपाल को ढहाना व पुर्ननिर्माण का कार्य	03.02.2014	04.09.2014	आर.डब्ल्यू./ एन.जी.ओ.	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	उपरोक्त

36- Jh txnh'k i/kku % क्या ekuuh; lpuk vkj ik|kfxdh e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फ्री वाई–फाई योजना की नवीनतम स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना को क्रियान्वित करने में क्या मुश्किलें आ रही हैं;

(ग) अन्ततः इस योजना को क्रियान्वित करने का दायित्व किस विभाग को सौंपा गया है;

(घ) इस योजना पर कब तक कार्य शुरू हो जायेगा;

(ङ) सरकार द्वारा इस हेतु कितना बजट आबंटित किया गया था; और

(च) अब तक उसमें से कितनी राशि व्यय हो चुकी है?

¼lpuk ,o ik|kfxdh foHkkx l mÙkj ikIr ugh gvkA½

37- duy noUn lgjkor % क्या ekuuh; mi e[;e=h यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कौशल विकास केन्द्रों के संबंध में सरकार की नीति क्या है;

(ख) क्या बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कोई केन्द्र प्रस्तावित है;

(ग) विगत तीन वर्ष में पूरी दिल्ली में ऐसे कितने केन्द्र खोले गए हैं; और

(घ) इनका विधान सभा क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

mi e[;e=h % (क) सरकार का अगले वित्त वर्ष तक 25 विश्व स्तरीय कौशल केन्द्र खोलने का लक्ष्य है।

(ख) से (घ) जी नहीं। विश्व स्तरीय कौशल विकास केन्द्र विधान सभा क्षेत्र के अनुसार नहीं खोले जा रहे हैं। बल्कि जहां–जहां पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, वहीं पर यह खोले जा रहे हैं।

fo'k"k mYys[k ¼fu;e 280½

Ekkuuh; v/;{k% मैं 280 आरंभ कर रहा हूँ जितना भी हो सकेगा। श्री सिरसा जी।

Jh euftanj flag fljlk% धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको ध्यान भारत सरकार की उस योजना की तरफ लाना चाहता हूँ जिसके तहत जो धार्मिक स्थल हैं, उनके ऊपर जो लंगर में, प्रसाद में रसद इस्तेमाल होती है उसके ऊपर कोई टैक्स न लगे, इसके लिए केन्द्र की सरकार ने प्रोविजन बनाया। अध्यक्ष महोदय, ये पंजाब के अंदर जो वेट लगती थी, तब ये हमारे वहाँ सरकार ने शुरू किया था कि जो गुरूद्वारा साहिब है; श्री हरमिंदर साहिब और दुर्ग्याना मंदिर और तीनों तख्तों के ऊपर जो भी रसद आती थी। अध्यक्ष महोदय, उसके ऊपर वेट रिफंड कर दी जाती थी। जीएसटी लगने के बाद वो प्रोसीजर खत्म हो गया लेकिन अभी पंजाब सरकार ने वापिस दोनों दुर्ग्याना मंदिर और श्री हरमिंदर साहब के ऊपर वो मान लिया और वापिस टैक्स करने की बात की।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से दिल्ली के हमारे वित्त मंत्री जी बैठे हैं, मैं उनसे भी आग्रह करना चाहता हूँ जो बंगला साहिब में, शीश गंज साहिब में नानक प्याऊ में हम लोगों को लंगर की व्यवस्था करते हैं, उस पर जो रसद आती है, उस रसद के ऊपर क्योंकि वो बाजार से खरीदनी है तो उस पर स्वाभाविक तौर पर टैक्स लगकर ही आना है। तो उसका तो कोई तरीका नहीं है कि बिना टैक्स के मिले लेकिन हमारा आपसे ये आग्रह है कि जो भी धार्मिक स्थान है दिल्ली के

अंदर चाहे मंदिर हैं, चाहे गुरूद्वारे हैं जो लंगर देते हैं, प्रसाद की सेवा करते हैं, उन पर जो रसद है, उसका टैक्स जो है, वो बाद में रिफंड किया जाये। जैसे केन्द्र सरकार ने ये स्कीम ले के आई है और उसी तरह मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ, दिल्ली के वित्त मंत्री जी को कि आप भी उसी उद्देश्य के साथ दिल्ली के इस बजट के अंदर कुछ या तो स्पेशल उसमें रख दें, एक हेड बना के अलग से क्योंकि शायद जीएसटी में तो आप भी नहीं उसको ले पाएंगे लेकिन एक नया हेड बनाकर, एक हेड क्रिएट करके और जो शर्तें आप रखना चाहते हैं, क्योंकि ये भी सही रहे कि उन लोगो को मिले जो लोग ऐसी सेवा कर रहे हैं। लेकिन हमारे गुरूद्वारों का जो पैसा... अगर वो टैक्स रूप में हम देते हैं, अगर आप हमें वापिस दे देंगें तो वो भी हमने उन्हीं पर लगाना है, श्रद्वालुओं पर लगाना है कोई लंगर और या लोगों को देने में हम कामयाब होंगे। तो मुझे लगता है कि मंत्री जी के हाव भाव से मुझे लगता है कि ये बात को मानने को तैयार हैं और मैं मंत्री जी, आपका तहे दिल से आभार भी व्यक्त करूँगा, खाली हमारी ही इच्छा नहीं है, पूरे धार्मिक स्थान ऐसा चाहते हैं, ऐसा हो जो टैक्स है, उसका वापिसी... तो आप से हम उम्मीद करते हैं, आप जल्दी इसका कोई रास्ता निकालें और जो जीएसटी है और आईएसटी सरकार ने क्योंकि आईजीएसटी सरकार ने अपना मान लिया है 52 परसेंट के आसपास वो अपना देने को तैयार हो गये हैं। आपके हिस्से तो 48 परसेंट आता है और वो बहुत बड़ा एमाऊंट भी नहीं है अध्यक्ष जी, लेकिन ये है कि भावना भी है और वो पैसा जो है, वो बाकियों में इस्तेमाल भी कर पाएंगे।

आपका धन्यवाद करता हूँ, आपने मुझे बोलने का मौका दिया और मुझे उम्मीद है कि जल्दी ही हम दिल्ली के अंदर भी ये कानून लाने में कामयाब होंगे, धन्यवाद जी।

Ekkuuh; v/;{k% जरनैल सिंह जी।

Jh tjuSy flag% धन्यवाद, अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी, नियम 280 के अंतर्गत मैं अपने क्षेत्र में बैटरी रिक्शा की संख्या के बहुत ज्यादा बढ़ जाने की वजह से जो ट्रैफिक में दिक्कत आ रही है, वो आपके समक्ष रखना चाहता हूँ।

अध्यक्ष जी, तिलक नगर का सर्कल हो या मेरे क्षेत्र में नजफगढ़ रोड पर और जितने चौराहे पड़ते हैं, उन सब पर बैटरी रिक्शा की संख्या इतनी बढ़ चुकी है कि जो ट्रैफिक निकल रहा है और ऊपर से कोई सिस्टम नहीं है कि वो कहीं भी खड़े हो जायें; तीन तीन लाइनें बना के पूरी रोड की रोड ही ब्लॉक हो जा रही है तो इस वजह से बहुत ज्यादा दिक्कत आने जाने वाले लोगों को हो रही है। तिलक नगर चौक खास कर के कहूँगा जो गोल चक्कर है, रोजाना अंदर से कम से कम एक लाख लोग बाहर आते हैं जो पूरा का पूरा गोल चक्कर, बैटरी रिक्शा की वजह से जाम पड़ा रहता है। तो इसके ऊपर ट्रैफिक पुलिस को भी बोला गया है पर पुलिस का रवैया आपको मालूम ही है, वहाँ से कोई कार्रवाई हो नहीं पा रही तो मैं आपके माध्यम से चाहूँगा कि ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा या किसी भी तरीके से कोई ऐसी व्यवस्था की जा सके जिससे वो बैटरी रिक्शा भी चले क्योंकि लाखों लोगों की रोजी रोटी जुड़ी है उससे... और लोगों को दिक्कत भी न हो। धन्यवाद, अध्यक्ष जी।

Ekkuuh; v/;{k% धन्यवाद श्री एस. के. बग्गा जी।

Jh ,l- ds- cXXk% अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे नियम 280 में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान बीएससी की तरफ दिलाना चाहता हूँ मेरी विधानसभा कष्ष्णा नगर विधानसभा में घोंडली गाँव, खुरेजी गाँव, जगतपुरी, गीता कालोनी, आराम पार्क, ब्रिज पुरी, गणेश पार्क, चन्दर नगर, कष्ष्णा नगर अनारकली,

बलदेव पार्क में बिजली की तारें बहुत नीचे लटक रही है। कई बार कहने पर भी बीएससी ने कोई काम नहीं किया। इससे इस इलाके के लोग काफी परेशान हैं पूरी विधानसभा में तारों के लटकने की शिकायतें आ रही हैं। मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूँ कि ये समस्या का समाधान जल्दी करायें, धन्यवाद।

Ekkuuh; v/;{k% श्री महेन्द्र गोयल जी।

Jh egsUnz xks;y% धन्यवाद अध्यक्ष जी, जो आपने मुझे 280 के तहत बोलने का मौका दिया। मैं सबसे पहले तो माननीय मुख्य मंत्री साहब का धन्यवाद करना चाहूँगा कि उन्होंने दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड का गठन किया। अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से सम्मानित सदन का ध्यान दिल्ली में बसी पुनर्वास कालोनियों की और आकर्षित करना चाहूँगा। दिल्ली शहरी आश्रय बोर्ड द्वारा... बहुत सी कालोनियाँ हैं, दिल्ली के अंदर बसाई गई हैं लेकिन इन ज्यादातर सभी कालोनियों को इस समय एमसीडी के अधीन कर दिया गया है। यहाँ पर कोई भी विकास कार्य नहीं हो पाता। मेरे क्षेत्र के अंदर दो कालानियाँ पड़ती हैं; सरदार कालोनी और अमर ज्योति कालोनी। यहाँ की स्थिति काफी दयनीय है। एमसीडी को कार्य करने के लिए बोलते हैं; वो फण्ड का रोना धोना जारी रखते हैं कि हमारे पास कोई फण्ड नहीं है। हम दिल्ली शहरी आश्रय बोर्ड को बोलते हैं, वो कहते हैं कि हमने एमसीडी को दे दी। मैं सदन के माध्यम से ये अनुरोध करना चाहूँगा कि इन कालोनियों को या तो एमसीडी से वापिस ले लिया जाये या एक ऐसे बोर्ड का गठन किया जाये जिससे कि यहाँ पर विकास कार्य हो सके। वो भी इस देश के नागरिक हैं, इस दिल्ली के नागरिक हैं। वो भी सुविधाएँ चाहते हैं। एमसीडी और दिल्ली सरकार के बीच में रहकर वो लोग ना पिसें। मैं यही अनुरोध करूँगा कि माननीय मंत्री साहब से कि इस और वो ध्यान दें या किसी ऐसे बजट का प्रावधान रखें कि इन कालोनियों के अंदर आप ये बजट लगा सकें। मेरे कई

साथियों ने कहा कि आज शॉर्ट रखना तो मैं आपकी भावनाओं को देखते हुए क्योंकि सभी के प्रश्न बहुत जरूरी हैं, धन्यवाद।

Ekkuuh; v/;{k% बंदना कुमारी जी।

Jherh cnuk dqekjh% धन्यवाद अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी, हमारे क्षेत्र शालीमार बाग में बहुत सारे पार्क हैं, लगभग पाँच से छः सौ के करीब पार्क हैं लेकिन आज सभी पार्क या तो एमसीडी के अंडर है या डीडीए के अंडर है और सभी पार्कों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। इस तरह से बंजर भूमि हो गई उसकी... न घास है, न पेड़–पौधे हैं, न पानी की सुविधा, न लाइट तो जहाँ तक लाइट का सवाल है, तो कहीं–कहीं एमएलए फण्ड से हम लोग *हाई मास्ट लाइट, पाथ वे* लगा दिया, पाथ वे है तो कहीं एमएलए फण्ड से बना दिया लेकिन वहाँ मिट्टी और घास हम लगा ही नहीं सकते। एमएलए फण्ड से मिट्टी और घास लग नहीं सकती, हरियाली हो नहीं सकती।

उसी तरह से डीडीए पार्क हैं जितने भी, डीडीए पार्क की भी स्थिति यही है। वहाँ शौचालय बनी पड़ी है लेकिन उसमें न लाइट, न पानी, न कुछ भी व्यवस्था... तो अध्यक्ष जी, मैं सदन के माध्यम से ये चाहती हूँ जो कि इस पार्क को किस तरह से डेवलप किया जाए। अभी समर वेकेशन है, सारे पेरेंटस आते हैं मेरे पास, सारे बच्चे आते हैं, ये कहने कि मैडम, खेलने कहाँ जाए, हम लोग कहाँ खेलें? न पार्क में झूले, कुछ भी... बहुत बुरी स्थिति हो गई है। और आज पूरा क्षेत्र चितिंत है और हम सब के साथ एक लिमिटेड फण्ड होता है, एमएलए फण्ड भी बहुत लिमिटेड है जिससे हम पार्क को डेवेलप नहीं कर पा रहे हैं। कहीं–कहीं सिर्फ क्योंकि डॉर्क जोन होने के कारण हाई मास्ट तो लगा लेते हैं, कहीं पाथ वे बना ले रहे हैं; एमएलए फण्ड से लेकिन आज हर पार्कों की स्थिति यही है जब कि

वहाँ पर साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं, कोई माली नहीं, कोई चौकीदार नहीं। माली सारे एमसीडी पार्षदों के घर की चौकीदारी में लगे हैं, कोई उनकी ड्राइवरी कर रहा है, कोई उनके घर के पोछा लगा रहा है, कोई उनके घर के गमले सजा रहा है लेकिन उनको पार्कों से कोई लेना देना नहीं है। कागजों में बहुत सारे माली की पेमैंट हो रही है लेकिन वो ग्राउंड लेवल पर पार्कों में कहीं कोई काम करता हुआ नहीं दिख रहा है। कूड़े का अम्बार लगा हुआ है। अधिकारियों से बात करें, वो कहते है, ''कूड़ा उठाकर हम कहाँ फेंके? हमारे पास जगह नहीं है।'' तो आज सबसे ज्यादा हमारे क्षेत्र के पार्कों की बहुत हालत खराब है। इस सदन के माध्यम से इसका कोई समाधान चाहती हूँ। मंत्री जी भी बैठे हुए हैं, इसका कोई समाधान ढूढ़े। क्योंकि इतनी भरी गर्मी में बच्चे घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, न बुजुर्ग निकल पा रहे हैं, न कोईकृ तो मैं आपसे और इस सदन से यही एक समाधान चाहती हूँ जो पार्कों के लिए कोई हम अलग से कोई ऐसा साधन बनाएं जो पार्कों की मेन्टेन हो सके। धन्यवाद, अध्यक्ष जी।

Ekkuuh; v/;{k% धन्यवाद बंदना जी। श्री विजेन्द्र गर्ग जी।

Jh fotsUnz xxZ% धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शिक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया।

अध्यक्ष जी, दिल्ली में अनकों सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं, गवर्नमैंट ऐडिड स्कूल। इन स्कूलों का जो अध्यापकों का वेतन है, उसका 95 प्रतिशत दिल्ली सरकार वहन करती है। अध्यक्ष जी, कुछ स्कूल ऐसे भी हैं जिनको दिल्ली सरकार ने टेकओवर किया है, निश्चित रूप से उन स्कूलों की जो शैक्षणिक वातावरण में तो बहुत सुधार हुआ है दिल्ली गवर्मेंट के टेकओवर करने के बाद लेकिन जो उनका इंफ्रास्ट्रक्चर है, उन गवर्नमैंट ऐडिड स्कूल का, वो बहुत ही

दयनीय स्थिति में है। मैं अपनी विधान सभा की अगर बात करूँ तो मेरी विधान सभा क्षेत्र में न्यू राजेंद्र नगर में एक स्कूल है; विद्या भवन स्कूल, इस स्कूल में किसी समय एडमिशन लेने के लिए इतनी मारा–मारी होती थी जितनी किसी नामी प्राइवेट स्कूल में भी नहीं होती थी। मैं इस स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर की दशा के बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। स्कूलों के डेस्कों की हालत ऐसी है कि आए दिन बच्चों के कपड़े फटते हैं। अध्यक्ष जी, ये स्कूल कन्याओं का स्कूल है, गर्ल्स के लिए यहाँ पर एजुकेशन दी जाती है। क्योंकि डेस्क में जहाँ तहाँ कीलें निकली हुई हैं, हमारे कुछ साथियों ने स्कूल को नए डेस्क दिए तथा पुराने डेस्कों की मरम्मत भी कराई। मैंने अपने विधायक फण्ड से बच्चों के लिए स्कूल में झूले भी लगवाए परंतु फिर भी अभी बहुत से कामों की उस स्कूल में जरूरत है ताकि इस स्कूल का जो इफ्रास्ट्रक्चर है, वो बेहत्तर हो सके। मैं अपनी सरकार जिसने दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांति लाई है, हमारी सरकार माननीय मनीष जी के नेतृत्व में, जिसकी प्रशंसा न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में हो रही है। तो मैं अपनी सरकार से गुजारिश करना चाहता हूँ कि जो गवर्नमैंट ऐडिड स्कूल हैं जिनको हमारी सरकार ने टेकओवर किया है, उनके इफ्रांस्ट्रक्चर की हालत में सुधार के लिए कुछ कदम उठाए जाएं ताकि उनको भी हम उसी तरह का वातावरण दे सकें जो आज हमने सरकारी स्कूलों में उत्पन्न किया है, धन्यवाद, जय हिंद, जय भारत।

Ekkuuh; v/;{k% श्री नरेश यादव जी।

Jh ujs'k ;kno% धन्यवाद अध्यक्ष जी, जो आपने मुझे मेरे क्षेत्र की समस्या को नियम 280 में उठाने का मौका दिया।

अध्यक्ष जी, मेरे क्षेत्र में महरोली टाउनशिप है उसमें चार यूजीआर बनने हैं और इसी सदन में इसी मुद्दे को मैं लगभग दो बार तो जरूर उठा चुका हूँ और

एक रजोकरी में यूजीआर बनना है। अध्यक्ष जी, अभी दो साल का समय भी सरकार के पास नहीं है और ये पहले दिन से हम लोग वादा करते हुए आ रहे है अपनी पब्लिक से कि हम ये पानी के जो यूजीआर हैं, ये कम्पलीट करा देंगे लेकिन महरोली के यूजीआर पर अध्यक्ष जी, अभी कोई भी प्रोग्रेस नहीं है ग्राउंड पर और रजोकरी का यूजीआर तो अभी स्टार्ट भी नहीं हुआ है। जब भी पूछा जाता है... उसका टेंडर होना है, टेंडर के बाद वर्क ऑर्डर होना है, उसके बाद में उसका उद्घाटन होना है। तो अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करूँगा कि इन पर कुछ काम कराया जाए, स्टार्ट किया जाए एटलीस्ट।

इसके अलावा अध्यक्ष जी, कुसुमपुर पहाड़ी में लगभग 50 हजार की आबादी वहाँ पर रहती है। वहाँ पर टेंकरों से पानी की सप्लाई हो रही है और वो जो वहाँ के लोग हैं, वो अपने केन में भर–भरकर वो पानी रखते है और एक परिवार को सात दिन में पानी मिलता है अध्यक्ष जी। आप सोचिए कि सात दिन का पानी उनको स्टोर करना पड़ता है तो वहाँ पर उन लोगों की डिमांड थी कि एक पाइप लाइन डालकर और उनको सप्लाई की जाए।

इसके अलावा अध्यक्ष जी, किशन गढ़ गाँव में आज बिल्कुल पानी के लिए त्राहि–त्राहि है। अभी पीछे हाल ही में 'दिल्ली आज तक' पर भी न्यूज आई थी। वहाँ पर धरना प्रदर्शन हुआ। लोगों के पास में पानी नहीं है। गाँव बहुत पुराना गाँव है, पुश्तैनी गाँव है। उसमें भी बहुत बुरे हालात हैं।

इसके अलावा अध्यक्ष जी, साकेत जो कि 40 साल पुरानी कॉलोनी है, प्लान्ड सिटी है, अध्यक्ष जी, उसके अंदर पहले दो टाइम पानी आता था सुबह और शाम को लेकिन आज एमएनडब्लुएस के अंडर आने के बाद में एक टाइम पानी कर दिया गया, तीन घंटे की सप्लाई कहा जाता है लेकिन वहाँ पर एक– डेढ़ घंटे भी

सप्लाई नहीं आ रही। जो सप्लाई आती है उसका प्रेशर नहीं आ रहा। ये हालात है साकेत जैसे में जो कि प्लान्ड सिटी है।

इसके अलावा अध्यक्ष जी, बी–9 एलआईजी वसंत कुंज का एक डीडीए का पॉकेट है, उसमें लगभग 500 से ज्यादा फ्लैट्स हैं। उसमें पिछले लगभग दो–ढाई महीने से लगातार गंदा पानी आ रहा है। इन लोगों ने भी प्रोटेस्ट किया है। बकायदा न्यूज आई है इसकी भी लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे।

इसके अलावा अध्यक्ष जी, मसुदपुर गाँव और मसुदपुर डेरी है। वहाँ की स्थिति भी पानी की बहुत ही दयनीय है। हमारे क्षेत्र में लगभग 40–50 ट्यूबवेल पास करा रखे हैं एडवाइजरी कमिटी से लेकिन उसके बाद में जो ट्यूबवेल करने की बात है, ये छः महीने पहले मैंने पास कराए थे लेकिन आज वो ट्यूबवेल हो ही नहीं रहे हैं। कभी कोई बहाना होता है कि टेंडर हो रहे है, सिंगल टेंडर आ रहा है, कभी बजट की बात है, किसी न किसी बहाने से, कभी कहते हैं कांट्रेक्टर नहीं है... एक ही कांट्रेक्टर है, कभी कांट्रेक्टर हमें बोलता है, ''जी, उसकी पेमेंट नहीं हुई।'' मतलब उसी में ही हम लोग घूम रहे हैं।

अध्यक्ष जी, आज महरोली विधान सभा के अंदर पानी स्थिति बहुत खराब है। आप लोगों ने भी न्यूज में देखा होगा, सदन के सभी सदस्यों ने देखा होगा कि 'आज तक' पर दो जगह के लिए काफी बड़े प्रोटेस्ट हुए हैं। तो अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं रिक्वेस्ट करूँगा हमारे वाइस चेयरमैन साहब, मुख्यमंत्री साहब से कि यहाँ की स्थिति सुधारी जाए।

अध्यक्ष जी, मैंने ये बात कई बार बोली है इस सदन में कि महरोली जो टाउनशिप है, उसमें बहुत पतली–पतली गलियाँ हैं। वहाँ पर टैंकर से भी सप्लाई

नहीं हो सकती और अगर वहाँ पर सप्लाई एक बार भी मिस होती है तो दुबारा वो सप्लाई मिलती है सात दिन के अंदर, ये हालात है।

कल मैं... डियर पार्क से सप्लाई होती है महरोली में, दो लाईनें हैं अध्यक्ष जी; ओल्ड महरोली लाइन और एक न्यू महरोली लाईन। वहाँ पर मैंने जाकर जब रजिस्टर देखे, उनके सारे चेक किए तो महरोली का पानी काटा हुआ था, बाकी जगह का नहीं काटा हुआ था। उन्होंने कहा दो एमजीडी पानी नहीं आया। तो दो एमजीडी पानी नहीं आया तो केवल महरोली का काटना तो गलत है अध्यक्ष जी। जहाँ–जहाँ भी सप्लाई जा रही है 5–5, 10–10 मिनट की सप्लाई अगर काट दी जाए तो चलो बराबर हो जाएगा और ये ऐसी जगह की सप्लाई काटी गई जहाँ पर टैंकर से सप्लाई नहीं है। वसंत कुंज एरिया है, वहाँ टैंकर जा सकते हैं और साकेत एरिया है, वहाँ टैंकर जा सकते हैं लेकिन महरोली के अंदर नहीं जा सकते।

अध्यक्ष जी, हाथ जोड़कर आपसे विनती है, मैं कई बार इस मुद्दे को उठा चुका हूँ अपने यहाँ पानी का, लेकिन अभी तक कोई किसी तरह की प्रोग्रेस नहीं हुई। बहुत–बहुत धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने जो मेरी क्षेत्रीय समस्या उठाने का मौका दिया लेकिन मैं ये उम्मीद कर रहा हूँ अध्यक्ष जी, कि यहाँ पर जो मुद्दे उठाए जाते हैं, उसके ऊपर कुछ तो प्रोग्रेस हो, कोई तो ऐसी बात हो जिससे कि हमें ये लगे कि हम सम्मानित सदस्य हैं इस सदन के और यहाँ पर बोलने से कुछ कार्रवाई होती है। बहुत–बहुत शुक्रिया, अध्यक्ष जी।

Ekkuuh; v/;{k% श्री जगदीश प्रधान जी।

Jh txnh'k i/kku% धन्यवाद अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान दिल्ली की अनऑथोराइज कॉलोनियों की तरफ दिलाना चाहता हूँ कि मेरी विधान सभा मुस्तफाबाद के अंदर करीब 98 परसेंट अनऑथोराइज कॉलोनी हैं और पिछले तीन वर्षों से दिल्ली सरकार के निर्णय के अनुसार अनऑथोराइज कॉलोनियों में डूडा के द्वारा कार्य है, एमएलए फण्ड से किए जा रहे थे। बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि 1917—18 के मध्य में डूडा को बंद करके यूडी डिपार्टमैंट से काम कराने के आदेश जारी किए गये। आज बड़ा दुःख है कि आठ महीने बीतने के बाद एमएलए फण्ड का एक भी टेंडर नहीं लग पाया है। जब भी अधिकारियों से संपर्क करते हैं तो यही बहाना लेते हैं कि फाइल यूडी डिपार्टमैंट में पड़ी है, अभी पॉलिसी तैयार नहीं हुई है। तो मैं जानना चाहता हूँ आपके माध्यम से कि मंत्री जी यहाँ बतायें कि केवल मुस्तफाबाद विधान सभा के काम रुके हुए हैं... क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा है कि किसी भी यहाँ सत्ता पक्ष के साथी ने अनऑथोराइज कॉलोनियों में एमएलए फण्ड से कार्य न होने की बात नहीं कही है। तो मैं जानना चाहूँगा कि ये केवल मुस्तफाबाद विधान सभा के लिए है या अन्य विधान सभा में भी है?

दूसरा, जो अनाधिकृत कॉलोनी हैं, जिनमें यूडी डिपार्टमैंट द्वारा काम किए जाते हैं, अनाधिकृत बस्तियों के फण्ड से, उनमें भी मेरे यहाँ दो साल से एक भी टेंडर नहीं लग पाया है। मैं मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूँ और एडवांस में उनको धन्यवाद करना चाहता हूँ कि मेरे से यदि कोई गलती हो गयी हो, तो उसे माफ करें और हमारे यहाँ फण्ड रिलीज करें। मैंने आपसे भी कहलवा लिया, डिप्टी सीएम साहब से भी कहलवा लिया और मंत्री जी से भी कई बार जाके मैंने रिक्वेस्ट कर लिया, हाथ तक जोड़ लिया, मैं हूँ काम करा दें मेरे यहाँ टोटल अनऑथोराइज कॉलोनी हैं, पर उसके बावजूद भी कोई काम नहीं हो रहा है। मैं

आपसे आग्रह करना चाहता हूँ कि बदले की भावना न रखकर मेरे यहाँ विकास कार्य करायें जायें, धन्यवाद।

Ekkuuh; v/;{k% प्रवीण जी।

Jh i.oh.k dqekj% अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। अध्यक्ष जी, जो एक मेरा क्षेत्र है एसडीएमसी के अंदर आता है और एसडीएमसी के अंतर्गत जिस तरीके से 980 कर्मचारी इन्होंने कुछ साल पहले भर्ती किए थे, लेकिन एसडीएमसी ने यूज एण्ड थ्रो पॉलिसी अपनाके एसडीएमसी के कर्मचारी उठाके बाहर कर दिये गये और हायर एण्ड फॉयर पॉलिसी अपनाके जिस तरीके से मोदी सरकार ने पहले बताया था, जब आई थी कि 'नहीं होंगी बेरोजगारी की मार, अबकी बार मोदी सरकार।' लेकिन ये नौजवानों को और स्पेशियली दलित समाज के लोगों को सड़क पे लाने को आतुर हैं। एमसीडी में एसडीएमसी ने इस तरीके से वहाँ पे 980 कर्मचारियों को उठाके बाहर कर दिया है और वो कर्मचारी सड़क पे पिछले दस दिन से सड़क पे वहाँ पे कड़ी धूप में बैठे–बैठे आंदोलन कर रहे हैं। मैं भी उनके बीच गया था, उनकी बहुत जायज मांगे हैं और उनकी माँग पूरी होनी चाहिए।

मेरी सदन से गुजारिश है कि जिस भी तरीके से ये माँग को पूरी हो सकती है, कष्पया करके वो कमेटी में भी तलब करें उन अफसरों को और इस माँग को देखें और इस माँग को परखें और इस माँग को, इस ये सदन इन सारे भाइयों के साथ, दलित भाइयों के साथ, जो कि इसमें ज्यादातर कर्मचारी जो हैं, दलित समाज से विलाँग करते हैं, तो इन सारे कर्मचारियों के साथ वो उनके साथ कंधे से कंधा मिलाके खड़े हों और इस मेरे इस प्रश्नों को कमेटी में रेफर करा जाये, शुक्रिया।

Ekkuuh; v/;{k% श्री विशेष रवि जी।

Jh fo'k"k jfo% जी धन्यवाद, अध्यक्ष जी। अध्यक्ष जी, मेरी विधान सभा के अंदर एक ये महिला हैं, शेड्यूल कास्ट बैकग्राउंड से आती हैं, इनका नाम श्रीमती रीता है। इनकी शादी 2007 में हुई थी, 2017 में इनके हसबैंड का देहांत हो गया था। हसबैंड के देहांत होने के तुरंत बाद इनके घरवालों ने इस महिला को घर से निकाल दिया। तब से ये महिला अपने घर पर रह रही थी। इनकी बेटी की उम्र जब दाखिले की हुई और जब स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करने गयी तो वहाँ पर स्कूल में उन्होंने उनसे एस.सी. सर्टिफिकेट माँगा। एससी सर्टिफिकेट लेने के लिए जब अपने ससुराल वालों से संपर्क किया इन्होंने तो उन्होंने मना कर दिया कि हम सर्टिफिकेट नहीं देंगे। ये महिला खुद भी एससी हैं। अपनी बेटी के लिए जो शूड्यूल कास्ट लोगों को, इस समाज से आने वाले लोगों को सुविधाएं मिलती हैं, इन सारी सुविधाओं से ये वंचित रहने वाली हैं, ऐसा लगता है इनके हिसाब से। एसडीएम आफिस में हमने पता किया कि अगर महिला वो शेड्यूल कास्ट है, उनके पिता शेड्यूल कास्ट हैं, पूरे परिवार के उनके कागजात हैं, तो आप उनके कागजात क्यों नहीं एक्सेप्ट कर रहे हैं? तो उनका ये कहना है कि बेटी का या बच्चे का, किसी का भी शेड्यूल कास्ट सर्टीफिकेट बनना है तो उसके लिए हसबैंड का ही चलता है, माँ की साइड का नहीं चलता। तो सर, ये एक बहुत गंभीर समस्या है। इसी तरह से और लोग भी वहाँ पर आते हैं, जो बाकी लोगों के पास भी आते होंगे कि अगर हसबैंड ने छोड़ दिया, वो जिंदा है, हसबैंड ने छोड़ दिया और वो अपने घर पर है और माँ जो सिंगल इंडिपेंडेंट वूमेन है, वो अपने बच्चों को पाल रही है और वो एससी सर्टीफिकेट बनवाने जाती है तब भी उनका सर्टिफिकेट नहीं बनता है।

सर, मेरी आपसे प्रार्थना है, सदन के माध्यम से प्रार्थना है कि माननीय मंत्री जी यहाँ बैठे हुए हैं, ये एक बहुत ही गंभीर समस्या है। ये महिला... इन्हीं की तरह

बहुत और बहुत सारी महिलाएं मजबूर हैं, जिनको अपना बच्चे का सर्टिफिकेट बनवाना है, उन सुविधाओं का लाभ लेना है, लेकिन वो नहीं ले पाती हैं, तो इस नियम में कुछ बदलाव किए जायें। अगर मंत्री जी के पास कोई जानकारी है इसको लेके तो वो भी सदन के सामने रख दें। नहीं तो मेरी प्रार्थना है कि इसमें इस नियम में बदलाव लाया जाये। अगर महिला भी एससी है, तो उनके बच्चों का सर्टिफिकेट उनके सर्टिफिकेट के द्वारा बनना चाहिए, धन्यवाद।

Jh egUn xk;y% मैं विशेष रवि जी की बात का समर्थन करता हूँ क्योंकि बच्चा जो जन्म लेता है माँ के पेट से लेता है और माँ यदि एससी/एसटी कोटे से आती है तो उसके आधार पे उसको उसका ये अधिकार मिलना चाहिए और ये सदन के अंदर प्रस्ताव है, आपके समक्ष है, मैं चाहूँगा कि यदि सदस्य सभी इसका समर्थन करेंगे तो शायद बहुत अच्छा रहेगा।

(सभी सदस्यों ने मेज थपथपाकर समर्थन किया।)

Ekkuuh; v/;{k% सदन में कुछ...

...(व्यवधान)

Jh egUn xk;y% इनका कुछ नहीं है। इसके मतलब ये सदस्य हमारे शायद या तो अनभिज्ञ हैं इससे... उनका बनना चाहिए।

Ekkuuh; v/;{k% महेन्द्र जी, गहलोत जी उत्तर दे रहे हैं।

ekuuh; jktLo e=h¼ Jh dyk'k xgykr½% माननीय अध्यक्ष महोदय...

Ekkuuh; v/;{k% गंभीर विषय हैं, वैसे इसपे...

ekuuh; e=h] Jh dyk'k xgykr% जी।

Ekkuuh; v/;{k% ये गंभीर विषय अगर ऐसा कुछ है...

ekuuh; jktLo e=h% अध्यक्ष महोदय जब ये 280 का सवाल के बारे में पता चला तो रेवेन्यू डिपार्टमैंट के कुछ आफिशियल्स क्योंकि ये सर्टिफिकेट रेवेन्यू डिपार्टमैंट द्वारा जारी किया जाता है तो इसके बारे में कुछ बहुत ज्यादा जानकारी नहीं मिल पायी। मतलब कौन से एक्ट के तहत हम ये सर्टिफिकेट इश्यू कर रहे हैं, ये जानने की कोशिश मैं कर रहा था। इतना पता चल पाया कि ये सैण्ट्रल गवर्नमैंट का ऑर्डर है, जिसके तहत ये सर्टिफिकेट जारी किए जाते हैं। लेकिन जो मुद्दा विशेष भाई ने उठाया, बिल्कुल सही बात है कि अगर कोई भी बच्चा उस बेडलॉक के टाइम जन्म हुआ, इर्रेस्पेक्टिव कि उसके पिता उसके साथ हैं या नहीं हैं, किसी भी कारण से, चाहे उनका देहांत हुआ या डिवोर्स हुआ या सेपरेटेड हैं और इसमें जो भी उचित कदम उठाने पड़ेंगे, वो बिल्कुल उठायेंगे। अगर उसमें अमेंडमेंट... रूल्स में अमेंडमैंट करने पड़ेंगे, तो वो भी मैं लिखूँगा बिल्कुल, क्योंकि बिल्कुल बहुत गंभीर विषय है और ये बिल्कुल होना चाहिए, धन्यवाद।

Inu iVy ij iLrqr dkxtkr

Ekkuuh; v/;{k% चलिए। अब माननीय श्री सत्येन्द्र जैन जी, माननीय ऊर्जा मंत्री निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियाँ सदन पटल पर प्रस्तुत करेंगे:–

(क) दिल्ली विद्युत विनायमिक आयोग उपभोक्ताओं के शिकायतों के निवारण के लिए मंच और ऑम्बडमैन विनियम 2018 दिनांक 08 मार्च, 2018 के संदर्भ में दिल्ली राजपत्र अधिसूचना संख्या–3 दिनांक 09 मार्च, 2018 हिन्दी, अंग्रेजी प्रतियाँ; और

(ख) दिल्ली शहरी आश्रम सुधार बोर्ड का वर्ष 2016–17 का वार्षिक प्रतिवेदन अंग्रेजी प्रति, इससे पहले माननीय सत्येन्द्र जैन जी रखें।

मैं एक मिनट के लिए... एक पुस्तक सभी को वितरित की गयी है। पहला कदम है, हो सकता है कि कुछ गलतियाँ रहीं हों, ये कमेटियाँ हर साल ये पुस्तक प्रकाशित होगी। कमेटियों ने जो भी कार्रवाई की है, अध्यक्ष जरा संज्ञान में ले लें, वो कार्रवाई भी पिछले दो पेजों में, तीन पेजों में छापी गयी है और उसको भी पूरा इस वर्ष जो भी कमेटियाँ स्टेप उठायेंगी, उसमें इसको जगह मिलेगी। माननीय सत्येन्द्र जैन जी।

Jh egsUnz xks;y% एक हिन्दी कॉपी भी होनी चाहिए।

Ekkuuh; v/;{k% हाँ, आ रही है हिन्दी कॉपी भी आ रही है। आ रही है बिल्कुल आ रही है। माननीय सत्येन्द्र जैन जी।

Ekkuuh; ea=h] Jh lR;sUnz tSu% माननीय अध्यक्ष महोदय मैं आपकी अनुमति से कार्य सूची के बिन्दु क्रमांक–3 में दर्शाये गये अपने विभाग से संबंधित निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति[1] सदन पटल पर प्रस्तुत करता हूँ:

क) दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए मंच और ऑम्बडसमैन विनियम, 2018 दिनांक 08 मार्च, 2018 के संदर्भ में दिल्ली राजपत्र अधिसूचना संख्या– 03, दिनांक 09 मार्च, 2018 (हिन्दी–अंग्रेजी प्रतियां)

ख) दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड का वर्ष 2016–17 का वार्षिक प्रतिवेदन (अंग्रेजी प्रति)

1.www.delhiassembly.nic.in पर उपलब्ध।

Lkjdkjh ladYi ¼fu;e&90½

Ekkuuh; v/;{k% सरकारी संकल्प (नियम 90) माननीय उप–मुख्यमंत्री, श्री मनीष सिसोदिया जी संकल्प प्रस्तुत करेंगे। बेहत्तर जीवन गुणवत्ता के लिए दिल्ली की जनता के अकांक्षाओं की दृष्टिगत

Jh fotsUnz xqIrk% ...(व्यवधान)

Jh euftanj flag fljlk% ...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% मैं अब इसके बाद, मैं... आप बैठिए, मेरे साथ कल हो सकता है... कोई बड़ी बात नहीं है। मैं कल भी रखवा सकता हूँ, अभी क्यों आध ा–पौना घंटा उसमें खराब हो गया। अब मैं सदन को स्थगित नहीं कर रहा हूँ। मैं कल इसको आपसे, अभी इस सदन के बाद में बात करूँगा निश्चित रूप से। माननीय उप–मुख्यमंत्री जी।

Ekkuuh; mi eq[; ea=h ¼Jh euh"k flLkksfn;k½% अध्यक्ष महोदय, मैं नियम 90 के तहत सरकारी संकल्प प्रस्तुत करने के लिए इस सदन की अनुमति चाहता हूँ।

Ekkuuh; v/;{k% यह प्रस्ताव सदन के सामने है;

जो इसके पक्ष में हैं, वे हॉ कहें;

जो इसके विरोध में हैं, वे न कहें;

(सदस्यों के हॉ कहने पर)

हॉ पक्ष जीता, हॉ पक्ष जीता।

प्रस्ताव पारित हुआ।

माननीय उप मुख्य मंत्री महोदय को संकल्प प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई। अब माननीय उप मुख्य मंत्री संकल्प प्रस्तुत करेंगे।

ekuuh; mi eq[; ea=h ¼Jh euh"k fl lksfn;k½ अध्यक्ष महोदय, इस संकल्प को प्रस्तुत करने से पूर्व मैं इस संकल्प के संबंध में कुछ मूल बातें रखना चाहता हूँ सदन के समक्ष। देश की राजधानी दिल्ली है और दुनिया के सभी देशों में हर राज्य वहाँ कोई ना कोई शहर उसका नेशनल कैपिटल होता है। वहाँ की एक गवर्नेंस होती है, राष्ट्रीय परिदृश्य में भी वहाँ जो लोग रह रहे हैं, उनकी जरूरतों के परिदृश्य में भी। राष्ट्रीय राजधानियों में दुनिया भर में जो भी लोग रहते हैं, वो दुनिया के लोग होते हैं... अलग–अलग शहरों से दुनिया के देशों से भी आये होते हैं लेकिन राष्ट्रीय संदर्भ में देखें तो पूरे देश से आये हुए लोग होते हैं। कोई भी सरकार उनकी जरूरतों के ध्यान रखे बिना उनके लिए काम किए बिना अपने आप को डेमोक्रेटिक कहने का दंभ करे, अपने आपको कहे कि हम तो लोकतंत्र हैं और हम अपने देश की राजधानी में बैठे हुए लोगों के लिए बहुत ध्यान नहीं रखते हैं, उनको उनके डेमोक्रेटिक राइटस का ध्यान रखते हैं तो किस आधार पे कह सकती है? मैं कहना चाहता हूँ कि राजधानी में आज की तारीख में जो व्यवस्था लागू है, पूरे देश से आकर लोग रहते हैं कश्मीर से, कन्याकुमारी से, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, सब जगह से रहते हैं। उस राज्य में रहते हुए किसी एक व्यक्ति के वोट से चुनी हुई किसी वहाँ के राज्य के लोगों के वोट से चुनी हुई सरकार उस व्यक्ति के लिए वहाँ के लोगों के लिए जो कल्याणकारी जो डेवलपमेंट के काम कर सकती है और जिस अधिकार के साथ कर सकती है, वो अधिकार दिल्ली के वोटर के वोटर से बनी हुई सरकार के पास नहीं है। मैंने इसीलिए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र है दुनिया में भारत ही एक मात्र देश नहीं है जहाँ किसी देश के पास राजधानी है और वहाँ आदमी रहते हों। दुनिया के हर

देश में राजधानी है और हर राजधानी में लोग रहते हैं और हर राजधानी में उस देश ने वहाँ अपने लोगों की सुविधा के लिए, विकास के लिए व्यवस्थायें कर रखी हैं। अब ये बड़ा आश्चर्य लगता है कि गाजियाबाद में रहने वाला एक आदमी उससे उसके वोट से चुनी हुई सरकार के पास में उसके लिए काम करने के लिए ज्यादा शक्तियाँ हैं, दिल्ली में रहने वाला एक आदमी जो कि इस अपेक्षा में होता है, होना चाहिए कि मैं तो इस देश की राजधानी में रहता हूँ मेरे लिए तो और बढ़िया व्यवस्थाएं होनी चाहिए। दिल्ली में रहने वाले एक आदमी के वोट से बनी हुई सरकार के पास में और कम सुविधाएं हैं। गाजियाबाद वाले से भी कम हैं, गुड़गाँव वाले से भी कम हैं, फरीदाबाद वाले से भी कम हैं। मैं सिर्फ नियरिंग कह रहा हूँ कि दस किलोमीटर दूर आते ही सिटीजनशिप अधूरी कैसे हो सकती है। वोटिंग राईटस... मेरे वोट की पॉवर कम कैसे हो सकती है! ये बात थोड़ी सी थेयोर्टिकल लगेगी लेकिन हकीकत है जिन भी आप परिस्थितियों में 1993 में दिल्ली समेत चुनी हुई सरकारों ने काम करना शुरू किया, तब से लेके अब तक विभिन्न परिस्थितियाँ रहीं। मैं कई फाइलों में देखता हूँ, पिछले राज्य सरकारों ने हर पार्टी की सरकार रही है। यहाँ काँग्रेस की भी रही है, बीजेपी की भी रही है। अब आम आदमी पार्टी की सरकार है। हर राज्य की, हर पार्टी की सरकारों ने इस लड़ाई को लड़ने की कोशिश की है, इस झंझट को झेला है कि जब वो कुछ करना चाहते हैं, वहाँ से एलजी साहब कुछ लिख देते हैं फिर सेंट्रल गवर्नमैंट से कुछ लिख के आ जाता है और उसकी वजह संविधान में किए गये प्रस्ताव में कहीं कोई खामी भी है लेकिन साथ–साथ इफेक्टिव इम्पलीमेंटेशन और मंशा में भी खामी है। सेम राज्य की सरकार, सेम पार्टी की सरकारें यहाँ रहीं वहाँ रहीं, मुझे नहीं पता, उनके बीच क्या वैस्टेड इंटरेस्ट थे। तब एक व्यवस्था चलती है, दूसरी पार्टी की सरकार आ गई तो दस साल पुराने कानूनों को निकाल–निकाल के कहा जाता है कि ये तो हो ही नहीं सकता।

मैं अब थोड़ा सा आपके समक्ष उदाहरण रखना चाहता हूँ। आम आदमी पार्टी एक आंदोलन से निकली और सबसे बड़ी बात है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आंदोलन से निकली जिसे दिल्ली की जनता ने 67 सीटस देके विधान सभा में भेजा, 70 में से। और उसकी प्रमुख माँग थी; आम आदमी पार्टी का जो मूल आंदोलन था; 'जन—लोकपाल बिल' पारित करना। हम जब सत्ता में आये तो आते ही जन—लोकपाल बिल पे काम करना शुरू किया। 'जन लोकपाल' बिल पे जब काम करना शुरू किया तो उसके कई सारे प्रोविज़ंस ऐसे रहे जिसमें ये आया, ''साहब ये तो सैंट्रल गवर्नमैंट से कराना पड़ेगा।'' यही सरकार अगर उत्तर प्रदेश में होती तो उत्तर प्रदेश में, लखनऊ में बैठी हुई सरकार बिना केन्द्र पे निर्भर हुए अपने नागरिकों के लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अच्छा सशक्त बिल पास कर सकती थी लेकिन यहाँ, कि साहब इसमें केन्द्र सरकार की मंजूरी लेनी जरूरी है क्योंकि संवैधानिक व्यवस्था है। क्योंकि कानून में व्यवस्था है तो आज भी जन लोकपाल बिल इसलिए पास नहीं हो पाया क्योंकि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है। अगर आज दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो जन लोकपाल बिल कभी का पास हो गया होता और उस जन लोकपाल की वजह से ये जो हम जितने भ्रष्टाचार के मसले यहाँ पे उठा रहे हैं ना, हमारे साथियों ने उठाये, ''साहब जमीन में घोटाले हो रहे हैं, कुछ नहीं कर सकते। विधानसभा में क्वैश्चन पूछ के भी... जवाब भी दे देंगे तो गोल—मोल दे देंगे। भ्रष्टाचार तो वहाँ चल ही रहा है। कई और चीजें हो रही हैं। मिड—डे मील की बात करते हैं, राशन की बात करते हैं हम 'डोर स्टेप डिलीवरी' की बात करते हैं, जिन इन सब चीजों में जो भ्रष्टाचार हो रहा है ना, तीन साल हो गये इस सरकार को काम करते—करते, छः महीने में लोकपाल आ गया होता और आज लोकपाल पकड़—पकड़ के ऐसे तमाम अफसरों को जेल में डाल देता जो भ्रष्टाचार करने की कोशिश कर रहे हैं, हिम्मत कर रहे हैं अभी। अगर आज

ये दिल्ली एक पूर्ण राज्य होता। अगर आज दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो जन लोकपाल बिल दिल्ली के आम आदमी को इतनी मजबूती दे चुका होता कि दिल्ली में वो बड़े फख्र के साथ कहता कि मैं, मेरे राज्य में चपरासी से लेके और मुख्य मंत्री तक कहीं भी कोई भ्रष्टाचार करता है तो मेरी गारंटी है उसको जेल भिजवाना, मैं भिजवा दूँगा। आम आदमी कह सकता लेकिन आज दिल्ली का आम आदमी नहीं कह सकता। क्यों? क्योंकि पूर्ण राज्य नहीं है। उसका नुकसान ये है कि हम लोकपाल बिल पास नहीं कर सकते। लोकपाल बिल लागू नहीं कर सकते। जन लोकपाल बिल वो सैंटर के पास पड़ा हुआ है। आज सैंटर के पास अध्यक्ष महोदय...

...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% भई, बैठ जाइए आप, बैठ जाइए प्लीज। बैठिए, बैठिए। कपिल जी, बैठ जाइए आप। बैठ जाइए, बैठ जाइए प्लीज। कपिल जी, बैठ जाइए। बैठ जाइए आराम से, बैठ जाइए।

Ekkuuh; mi eq[; ea=h % अध्यक्ष महोदय, दिल्ली से दिल्ली विधानसभा में, दिल्ली विधानसभा में...

...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% बैठिए। अरे! क्यों उसके...

Ekkuuh; mi eq[; ea=h% अध्यक्ष महोदय, इस विधान सभा ने जो दिल्ली के लोगों की चुनी हुई विधानसभा है।

...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% सौरभ जी, सौरभ जी माननीय मंत्री जी बोल रहे हैं। सौरभ जी।

Ekkuuh; mi e|[; e=h% इस विधान सभा ने जो दिल्ली के लोगों की चुनी हुई विधान सभा है, इसने जन–लोकपाल बिल पास करके सैंटर के पास भेजा हुआ है।

...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% माननीय मंत्री जी बोल रहे हैं।

Ekkuuh; mi e|[; e=h% तो आज सिर्फ इसलिए क्योंकि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है दिल्ली को जन लोकपाल बिल का लाभ नहीं मिल पा रहा लेकिन अगर पूर्ण राज्य होता तो छः महीने... सरकार बनने के छः महीने के अंदर–अंदर जन–लोकपाल बिल लागू हो गया होता और आज फख्र के साथ दिल्ली का हर नागरिक कह रहा होता कि आज दिल्ली में जीरो करप्शन है क्योंकि यहाँ जन लोकपाल बिल लागू हो गया है जिसके लिए दिल्ली ने और देश ने लड़ाई लड़ी थी।

इसी तरह अध्यक्ष महोदय, आम आदमी पार्टी जिस अवधारणा पे काम कर रही है; डिसैंट्रलाइज्ड मॉडल, आम आदमी को पॉवर मिले डिसिजन लेने कि, आम आदमी गवर्नेंस में रोजमर्रा की गवर्नेंस में भागीदारी करे। हमने यहाँ पे सिटीजन लेड फण्ड भी इस विधानसभा में पारित किया था इस उद्धेश्य के साथ की पूरे दिल्ली में मौहल्ला सभा बनाके उन मौहल्ला सभाओं को अधिकार दिया जायेगा कि वो अपने डेवलपमैंट फण्ड का इस्तेमाल करें। आज एक आम आदमी दिल्ली का छोटी–छोटी चीज के लिए... पार्क की रिपेयर करवानी है, नाली रिपेयर करानी

है, नाली साफ करानी है, सीवर साफ कराना है, बिजली का बिल बदलवाना है, इन सब छोटी–छोटी चीजों के लिए कहीं न कहीं जेई पे निर्भर रहता है, एक्सईन पे निर्भर रहता है। एमएलए को कहता है, एमएलए मंत्री को कहता है। सब कुछ सचिवालयों में और मुख्यालयों में कैद कर रखी है सारी पॉवर। वो निकल के दिल्ली के आम आदमी के पास जाती है। वो कहता भई, ये सीटिजन लैड फण्ड है, बैठके हम निर्णय ले रहे हैं सीटिजन बैठक, मोहल्ला सभाओं में निर्णय ले रहे हैं। इस बिजली के बल्ब को बदल दो, इस नाले को ठीक करा दो। वो स्वराज की व्यवस्था जो लागू होनी थी, मोहल्ला सभाओं की, वो सिर्फ इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि उसमें एलजी साहब ने टाँग अड़ा दी। आज अगर दिल्ली पूर्ण राज्य होता, आज अगर दिल्ली में एलजी के पास स्वराज की व्यवस्था में टाँग अड़ाने की पॉवर नहीं होती तो आज पिछले तीन साल से दिल्ली में मोहल्ला सभाएं इतनी एम्पावर हो गई होती, जैसे दुनिया के कई ओर देशों में काम कर रही हैं, आज दिल्ली में सीटिजन लैड फण्ड से लोग अपनी छोटी–छोटी चीजें बहुत आराम से करवा चुके होते। लेकिन क्योंकि पूर्ण राज्य का बीच में फच्चर लगा के एलजी के पास टाँग अड़ाने की पॉवर दे रखी है, एलजी कभी भी नहीं चाहते। क्योंकि केंद्र में बैठी हुई सरकार नहीं चाहती, केंद्र में बैठी हुई सरकार की पार्टी को लगता है कि अगर यहाँ स्वराज आ गया, अगर यहाँ स्वराज के तहत लोगों ने अपने काम खुद कराने शुरू कर दिए, छोटे–छोटे डवलपमैंट के काम खुद निर्णय लेके कराने शुरू कर दिए तो फिर तो हमारा तो अस्तित्व खत्म हो जाएगा, ईमानदारी से सरकार चल रही है; एजूकेशन पे काम कर रही है, सस्ती बिजली, पानी उपलब्ध करा रही है, निर्णय लेने की क्षमता लोगों में बढ़ा दी, फिर तो अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा इसलिए जानबूझ के वहाँ से टाँग अड़ाई जाती है और ये सिर्फ इसलिए है क्योंकि आज दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है, दिल्ली में दिल्ली की विधान

सभा के पास आज... अभी थोड़ी देर पहले हम चर्चा कर रहे थे। ये कैसे हो सकता है कि कोई शिक्षा निदेशक या कोई शिक्षा सचिव किसी विधान सभा को ये लिख के दे दे कि हम ये नहीं बताएंगे कि दिल्ली सरकार में स्कूलों में शिक्षकों के कितने पद खाली पड़े हैं। वो भी हवाला दे के कि ये तो साहब सर्विस मैटर है, एलजी साहब ने हमको मना किया हुआ है, सर्विस मैटर की जानकारी विधान सभा को नहीं दी जाएगी। स्कूलों में शिक्षकों की कितनी संख्या कम है। इसका सर्विस मैटर से क्या लेना–देना है? और ये विधान सभा क्यों नहीं पूछ सकती है किसी शिक्षा निदेशक या शिक्षा सचिव से? आज अगर दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो किसी एजूकेशन डायरेक्टर की, किसी एजूकेशन सेक्रेटरी की हिम्मत नहीं पड़ती कि विध ाान सभा को कह दे कि मैं नहीं बताऊँगा... हम नहीं बताएंगे।

अध्यक्ष महोदय, यमुना... यमुना पे काम होना है, डीडीए को काम करना है, अब डीडीए के क्षेत्र में डाला हुआ है। आज अगर दिल्ली पूर्ण राज्य होती तो यमुना को साफ करने की जिम्मेदारी, यमुना के साफ करने की जिम्मेदारी इस विधान सभा के प्रति अकाउंटेबिल होती और जो सिस्टम काम कर रहा है, वो यहाँ से ये विधायक मिलके यहाँ से करवा लेते इसको, ये सरकार मिलके यहाँ से करवा लेती इसको।

अध्यक्ष महोदय, आज हमें स्कूल खोलने होते हैं। हमने कहा स्कूल, उदाहरण देके बता रहा हूँ हमने कहा, ''दिल्ली में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस चलाएंगे।'' मैंने कहा। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की हमने एक प्रस्तावना बनाई कि ये अलग तरीके के स्कूल होंगे जिसमें दिल्ली से सरकारी अध्यापक और कुछ गेस्ट अध्यापक या स्पेशल विजिटर्स, विजिटिंग अध्यापक, एक्सपर्ट अध्यापक लाके उनका एक मॉडल बनाएंगे और उसको एक सोसाइटी के रूप में चलवाएंगे जैसे केंद्रीय विद्यालय सोसाइटी से चलते हैं, एलजी साहब के यहाँ मंजूरी लेना हमारी मजबूरी है, उनकी

कन्करैंस लेना, उनकी कन्करैंस के लिए फाइल गई तो वहाँ से लिख के आया, ''इसका मतलब दिल्ली सरकार मान के चल रही है कि सरकारी स्कूल सिस्टम ठीक से नहीं चल रहा।'' अरे! ये तो पूरा देश मान के चल रहा है सरकारी स्कूल सिस्टम ठीक नहीं चल रहा। तभी तो इतनी मेहनत करनी पड़ रही है इसमें, इसलिए इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। नहीं दी गई, अगर आज दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जैसी चीजों पर एलजी साहब की यूं टाँग अड़ाने की जरूरत नहीं पड़ती। टाँग अड़ाने के उनके पास एम्पावरमैंट नहीं होता। मैं और उदाहरण बता रहा हूँ; 6—8 महीने के लिए इनकी सरकार रही दिल्ली में, केंद्र सरकार के अधीन रहा, इन्होंने आनन—फानन में एक उद्घाटन कराया, ईस्ट दिल्ली में, आईपी यूनिवर्सिटी के ईस्ट दिल्ली कैंपस का, पूरा फनफेयर के साथ में फोटो—वूटो छपे, बड़ी वॉल छपी, साहब आईपी यूनिवर्सिटी का उद्घाटन हो गया। हमें भी अच्छा लगा, ''चलो, ठीक है।'' किसको खराब लगेगा? हम कोई अच्छा काम करते हैं, सिरसा जी भी बताते हैं, भई स्कूलों में अच्छा काम हो रहा है। चलो, ठीक है। कॉलेज में अच्छा काम हो रहा है, ठीक है। हमें भी अच्छा लगा, लेकिन जब सरकार में आए हमें लगा ईस्ट देहली को एक अच्छा प्राँगण मिल जाएगा, ईस्ट देहली को एक अच्छा कॉलेज प्राँगण मिल जाएगा। यहाँ पे बच्चे पढ़ा करेंगे। तो पता चला कि सिर्फ उद्घाटन का माइल स्टोन है अभी तक आईपी यूनिवर्सिटी के पास में तो छोड़ दो, दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के पास भी उसकी जमीन नहीं दी गई थी। अब उसको दो साल लगे हमें इस बात में खतो—खिदाबत करते हुए जिसका उद्घाटन तत्कालीन एलजी साहब और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री जी कर गई, उसके उद्घाटन के बाद उस विश्वविद्यालय के पूर्वी कैंपस के लिए, पूर्वी दिल्ली कैंपस के लिए जमीन लेने में मुझको दो साल लगे। डीडीए लिखता रहा, ''नहीं साहब, जमीन तो खरीदनी पड़ेगी।'' हमने कहा, ''ठीक है जी, खरीद लेते हैं, पैसे दे देते हैं।'' पैसे देने के

बावजूद जमीन लेने में दो साल लगे हैं जबकि उसका उद्घाटन पत्थर, राष्ट्रपति शासन के दौरान लगा दिया गया, शिलान्यास कर दिया गया। ये सब क्या है? ये सब, ये बता रहा है कि अगर चुनी हुई राज्य सरकार, मंशा से काम कर रही है। हमको इस बात से कोई गुरेज नहीं था। भई, शिलान्यास क्यों कर दिया? करना चाहिए, सरकार अगर कोई शुरूआत कर रही है, उन्होंने बजट रखा होगा, उन्होंने कर दिया। लेकिन उससे चार कदम हम आगे आए, अब हमने कहा, ''आगे बढ़ाते हैं।'' तो पता चला, जमीन ही नहीं है। जमीन लेने–लेने में दो–ढ़ाई साल लग गए। क्योंकि एलजी साहब और डीडीए दोनों बैठे हुए हैं और डीडीए का तो काम सब लोग बताते हैं। आजकल मुझे कई लोग कहते हैं... मैं जाता हूँ: 'डीडीए इज नोट अ लैंड डेवलमैंट एजेंसी, इट ए टिपिकल ओथराइज कॉन्सीटयूशनल प्रोपर्टी डीलर इन देहली। जो कुल मिलाके प्रोपर्टी माफिया का काम करता है। तो अगर आज दिल्ली में ये जमीन जिसकी मैं बात कर रहा हूँ, वो दिल्ली में अगर पूर्ण राज्य होता और वो दिल्ली सरकार की जमीन होती, दो दिन में ट्रांस्फर करा देते, ढ़ाई साल लगा, उसको पैसे देके डिपार्टमेंटस से जमीन लेने में। तो ये इसलिए रख रहा हूँ क्योंकि आम दिल्ली के, आम आदमी को पूर्ण राज्य पूर्ण राज्य, पूर्ण राज्य तो एक शब्द है लेकिन पूर्ण राज्य की व्यवस्था नहीं होने का दिल्ली के एक आम वोटर को, दिल्ली के एक आम आदमी को क्या नुकसान हो रहा है, मैं थोड़ा–सा उसपे संज्ञान डालना चाह रहा हूँ, अपने संकल्प प्रस्तुत करने से पहले। हमें हजार मोहल्ला क्लीनिक बनानी थी, अब कोई सड़क कहीं है, सड़क के किनारे बनना है, इनके पास बहुत सारी जमीनें इन्होंने छानी, इन्होंने इंजिनियर्स भेज–भेज के जमीनें छाँट ली, खूब जमीनें देखी लेकिन उन जमीनों पे मोहल्ला क्लीनिक बनाने के लिए मंजूरी कहॉ से लेनी है, ''जी, एलजी साहब के यहाँ से।'' वो किसी ने एक उठा के शिकायत कर दी कॉग्रेसी ने, नाम लेना भी ठीक नहीं है। जब उसकी कोई सीट ही नहीं है तो उसका नाम ही क्या लें यहाँ पे? शिकायत कर दी,

''साहब बहुत भ्रष्टाचार है, मोहल्ला क्लीनिक में।'' ''चलो जी, जाँच करा लो।'' पर मोहल्ला क्लीनिक थोड़ा बंद कर रहे हो। आज बहुत सारे आईएएस भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। अपने आईएएस के पद खत्म कर दिए क्या? अगर मोहल्ला क्लीनिक में भी भ्रष्टाचार था, ''जाँच करा लो।'' पर मोहल्ला क्लीनिक का प्रोजैक्ट रुकवाने के मकसद से किसी अपने मित्र से शिकायत करवा ली। फिर फाइल रख के बैठ गए और फिर मोहल्ला क्लीनिक के प्रोजैक्ट को पास करवाने के लिए, उसको आगे बढ़वाने के लिए तमाम विधायकों ने धरना दिया, जा के तब उस प्रोजैक्ट से आगे बढ़ा... वहाँ से एलजी हाउस से बाहर निकल के आया। मैं ये कह रहा हूँ कि अगर आज पूर्ण राज्य होता, तो एलजी साहब के पास तो फाइल जाने की जरूरत ही नहीं थी। आज दिल्ली की चुनी हुई सरकार, स्वास्थ्य मंत्री और जो भी कन्संर्ड मिनिस्टर थे, वो तय करके नीचे से कर देते, मोहल्ला क्लीनिक आज बन गई होती। आज हजार मोहल्ला क्लीनिक अगर ढ़ाई साल, तीन साल बाद भी नहीं बन पाई हैं, उनमें से कितनी काम कर रही है अभी? 164 काम कर रही है, हजार मोहल्ला क्लीनिक काम करने लगती 6 महीने... एक साल के अंदर–अंदर अगर पूर्ण राज्य होता।

अध्यक्ष महोदय, हम सीसीटीवी लगाना चाह रहे हैं पब्लिक प्लेसेज में, आरडब्ल्यूएज ने अपने पैसे खर्च करकर के सीसीटीवी लगवा रखे हैं, हर मोहल्ले में, मतलब... छोटे से छोटे मोहल्ले में भी अगर आरडब्ल्यूए है तो सबसे पहले काम बेचारे वो ही करते हैं, ''जी चोरी–चकारी रोकने के लिए, चैन स्नैचिंग रोकने के लिए, सीसीटीवी लगवा दो। कम से कम पता तो चल जाएगा।'' अपने पैसे से बेचारे करके लगवा रहे हैं चारों तरफ, दिल्ली सरकार से, एमएलए से मिलते थे। हमने कहा, ''जी सरकार भी लगवा सकती है ये तो।'' हमने कहा, ''जी, हम सीसीटीवी लगवा देंगे।'' हमने बजट भी रख दिया, इस विधान सभा ने बजट पास

भी कर दिया। सरकार ने काफी स्क्रूटनी करके एक आध बार टैंडर इधर–उधर हुआ, फेल हुआ, फिर टैंडर भी कर दिया, कंपनियाँ भी आ गईं। अब कंपनी को ये कहना था, ''भई सीसीटीवी लगाना शुरू कर दो, आरडब्ल्यूए से बात करो, वहाँ के लोकल पुलिस वालों से बात करो, महिलाओं से बात करो और सीसीटीवी लगाना शुरू कर दो।'' वर्क अवार्ड करना था, वर्क अवार्ड करने की जैसे ही पता चली, फिर लगाया, दिल्ली में सीसीटीवी लग गए तो एक तो ये सरकार पॉपुलर हो जाएगी। दूसरा, कई तरह के काले धंधे में इनके अपने जो लोग लगे हुए हैं, वो भी पकड़े जाएंगे। अब तो सरकार के ऑथराइज सीसीटीवी लगेंगे चारों तरफ। तो बहुत तरह के खतरे थे इनको। कई तरह के काले धंधों में लगे रहते हैं। सीसीटीवी सिर्फ इसलिए नहीं रोके जा रहे कि आम आदमी की सरकार का कोई पॉपुलर काम रोकना है, बल्कि इसलिए भी रोके जा रहे हैं कि अगर पूरी दिल्ली में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के कहने पर, आरडब्ल्यूएज के कहने पे सीसीटीवी लग गए तो उसके बाद इनके कई नेता और कई इनके अपने–अपने लोग काले कारनामे करते हुए पकड़े जाएंगे उन सीसीटीवी में। तो तुरंत एलजी साहब ने एक सीसीटीवी समिति का बहाना बना के कि साहब एसओपी बनाएंगे हम तो। वो एसओपी बनाने के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया, एसओपी का मतलब है कि अब सीसीटीवी नहीं लगने हैं क्योंकि एसओपी का मतलब है एक एसडीएम परमिशन देगा, लाइसेंसिंग देगा, एसओपी का मतलब है सो जाओ.... एसडीएम से परमिशन लेनी पड़ेगी। आरडब्ल्यूएज तक को एसडीएम से परमिशन लेनी पड़ेगी अब आगे आने वाले समय में। मैं सुन रहा हूँ... अखबार में पढ़ रहा था मैं।

तो मैं कहना चाह रहा हूँ अध्यक्ष महोदय, अगर आज दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो सीसीटीवी कब के लगने शुरू हो गए होते। नहीं लग पा रहे हैं, इसलिए क्योंकि एलजी साहब के पास पॉवर दे रखी है। हर चीज में एलजी साहब के पास

पॉवर दे रखी है और एलजी का काम... एलजी का एकमात्र काम ये है कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकना कैसे हैं। एलजी के पास और कोई काम नहीं है। पिछले तीन साल का इतिहास उठाकर देख लीजिए। दिल्ली की चुनी हुई सरकार अगर कुछ पब्लिक इन्ट्रेस्ट में काम कर रही हो, उसको रोकना कैसे है। उसमें चाबी कैसे घुमानी है, उसमें अफसरों को बुलाकर कैसे हड़काना है, ''तुम काम कैसे कर रहे हो?''

तो ये दिल्ली मैट्रो के प्राइसिंग का मसला उठा। दिल्ली में बसेज हैं पब्लिक ट्रांसपोर्ट को हम सब चाहते हैं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट बढ़े। दिल्ली के लोगों के टैक्स के पैसे से दिल्ली मैट्रो बन रही है। अब उसमें किराया कितना हो, ये दिल्ली की चुनी हुई सरकार को तय करना चाहिए। चुनी हुई सरकार के पास ये पॉवर होनी चाहिए कि वो सरकार तय कर सके कि किराया कितना होगा ताकि पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बढ़ावा दिया जा सके। लोग कारों की जगह मैट्रो में चलना पसंद करें। लेकिन नहीं, दिल्ली मैट्रो का प्राइस भी अलग से तय होगा उसमें भी बढ़ा दिया गया। चुनी हुई सरकार के मना करने के बावजूद, बार–बार मना करने के बावजूद मैट्रो का किराया बढ़ा दिया गया। दिल्ली वालों के ऊपर बोझ डाल दिया गया। आज दिल्ली में पूर्ण राज्य होता तो किसी की हिम्मत नहीं थी जो दिल्ली में मैट्रो का किराया बढ़ा देता। यहाँ से पूर्ण राज्य की डिमांड उठती है। पूर्ण राज्य इसलिए नहीं कि किसी मुख्यमंत्री के पास ज्यादा पॉवर आ जाए, मंत्री के पास ज्यादा पॉवर है। पूर्ण राज्य इसलिए कि दिल्ली के लोगों के पास पॉवर आ जाए कि उनकी चुनी हुई सरकार उनकी मैट्रो का किराया बढ़ने से रोक सके। उनकी चुनी हुई सरकार उनके लिए इन्टरेस्ट में काम कर सके। वूमेन्स सिक्योरिटी फोर्सेज बनाई गई थी लेकिन तुरंत दिल्ली पुलिस ने टाँग अड़ाई, ''नहीं–नहीं, इससे दिल्ली पुलिस को कॉन्फ्लैक्ट हो जाएगा।'' बाकी राज्यों में भी पुलिस के

सहयोग के लिए बहुत सारे दल बनाती हैं सरकारें... काम करते हैं। क्योंकि पुलिस की अपनी सीमा है, पुलिस के काम करने के... पुलिस के पास इन्वेस्टिगेशन से लेकर लॉ एण्ड ऑर्डर से लेकर सिक्योरिटी तक। लेकिन जब जैसे–जैसे उसके आगे और पेरलल दल बनाते हो आप, पैरा पुलिसिंग, पैरा फोर्सेज बनाते हो और मदद मिलती है उनसे। महिला सुरक्षा दल बनाने का एक प्रयास शुरू हुआ था। उसको सिर्फ इसलिए फेल कर दिया गया क्योंकि दिल्ली पुलिस तो साहब, चुनी हुई सरकार के अंडर में नहीं आती, आप कैसे महिला सुरक्षा के बारे में बात कर सकते हो? ''क्यों नहीं कर सकते भई?'' ''क्योंकि पूर्ण राज्य नहीं है।'' अगर पूर्ण राज्य होता तो आज दिल्ली की हर विधानसभा में दिल्ली के कोने–कोने में जो महिला सुरक्षा दल का प्रयोग किया गया था, वो पूरी तरह से इंप्लीमैंट हो चुका होता। लेकिन नहीं करने दिया गया क्योंकि पूर्ण राज्य नहीं है दिल्ली। इसी विधानसभा ने गेस्ट टीचर्स के ऊपर एक बिल पास किया था; बार–बार गेस्ट टीचर की माँग उठती है। ये अनैतिक है, अमानवीय है कि किसी व्यक्ति को हम उसकी योग्यता के आधार पर पहले चुनें, कान्ट्रैक्ट पर रखें, उसका शोशण करें और जब उसकी सरकारी नौकरी पाने की उम्र निकल जाए, पाँच साल बाद, आठ साल बाद, दस साल बाद, अचानक हम कहें, ''नाउ यू गेट लॉस्ट। अब भागो यहाँ से।'' अब हम दूसरे लोगों को रखना चाहते हैं। अब तुम कम्पिटिशन देकर आओ। लेकिन तुम्हारी उम्र निकल गई, अब हम तुम्हें कम्पिटिशन भी नहीं देने देंगे। हम तुम्हारे अनुभव का कोई... आज तक वो आदमी पढ़ा रहा है लेकिन जब हम कहते हैं, ''साहब, उसको वेटेज दे दो, उसको पढ़ाने का अनुभव है।'' कह रहे, ''नहीं, देने देंगे।'' अगर आज दिल्ली में पूर्ण राज्य होता तो दिल्ली के हजारों गेस्ट टीचर कब के परमानेंट हो गए होते। ये एलजी साहब को टाँग अड़ाने का कोई अधिकार नहीं मिलता उनको। ये बात–बात में एलजी साहब टाँग अड़ा देते हैं।

अनऑथोराइज कॉलोनीज... दिल्ली सरकार ने सरकार बनने के तीन महीने के अंदर–अंदर अनऑथोराइज कॉलोनीज को रेगूलराइजेशन के लिए एक ड्राफ्ट रेगुलेशन गवर्नमैंट ऑफ इंडिया को भेजा था, अध्यक्ष महोदय। तीन साल बीत गए, वो अभी तक कंसीड्रेशन में ही है। क्यों भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत पड़ रही है इसमें? अगर आज दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो अनऑथोराइज कॉलोनीज का रेगुलर करने का वो ड्राफ्ट अब तक अमल में आ गया होता और अनऑथोराइज कॉलोनीज का रेगूलराइजेशन का काम शुरू हो गया होता। सरकार बनने के तीन महीने के अंदर–अंदर अनऑथोराइज कॉलोनीज को रेगूलराइज करने का ड्राफ्ट्स इस सरकार ने बनाकर भेजा था सेंट्रल गर्वमैंट के पास। सेंट्रल गर्वमैंट का कोई इन्टरेस्ट ही नहीं है और होना भी नहीं चाहिए। सेंट्रल गवर्नमैंट को पूरे देश को एक बर्ड व्यू से देखना... सेंट्रल गवर्नमैंट के पास कायदे में ये समय हो ही नहीं सकता है। मैं कैसे अपेक्षा करूँ कि देश के अर्बन डेवलपमैंट मिनिस्टर के पास में इतना समय होगा कि वो करोल बाग की या शकूर बस्ती की या किसी भी इलाके की जगदीश प्रधान जी की विधानसभा की किसी मौहल्ले की ऑथराइज/ अनऑथोराइज कालोनी होने पर निर्णय लेने के लिए उसके पास समय क्यों हो? वो देश का यूडी मिनिस्टर है, उसके पास में देश के डेवलपमैंट के बड़े काम होने चाहिए। अनऑथोराइज कॉलोनी वो भी मतलब हम में से सारे लोगों की विधानसभा में कहीं न कहीं छोटे... नितिन की में है, ओखला में है, सब में है। राजेन्द्र गौतम जी की विधानसभा में है। खूब सारी अनऑथोराइज कॉलोनीज हैं। सीमापुरी की किसी गली... अनऑथोराइज बुराड़ी, किराड़ी दोनों है। बुराड़ी उधर है किराड़ी इधर है। तो सीमापुरी की किसी अनऑथोराइज छोटी सी गली में... उसको ऑथोराइज करने का, बने मकानों को ऑथोराइज करने का... ये काम देश के अर्बन डेवलपमैंट मिनिस्टर के हिस्से में क्यों होना चाहिए? इसमें तो इनप्रिंसिपल फ्लॉ है। कहाँ होगा उसके पास समय? ये तो ऐसे है, जैसे नाली खड़ंजे का

बनाने का काम हम प्रधानमंत्री जी को दे दें। मतलब... लेकिन ये लोकतंत्र की गर्वनेंस की व्यापक खामी है। मैं ये सोचूँ कि बुराड़ी के नाली खड़ंजे ठीक करने का काम... किराड़ी में किसी नाली में सीवर जाम हो गया, वो सीवर ठीक कराने का काम प्रधानमंत्री जी को दे दिया जाए। क्यों दे दिया जाए भई? प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री हैं। अर्बन डवलपमैंट मिनिस्टर, यूनियन अर्बन डेवलपमैंट मिनिस्टर हैं। उनका काम देश के शहरों का सार्वभौम विकास होना चाहिए, सार्वजनिक विकास होना चाहिए। उनका एक व्यू प्वाइंट बनना चाहिए पूरे देष में नगरीकरण का काम, सौन्दर्यकरण का काम कहाँ वर्ल्ड स्टैंडर्ड पे खड़ा हो जाकर, उसमें राज्य सरकारों की मदद करना होना चाहिए। लोकल गवर्नमैंट की मदद करना, होना चाहिए। उनका काम ये हो जाए कि वो तय करेंगे, ये तो ठीक नहीं है। ये गवर्नेंस में फ्लॉ है, ये गवर्नेंस की सोच में फ्लॉ है। जिसने भी ये सोचा, जहाँ भी ये सोचा गया... पर उसका दोष नहीं है। आज इसके बदलने की जरूरत है। ये संभव ही नहीं है.... और सिर्फ यूडी का बात नहीं है। हम पूरी दिल्ली के रिप्रेजेंटिव यहाँ बैठे हैं। विजेन्द्र गुप्ता जी की विधानसभा में किसी गाँव में किसी कालोनी में कोई सेक्सुअल हरॉसमैंट का इश्यू होता है, कोई महिला आरोप लगाती है या कुछ घटना घटती है। उसके ऑथोरिटी जाकर होम मिनिस्टर पे जाकर टिके एकाउंटेबलिटी की, ये तो वैसे ही ठीक नहीं है। देष के होम मिनिस्टर के पास में इतना समय... हम कैसे परिकल्पना में ला सकते हैं कि वो रोहिणी के किसी मौहल्ले में किसी अपार्टमैंट में होने वाले सेक्सुअल हरॉसमैंट तक का ध्यान रख लेंगे। संभव ही नहीं है, कैसे हो सकता है? देश के होम मिनिस्टर को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की बहुत सारी समस्याएं हैं। नक्सलवाद की समस्या है, उग्रवाद की समस्या है, आतंकवाद की समस्या है। बीएसएफ से लेकर सीआरपीएफ तक तमाम फोर्सेज उनके पास में हैं। दिल्ली पुलिस की एकाउंटेबलिटी वो भी इस मामले में कि दिल्ली के किसी छोटी सी गली में होने वाली किसी महिला के साथ

एक बड़ी सी घटना पे होम मिनिस्टर साहब संज्ञान लेंगे, कैसे हो सकता है ये? ये तो अनहोनी है। नहीं होने वाली बात है। भगवान को भी आप होम मिनिस्टर बना दोगे, वो भी इतना इफैक्टिव कैसे होगा कि वो दिल्ली पुलिस के वो जो छोटे–छोटे मेटर्स हैं, उनको एकाउंटेबल कर ले। वैसे तो होम मिनिस्टर देश का होम मिनिस्टर है चाहे लखनऊ में कोई क्राइम हो रहा हो बड़ा, चाहे दिल्ली में कोई ऐसा क्राइम हो रहा हो, कोई अंतर्राष्ट्रीय रेकेट काम कर रहा हो। होम मिनिस्टर की बहुत ऑथोरिटीज बनती है, हम उससे मना नहीं कर रहे, वो तो वैसे भी बनती है लेकिन किसी मयूर विहार में, किसी गली में होने वाली चैन स्नैचिंग की घटना पर कोई सोचेगा, ये एकाउंटेबलिटी किसके प्रति है जो होम मिनिस्टर के प्रति है। पुलिस नहीं पकड़ पा रही है, किसको जाकर कहे आदमी? होम मिनिस्टर को जाकर कहेगा? मेरे जैसा आदमी सोचेगा, यार! होम मिनिस्टर के पास में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, छत्तीसगढ़ से लेकर झारखंड तक तमाम वैसे ही समस्याएं हैं। चैन स्नैचिंग की घटना पर मैं क्यों... फिर सोचूँ, ''होम मिनिस्टर काम नहीं कर रहे।'' पर अगर आज दिल्ली में दिल्ली के होम मिनिस्टर के पास में ये अधिकार होता, अगर आज दिल्ली पूर्ण राज्य होती और दिल्ली को जब पूर्ण राज्य बना दिया जाएगा तो दिल्ली के होम मिनिस्टर के पास में ये अधिकार पूरी तरह से होना चाहिए और होगा। वो उसके प्रति... फिर पुलिस वहाँ की लोकल एकाउंटेबल होगी। वहाँ फिर होम मिनिस्टर को आप दिल्ली के पूछ सकते हैं। आप आज गाजियाबाद के होम मिनिस्टर को पूछ सकते हैं। आज गाजियाबाद में होने वाली किसी घटना पे लखनऊ में बैठे हुए होम मिनिस्टर को क्वैश्चन कर सकते हैं। पर गाजियाबाद में होने वाली किसी घटना के लिए आप देश के होम मिनिस्टर को क्वैश्चन नहीं करते हैं ना? फिर गाजियाबाद से दो किलोमीटर दूर आनन्द विहार में होने वाली घटना के लिए हम होम मिनिस्टर को कैसे क्वैष्चन कर

लेंगे और होम मिनिस्टर के पास कहाँ से समय आ जाएगा? ये कांसेप्ट में ही गड़बड़ है।

अध्यक्ष महोदय, 'डोर स्टेप ऑफ राशन' पे हमने कहा कि भई, दिल्ली में राशन की चोरी हो रही है। राशन पे हम लोग पुराने लंबे समय से काम करते रहे हैं। हमारे कई साथी राशन माफियाओं से भिड़े, राशन चोरी रूकवाने के लिए। राशन माफियाओं को हमने बाध्य भी किया, राशन ठीक से डिलिवर करने के लिए। आरटीआई का भी खूब सक्सेसफुली इस्तेमाल किया, राशन व्यवस्था को अकाउंटेबल बनाने के लिए। उससे अपनी एक लंबी समझ है कि राशन माफिया कैसे काम करता है या उसको कैसे रोका जा सकता है। किस तरह से गड़बड़ियाँ होती हैं। इन सबको करने के लिए 'डोर स्टेप डिलिवरी ऑफ राशन' की स्कीम ले के आए। एल.जी. साहब ने उसको भी रोक दिया। बोले, ''नहीं जी, ये तो नहीं हो सकती। ये तो फलाने फलाने है।'' आज दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो जिस वक्त ये आइडिया आया था, उसके एक महीने से दो महीने के अन्दर अन्दर दिल्ली में राशन की 'डोर स्टेप डिलिवरी' शुरू हो गई होती। ऐसी 'डोर स्टेप डिलिवरी ऑफ सर्टिफिकेट्स'... 'ऑफ रेवेन्यू डिपार्टमैंट' बहुत सारे ऐसे इश्यूज हैं अध्यक्ष महोदय, हमें याद है, इसी वाले मसले पे जब सरकार ने ये व्यवस्था पास करके केबिनेट से पास करके भेजी कि दिल्ली में सर्टिफिकेट बनवाने का काम दिल्ली में छोटे–छोटे जो सर्विसेज हैं, गवर्नमैंट की, वो डोर स्टेप पे दिलाने का काम सरकार इस तरह से करेगी कि लोगों को डोर स्टेप्स सर्विस मिल सके उसकी। तो एल. जी. साहब के पास फाइल गई, तो एल.जी. साहब ने बड़ा अच्छा तर्क भेजा जो मुझे लगता है कि किसी भी संवैधानिक पद बैठे हुए व्यक्ति की तरफ से अब तक का मेरे संज्ञान में, मैं पत्रकार भी रहा हूँ थोड़ा बहुत गवर्नेंस को पहले भी देखता रहा हूँ। अब तक का संवैधानिक पद पर बैठे हुए किसी व्यक्ति द्वारा किसी काम

को रोकने के दिशा में दिया गया, सबसे हास्यास्पद तर्क था। सबसे हास्यास्पद तर्क... बोले, साहब अगर आप 'डोर स्टेप डिलिवरी ऑफ सर्विसिज' करोगे। मतलब एक आदमी अगर सर्विसेज देने घर जाएगा तो उससे तो सड़कों पे ट्रैफिक बढ़ जाएगा, इससे पॉल्यूशन बढ़ जाएगा। मतलब... आप आज की तारीख में जितने भी सक्सेसफुल संस्थाएं काम कर रही हैं, आपको होम लोन लेना हो, आदमी घर पे आता है। आपको बैंक लोन कोई और लेना हो, पर्सनल लोन है; 50 हजार का पर्सनल लोन भी लेना हो तब भी आदमी घर पे आ के फार्म भरके ले जाता है। आपको पिज्जा डिलिवरी करवानी हो, घर पे आ जाता है। जब मैंने कहा कि साहब, पिज्जा डिलिवरी भी हो जाती है। तो कहा, ''पिज्जा डाउनलोड नहीं हो सकता।'' सर्टिफिकेट तो डाइनलोड हो सकता है। तब मैं गया राजेन्द्र गौतम जी के साथ में, वहाँ उनकी विधान सभा में। चार–पाँच विधान सभाओं का जगदीश जी से ले के कई लोगों का दफ्तर है, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट का, वहाँ पे और कई सर्विसेज वहाँ लोग लेने जाते हैं। हर दफ्तर के सामने दलाल बैठे हुए हैं और उन दलालों का काम है; आदमी जब अन्दर जाए, लंबी से लाइन में लग के आए, चार खिड़कियाँ बंद मिले, चार की पे लंबी–लंबी लाइन मिले तो वहाँ से आएगा, ''क्या करवाना है?'' ''सर्टिफिकेट बनवाना है।''

बाहर बैठा है मोटर साइकिल पे, ले लो उससे, वो बनवा देता है। वो 500 रुपये लेकर। उस 500 रुपये की रिश्वत को 200 रुपये की रिश्वत को रोकने के लिए जब 'डोर स्टेप डिलिवरी ऑफ सर्विसिज' का प्रपोजल बनाया तो एल.जी. साहब ने कहा, ''घर पे डिलीवर मत करवाना, नहीं तो ट्रैफिक बढ़ जाएगा, पॉल्यूशन बढ़ जाएगा इससे। करप्शन खत्म होने से किसका पॉल्यूशन बढ़ता है और किसका ट्रैफिक बढ़ता है, किसकी धमनियों में ट्रैफिक बढ़ता है, ये भी दिखता है। अगर आज दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो अब तक तो ये सारी चीजें लागू हो गई होती।

अध्यक्ष महोदय, हमारे सभी विधायक साथियों का इस क्षेत्र में अनुभव है कि... और इसमें पक्ष और विपक्ष दोनों के... क्योंकि हम बात करते हैं, सबका अपना अनुभव है कि अगर दिल्ली आज पूर्ण राज्य होता तो बहुत सारे... सबके पास उदाहरण हैं, बहुत सारे इश्यूज हैं बताने के लिए, पर इस संदर्भ में कुछ ऐसे उदाहरण ही रखे मैंने जो बहुत हम सब लोगों के बीच में कई बार चर्चा चुकी हैं कि अगर दिल्ली आज पूर्ण राज्य होता तो निश्चित रूप से डीडीए में भ्रष्टाचार नहीं हो रहा होता। दिल्ली पुलिस उसका मॉडल बनाया जा सकता है। मॉडल बनाया जा सकता है, उसके मॉडल पे भी चर्चा की जा सकती है कि देश की राजधानी और दुनिया की राजधानियों का अध्ययन किया जा सकता है। दुनिया की राजधानियों में लोकल गवर्नमैंट जो वहाँ की, उनकी स्टेट गवर्नमेंट्स हैं वहाँ पुलिस तक से ले के हर तरह की पॉवर्स हैं। दुनिया के जितने भी प्रोग्रेसिव कन्ट्रीज हैं, उन सबको स्टडी ले के, कि सेन्टर गवर्नमैंट के इन्ट्रेक्ट भी बाधित न हो और लोगों के पक्ष में जब चुनी हुई राज्य सरकार काम करें तो राज्य सरकार को भी पंगु सरकार न बनाया जाए, उसको उसके भी काम बाधित न हों। उसका मॉडल डेवलप्ड हैं डवलप्ड बहुत... पूरे देश दुनिया भर में हैं। उनसे हम सीख सकते हैं। अपना नया मॉडल बना सकते हैं। लेकिन आज जरूरत आन पड़ी है कि हम ये मॉडल बनाए। इसलिए मैं इस सदन के माध्यम से ये प्रस्ताव सदन में रखना चाहता हूँ और सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार को भेजना चाहता हूँ। केन्द्र सरकार को जाए और केन्द्र सरकार इसपे विचार करे। मैं अब प्रस्ताव पढ़ता हूँ:

Keeping in view the aspirations of the people of Delhi for a better quality of life commensurate with their contribution to the economy;

Also keeping in view the fact that the multiplicity of agencies have created obstacles in the all round development and progress of Delhi as a world class city;

Observing with concern that vested interests with no accountability have manipulated and corrupted the existing system of governance which was guaranteed by the Constitution for the people of Delhi;

Also noting that all the major political parties have supported the idea of full statehood to Delhi in their respective manifestoes;

This House resolves that the National Capital Territory of Delhi should be granted full statehood immediately.”

Ekkuuh; v/;{k% अब माननीय सदस्य चर्चा में भाग ले सकते हैं। श्री सौरभ भारद्वाज जी।

Jh lkjHk Hkkj}kt% अध्यक्ष जी, बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने इस चर्चा में मुझे चर्चा में भाग लेने का मौका दिया। अध्यक्ष जी, जब मनीष सिसोदिया जी, हमारे उप मुख्य मंत्री ये बता रहे थे कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले, ये कितना जरूरी है तो मैं बार बार विजेन्द्र गुप्ता जी को देख रहा था और मैं ये देखना चाह रहा था कि वो हाँ कर रहे हैं या ना कर रहे हैं। वो न हाँ कर रहे थे, न ना कर रहे थे सिर्फ कुछ कागज पढ़ रहे थे अपने और मनीष सिसोदिया जी ने बहुत सारे उदाहरण दिए कि इसलिए जरूरी है पूर्ण राज्य का दर्जा, इसलिए जरूरी है पूर्ण राज्य का दर्जा... इसलिए जरूरी है कि दिल्ली वालों को इज्जत मिले। इसलिए जरूरी है कि दिल्ली को बाकी राज्यों के अनुसार इज्जत मिले। फिर मैंने सोचा कि इसके अन्दर हम किसको कन्विंस करने की कोशिश कर रहे हैं कि दिल्ली को पूर्ण राज्य मिले क्योंकि अब कोई ऐसी पार्टी नहीं है जिसको कन्विंस करना रह गया है कि इसको पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। बीजेपी का तो ऑन रिकॉर्ड है कि बीजेपी पिछले 64 सालों से पूर्ण राज्य का दर्जा दिल्ली के लिए माँग रही है। 64 का 62 हो सकता है क्योंकि 1956 में जब दिल्ली के अन्दर

विधान सभा स्थगित कर दी गई थी तब से लेकर अब तक दिल्ली के अन्दर भाजपा राष्ट्रीय स्तर पे भी और दिल्ली के स्तर पे भी दिल्ली के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा माँग रही है। ये ऑन रिकॉर्ड... वी.के. मल्हौत्रा जी ने भी कई जगह कहा है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टोज में बार बार कहा है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। भाजपा की तो... मुझे लगता है कि पूरी की पूरी सियासत जो थी, शुरू में दिल्ली तक ही सीमित थी। दिल्ली में इनके ज्यादा नेता हुआ करते थे, जो भी नेता बाद में इनके नेशनल लेवल तक गए; चाहे वो लालकृष्ण अडवाणी हों, वी. के. मल्हौत्रा जी हो, मदन लाल खुराना हों, ये सभी लोग वो थे, जिन्होंने दिल्ली में मेट्रोपोलिटन काउंसिल से अपनी राजनीति शुरू की और जब इन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत की तो सबसे पहले कसमें इन्होंने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की ही खाई। मुझे नहीं लगता कि भाजपा का कोई भी वेटर्न लीडर ऐसा होगा जिसने दिल्ली को पूर्ण राज्य दिलाने की कसम खाई... वो बात अलग है इन्होंने कसम राम की भी खाई थी, मगर दिल्ली की तो पक्का खाई थी इन्होंने।

अध्यक्ष जी, 1952 के अन्दर दिल्ली में पहली बार विधान सभा बनी। जैसे कि धीरे धीरे सब स्टेट बनाए जा रहे थे तो दिल्ली के अन्दर भी एक स्टेट गवर्नमैंट आई, चुन के आई। चौ. ब्रह्म प्रकाश जो थे, वो दिल्ली के पहले मुख्य मंत्री बने और ये बात उस वक्त अखबारों के अन्दर अक्सर आया करती थी कि अब चौ. ब्रह्म प्रकाश जो हैं, वो दिल्ली के जो हक हैं, वो माँग रहे हैं और उस वक्त के जो प्रधान मंत्री थे पंडित जवाहर लाल नेहरू और उस वक्त के जो गृह मंत्री थी गोविन्द बल्लभ पंत उनकी चौ. ब्रह्म प्रकाश से बनती नहीं थी। ये डाक्युमेंटेड फैक्ट हैं और सिर्फ एक पर्सनल लड़ाई के चलते एक व्यक्तिगत लड़ाई के चलते दो राज नेताओं की व्यक्तिगत लड़ाई के चलते पूरी की पूरी दिल्ली को इतना बड़ा खामियाजा उठाना पड़ा कि 1955 में जब केन्द्र सरकार में प्रधानमंत्री जी को और

होम मिनिस्टर को ऐसा लग रहा था कि ये हमारे को ज्यादा परेशान करते हैं तो 1955 में उनसे इस्तीफा दिलवाया गया। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री के साथ 1955 में नाइंसाफी की गई, दिल्ली के साथ जो नाइंसाफी आज हो रही है, ये आज से नहीं, करीब 62–63 सालों से नाइंसाफी जो है, केन्द्र सरकार में बैठे हुए प्रधान मंत्री, गृह मंत्री... तब से ये सिलसिला चलता आ रहा है कि हम लोगों को दिल्लीवासियों को, हमारे बड़े बुजुर्गो को और हमें ये जो नाइन्साफी है, हमारे साथ की जा रही है। 1955 में दिल्ली के पहले मुख्य मंत्री से इस्तीफा करवाया गया। स्टेट रि–ऑर्गनाइजेशन कमीशन का हवाला देते हुए 1956 में दिल्ली के अन्दर विधान सभा जो है, भंग कर दी गयी। और 1956 में जो विधान सभा भंग की तो फिर दशकों तक दिल्ली के अन्दर विधान सभा नहीं बनने दी। दिल्ली के अन्दर जैसे कि बाकी देश के अन्दर लोग होते हैं। दिल्ली के अन्दर इसकी मूवमैण्ट बनी। लोगों का दबाव जो है, केन्द्र सरकार के ऊपर बना कि भाई जो दिल्ली के लोग हैं, वो अपनी प्राब्लम के लिए, अपनी समस्याओं के लिए कहाँ जाए। जवाहरलाल नेहरू जी के पास जाएं या गोविन्द बल्लभ पन्त के पास जाएं या इन्दिरा गांधी जी के पास जाए उसके बाद। तो लोगों के खड़ंजे की समस्या है, लोगों के जैसे कि माननीय उप मुख्य मंत्री बता रहे थे, सड़कों की समस्या है, पानी की समस्या है। उस वक्त डीटीसी की समस्या होती थी। इन समस्याओं के लिए लोग कहाँ जाएं। तो ना–नुकर करते हुए 1966 के अन्दर दिल्ली के अन्दर मैट्रो पोलिटन काउन्सिल बना दी गयी और बहुत पब्लिक प्रेशर के बाद इन्होंने ये मैट्रोपॉलिटन काउन्सिल बनाई। अध्यक्ष जी, उसके बाद भी ये जो नाइन्साफी थी ये जो सौतेलापन था दिल्ली के लोगों के साथ, ये चलता रहा। लगातार क्योंकि भाजपा दिल्ली के अन्दर सक्रिय थी और भाजपा कभी केन्द्र सरकार में नहीं आ पाती थी। तो लिहाजा कॉंग्रेस का ये पूरा का पूरा शययंत्र जो था, शुरूआती कुछ

दशकों में काँग्रेस का षडयंत्र रहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मत दो। यहाँ पर हमारी केन्द्र सरकार है। कल को राज्य इतना सक्रिय न हो जाए कि हमारी गर्दन तक इनका हाथ पहुँच जाए। तो दिल्ली के अन्दर जो है, भाजपा का थोड़ा मजबूत रहता था तो इसलिए काँग्रेस ने ये नाइन्साफी दिल्ली के लोगों के साथ की। लोगों को उम्मीद थी कि शायद भाजपा वाकई में ये चाहते हैं कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिल जाए। ये इतने सालों से कसम खा रहे हैं। हो सकता है, दिल में कुछ हो। 1977 में जब मोरारजी देसाई जी की सरकार बनी, उसमें लालकष्ष्ण आडवाणी जी मंत्री बने। वो दिल्ली की राजनीति से वाकिफ थे। उस वक्त भी दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने का जो बिल है, वो पर्लियामैण्ट में आया मगर उसको उस वक्त भी पास नहीं किया गया। इतने दिनों के संघर्ष के बाद 1991 में अध्यक्ष जी, दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने का जो एक्ट है, जो बिल है, वो पार्लियामैण्ट में आया और पास किया। और उस समय की जो पार्लियामैण्ट के अन्दर बहस चली थी, उसको मैं पढ़ रहा था और मेरा विशेष जो मकसद था; मैं ये जानना चाहता था कि मदन लाल खुराना जी... क्योंकि वो दिल्ली के नेता रहे हैं और दिल्ली की मुझे लगता है कि दिल्ली की लोकल राजनीति जो है, मदल लाल खुराना जी ने काफी की है और अच्छी की है। वो कह रहे हैं 1991 में, जब ये बिल जो पार्लियामैण्ट में आया, उस वक्त वो कह रहे हैं और वो जो प्रॉब्लम्स जता रहे हैं, जो बता रहे हैं, अध्यक्ष जी, वो प्रॉब्लम हू–ब–हू 1991 की जो प्रॉब्लम थी, वो आज 2018 के अन्दर हू–ब–हू वही प्राब्लम... मदन लाल खुराना जी उसमें कह रहे हैं एलजी अगर बात नहीं मानेगा तो क्या करोगे। मदन लाल खुराना जी इसमें कह रहे हैं डीटीसी के अन्दर बसें कम हैं तो इसके अन्दर केन्द्र सरकार क्या करेगी। मदन लाल खुराना जी कह रहे हैं कि जगदीश टाइटलर जी आप केन्द्र में मंत्री हो, बताओ, आपने दिल्ली के लिए क्या किया। इसमें मदन लाल खुराना जी बोल रहे हैं... केन्द्र के मंत्रियों से पूछ रहे हैं जो उस वक्त कांग्रेस के केन्द्र के

मंत्री थे, उनसे पूछ रहे हैं, जगदीश टाइटलर से पूछ रहे हैं, मुरली देवड़ा से पूछ रहे हैं और कई मंत्रियों से पूछ रहे हैं, नाम लेके पूछ रहे हैं, ''आप बताइए, आपने सीवर डिस्पोजल के लिए क्या किया दिल्ली के लिए। आपने दिल्ली की बिजली के लिए क्या किया, आपने दिल्ली के अन्दर डीटीसी बसेज के लिए क्या किया।'' और वो ही सारी की सारी समस्या जो है, आज वैसी की वैसी खड़ी हैं और आज वही बात जो है, दिल्ली के अन्दर हम लोग जो नये लोग चुनके आये हैं, हम भी वो ही सारी की सारी बातें कर रहे हैं कि दिल्ली के साथ ये जो नाइन्साफी हो रही है, ये क्यों हो रही है?

अध्यक्ष जी, मुझे ऐसा लगता है कि इसके अन्दर जैसे कि आप ये बहस हो रही है तो टीवी चैनल वाले डिबेट में बुला लेंगे और बोलेंगे, ''चलो, अब बहस करो कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए या नहीं मिलना चाहिए।'' इस पर बहस की तो कोई जरूरत ही नहीं है अब। इस पर टीवी चैनल का कोई होस्ट जो मात्र पाँच साल पहले खुद दिल्ली में आया है, उसको क्या पता कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए कि नहीं मिलना चाहिए। दिल्ली के अन्दर जो स्थापित पार्टियाँ हैं; कांग्रेस थीं, भाजपा थीं और अब आम आदमी पार्टी है। ये तीनों अपने मैनिफेस्टों में ये बात लिख चुकीं हैं और कई बार लिख चुकीं हैं और दशकों से लिख रही हैं कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। तब इस पर बहस होनी कि मैं सिरसा जी ये करूँ कि सिरसा जी आप मेरी बात मान जाओ या जगदीश प्रधान जी मेरी बात मान जाएं या विजेन्द्र गुप्ता जी मेरी बात मान जाएं या गुजरात से अभी जो चुन के आएं हैं नरेन्द्र मोदी जी, वो हमारी बात मान जाएं कि वो अब ये समझें कि दिल्ली को अब पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए या नहीं मिलना चाहिए। ये बहस एक बेमानी वाली बहस है। इस बहस की जरूरत नहीं है। ये बात स्थापित बात है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना ही

चाहिए। बहस ये होनी चाहिए कि कैसे मिले। जो–जो पार्टी हमारे इलाके के अन्दर बीजेपी को खासकर खुराना जी को जमीनी नेता माना जाता था और कहते थे, बसों के जो वो होते थे, शीशे तोड़–तोड़के, ट्यूबलाइट फोड़–फोड़के , स्ट्राइक कर–करके मुख्य मंत्री बने, बहुत संघर्ष किया उन्होंने, मुख्य मंत्री बनने से पहले। काफी प्रोटेस्ट करने वाले नेता कहलाते थे और मैं उनकी सारी स्पीचेज पढ़ रहा था। मैं देख रहा था, जब खुराना जी मुख्य मंत्री बनके चुने गये 1993 में। पहले मुख्यमंत्री बने। इतने बड़े अन्तराल के बाद तो उनका एक इन्टरव्यू छपा हुआ है इण्डिया टूडे के अन्दर, अंग्रेजी के अन्दर इण्टरव्यू है। और उसके अन्दर लिखा हुआ है कि मदन लाल खुराना जी इतनी बड़ी विजय के बाद दिल्ली सचिवालय में पहुंचे हैं। मुख्य मंत्री बने हुए हैं। उनके पास बड़े–बड़े प्लान हैं दिल्ली के लिए, गरीबों के लिए क्या करना है, होमलेस के लिए क्या करना है। एम्प्लायमैण्ट के लिए क्या करना है। कम्पलेन्ट सेल कैसे बनाऊँगा, सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं कैसे दूँगा। इतने बड़े–बड़े प्लान्स हैं और वो कह रहे हैं मगर मेरे पास यहाँ पर पॉवर ही नहीं है, मैं क्या करूं? ये मदन लाल खुराना का 1993 का पूरा का पूरा इण्टरव्यू छपा हुआ है। जिसके अन्दर उनको लगा है कि गवर्नर से भीख माँगनी पड़ती है यहाँ पर एक–एक चीज के लिए। ऐसा है अध्यक्ष जी, ये 1993 के बाद स्थिति बदली थी। 1993 के बाद 1998 के अन्दर ये स्थिति बदली। जब ऐसा किया गया कि लेफ्टिनेन्ट गवर्नर जो है, अपनी मनमर्जी नहीं चला सकते। उनको चुनी हुई सरकार की एड एण्ड एडवाइज के ऊपर काम करना पड़ेगा और पुलिस, लैण्ड और अन्य जो रिजर्व सब्जेक्ट है, उस पर भी उनकी सलाह लेनी चाहिए। वो जो स्थिति थी, उसको शीला दीक्षित जी ने मुझे लगता है कि 15 साल एन्ज्वाय किया। हालांकि 1998 का जो नोटिफिकेशन आया था, वो भी कॉंग्रेस की सरकार नहीं लाई थी, वो भी जनता दल की सरकार लाई थी या यूनाइटेड फ्रन्ट की सरकार

लाई थी। मगर वो ही मदन लाल खुराना जी वाली स्थिति नरेन्द्र मोदी जी 2015 में वापस ले आये या शायद 2014 में। वो नोटिफिकेशन तो शीला दीक्षित जी के समय में आया था, उसको वापिस ले आये। अध्यक्ष जी, मैं सिर्फ भाजपा के मित्रों के लिए ये बताना चाहूँगा कि कब–कब भाजपा ने और इनके बड़े–बड़े नेताओं ने दिल्ली के पूर्ण राज्य की बात कहीं है। पहले इनके पुराने नेता कालकादास जी, आलोक कुमार जी ने कई बार इस बात को दोहराया। मदन लाल खुराना जी ने तो मुख्यमंत्री बनते ही ये कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देना चाहिए। बाद में मुझे लगता है, वो शायद नौ सौ दिन रहे। उसके बाद साहिब सिंह वर्मा जी आये। उन्होंने फुल स्टेटहूड का ड्राफ्ट बनाके 1998 में तैयार किया और 1999 के अन्दर जब भाजपा का मैनिफेस्टो बना अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में, उस मैनिफेस्टों में लिखा गया... लोक सभा के मैनिफेस्टों में कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देना चाहिए। उसके बाद 2003 में ये मामला आया। उस वक्त वाजपेयी जी की सरकार थी और मुझे बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि मोरारजी देसाई जी की सरकार के बाद भाजपा की दुबारा सरकार बनी और छः साल इनकी सरकार रही। मगर इन्होंने इस छः साल के दौरान भी 1998 से लेकर 2004 तक इन्होंने दिल्ली के पूर्ण राज्य के दर्जे के ऊपर कोई निर्णय नहीं लिया। इन्होंने फिर धोखा दिया दिल्ली को। उसके बाद... मगर 2011 में दुबारा से भी वीकेमल्होत्रा जी ने कहा, लीडर ऑफ अपोजिशन के तहत, होते हुए कि दिल्ली को पूर्ण राज्य मिलना चाहिए। 2013 में जब नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने की तैयारी कर रहे थे तो गोवा में नेशनल एग्जीक्यूटिव की मीटिंग में भाजपा ने ये रेजल्यूशन पास किया कि हम दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। हम केन्द्र सरकार में आएंगे तो दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। फिर उसके बाद जो इन्होंने 2013 का चुनाव लड़ा, उसमें इन्होंने मैनिफेस्टो में कहा कि हम पूर्ण राज्य

की माँग करते हैं। उसके बाद जब नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 के लोक सभा का मैनीफेस्टो बनाया, अध्यक्ष जी, यह खास बात है और बड़ी बारीक बात है कि दिल्ली राज्य के लिए उन्होंने अलग से मैनीफेस्टो निकाला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में इलैक्शन की तैयारी करते हुए एक अलग से दिल्ली के लिए मैनीफेस्टो निकाला, जिसमें उन्होंने कहा कि हम जब सरकार में आएंगे, हमारी केन्द्र सरकार बनेगी तो हम दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। मगर बड़े दुःख के साथ हमें यह कहना पड़ रहा है, पूरी दिल्ली को यह कहना पड़ रहा है कि आज नरेन्द्र मोदी जी को आए हुए, केन्द्र की सरकार में आए हुए, नरेन्द्र मोदी जी को आज चार साल से ज्यादा हो गए हैं मगर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की तरफ एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया गया है। यहाँ तक कि जो शक्तियाँ शीला दीक्षित सरकार के पास हुआ करती थीं, उन शक्तियों को भी छीना गया है। चाहे वो एंटी करप्शन ब्रांच हो, चाहे वो सर्विसेज हो, चाहे वो अफसरों को तबादले करने की चीज हो, चाहे जितने भी मामले हों सब के अंदर जो शक्तियाँ हैं, उनको कम करने की कोशिश जो है, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की तरफ से की गई है। तो अध्यक्ष जी, मैं यह कह रहा था कि इसके ऊपर संकोच नहीं है हमें या इसके ऊपर चर्चा की जरूरत नहीं है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देना है या नहीं देना। चर्चा इस बात पर होनी चाहिए कि कैसे लेना है।

अध्यक्ष जी, हर राज्य जब लोक सभा के चुनाव में जाता है तो उस राज्य की कुछ एस्पेक्टेशन होती है केन्द्र सरकार से, जैसे तेलंगाना मूवमेंट चली, कई साल चली। तेलंगाना के अंदर जब भी लोक सभा का चुनाव होता था, उनका एक ही सिंगल प्वाइंट एजेंडा होता था तेलंगाना हमें कौन देगा। बीजेपी देगी या कांग्रेस देगी, कौन हमें तेलंगाना देगा। ऐसे ही जब उत्तराखंड बना, उसके बाद जब झारखंड बना, छत्तीसगढ़ बना, अध्यक्ष जी, यह बहुत बड़े–बड़े काम थे क्योंकि

इनको एक अलग राज्य चाहिए था जो अपने आप में एक बहुत बड़ा अमेंडमैंट था। ऊपर से उसके अंदर एक दूसरा ग्रुप भी रहता था जैसे अगर आप आंध्र प्रदेश की बात करें तो उसके अंदर तेलंगाना के जो लोग थे, वो चाहते थे, अलग राज्य बने क्योंकि वो प्रिंसपली स्टेट ऑफ हैदराबाद से आते थे मगर जो आंध्र प्रदेश के ओरिजनल लोग थे, वो चाहते थे, तेलंगाना न बने। क्योंकि उनको लगता था कि तेलंगाना बनने से नुकसान होगा। तो उसके अंदर फिर भी दो बड़े–बड़े पक्ष थे। एक चाहता था बने, एक चाहता था नहीं बने। ऐसे ही छत्तीसगढ़ के अंदर, झारखंड के अंदर मगर यहाँ पर तो कोई दूसरा पक्ष है ही नहीं। यहाँ पर तो सिर्फ एक ही पक्ष है; तीन पॉलिटिकल पार्टीज हैं दिल्ली के अंदर, तीनों ने अपने मैनीफेस्टो में लिखकर दे रखा है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाया जाए। कोई दूसरा पक्ष नहीं है जो कह रहा हो कि न बनाया जाए। तो दिल्ली को भी इस लोक सभा के चुनाव के अंदर यह लोक सभा का जो चुनाव दिल्ली का होगा, उसके अंदर दिल्ली को अपना सिंगल प्वाइंट एजेंडा रखना चाहिए। दिल्ली के एक–एक नागरिक को अपना सिंगल प्वाइंट एजेंडा रखना चाहिए। उस एजेंडे के अंदर यह बात नहीं होनी चाहिए कि मोदी जी 193 देशों में से 189 घूम चुके हैं बाकी चार घूम लें, उससे हमें क्या फर्क पड़ेगा। वो चार घूमे या अपने खर्चे से घूम लें बाद में। दिल्ली के लोगों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगली बार ये नोटबंदी करेंगे या क्या करेंगे, दिल्ली के लोग इनसे एक बात पर वायदा लें कि आप दिल्ली को दिल्ली का हक दोगे या नहीं दोगे? आप दिल्ली को सौतेला व्यवहार, जो आप पिछले 60–64–65 सालों से दिल्ली के लोगों के साथ यह जो सौतेला व्यवहार कर रहे हो, वो आप बंद करोगे या नहीं करोगे। दिल्ली के लोगों को आप जो सेकण्ड क्लास सिटिजन, जैसे गांधी जी के बारे में सुनते हैं कि साउथ अफ्रीका में उनको कहा गया कि आप सेकण्ड क्लास सिटिजन हो, आपको

ट्रेन से उतार दिया। अरे! हमारे देश में तो यह विकास की जो ट्रेन चल रही है, उसमें हमें 70 सालों से उतार रखा है, दिल्ली को बाहर कि आप सारे के सारे सेकण्ड क्लास सिटिजन हो, उतरो इस ट्रेन से बाहर निकलो और जो भी केन्द्र सरकार के अंदर आता है; चाहे वो काँग्रेस हो, चाहे वो बीजेपी हो, अध्यक्ष जी, यह बात मैं बड़ा साफ करना चाहता हूँ कि जब भी कोई पार्टी केन्द्र सरकार में अपनी सरकार बनाती है तो उस पार्टी के अंदर दो व्यूज बन जाते हैं। एक तो यह हो गए विजेन्द्र गुप्ता जी, जगदीश प्रधान जी, एक वो हो गया जो वहाँ पर सेंट्रल गवर्नमैंट में बैठ जाएंगे। वैसे ही काँग्रेस के वक्त में भी था शीला दीक्षित अपना अलग गाना गाती रहती थी, ऊपर अजय माकन जी बैठ गए थे सेंटर में, वो अपना अलग गाना गाते थे। अजय माकन जी, सुशील कुमार शिंदे जी अलग ही धुन बजा रहे होते थे और शीला दीक्षित जी नीचे अलग धुन बजा रही होती थी। दोनों एक ही पार्टी के थे मगर दोनों के ऑब्जेक्टिव बिल्कुल अलग हो जाते हैं। केन्द्र में जिस भी पार्टी की सरकार बनती है, उसका ऑब्जेक्टिव बिल्कुल अलग है। उसको कोई लेना–देना नहीं है दिल्ली के लोगों से। तो यह कहना कि केन्द्र के अंदर और दिल्ली के अंदर अगर एक सरकार बन जाएगी तो यह सुलझ जाएगा तो... तो यह कभी नहीं सुलझेगा। फिर तो वो कहते हैं, ''चुप रहो।'' जैसे शीला दीक्षित जी ने 15 साल बर्बाद कर दिए दिल्ली के। अगर शीला दीक्षित 15 साल दिल्ली के लोगों के लिए संघर्ष करती तो दिल्ली को पूर्ण राज्य मिल जाता। अगर भाजपा पाँच साल दिल्ली के लोगों के लिए संघर्ष करते, मदन लाल खुराना जी, साहिब सिंह वर्मा जी या सुषमा स्वराज जी... बाकी तो चलो, उनके बारे में नहीं कहना चाहिए पर सुषमा जी तो अभी भी हैं, वो भी बनी थी मुख्यमंत्री। उन्होंने भी कोई संघर्ष नहीं किया। आज मंत्री हैं, भूल गई वो दिल्ली को। तो दिल्ली के लोग कोई इनसे भीख नहीं माँग रहे हैं, कोई इनसे पैकेज नहीं माँग रहे हैं बाकी अगर

जगह जाओगे आप तो बिहार वाले लोग सीधा–सीधा कहते हैं कि हमें स्पेशल पैकेज दोगे मोदी जी, तो हम आपको वोट देंगे या कॉंग्रेस अगर स्पेशल पैकेज देगी तो हम आपको वोट देंगे। आँध्र प्रदेश भी स्पेशल पैकेज माँग रहा है। हम तो इनसे स्पेशल पैकेज भी नहीं माँग रहे। हम तो पूरी की पूरी दिल्ली... मुझे लगता है, चाहे वो भाजपा का दिल्ली यूनिट हो, चाहे वो कॉंग्रेस का दिल्ली यूनिट हो, चाहे वो आम आदमी पार्टी का दिल्ली यूनिट हो, सिर्फ एक माँग रखे कि भइया, केन्द्र में जो बैठेगा या बैठा हुआ है, वो दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देगा या नहीं देगा। बाकी सब चीजों से हमें कोई लेना–देना नहीं है। इन्होंने हमसे वायदा किया था, दिल्ली के लोगों ने वायदा पूरा किया। सात मेम्बर ऑफ पार्लियामैंट दिल्ली के लोगों ने भाजपा के जिताकर पार्लियामैंट में भेजें। उन सात मेम्बर ऑफ पार्लियामैंट ने अध्यक्ष जी, मैं ऑन रिकॉर्ड आपको बता रहा हूँ, इन सात मेम्बर ऑफ पार्लियामैंट ने जो दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के वायदे पर पार्लियामैंट में गए, इन्होंने आज तक एक बार भी इन चार सालों में ऐसी कोई डिस्कशन नहीं शुरू करी जिसके अंदर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बात हो। यह बहुत ही बड़ी और संगीन बात है कि जिस वायदे को करके ये सात लोग चुनकर गए, इन्होंने दिल्ली के लोगों के साथ वादा–खिलाफी की और अब बेशर्मों की तरह दोबारा वोट माँगने आने वाले हैं। तो इससे पहले दिल्ली के लोग जो है, वो निर्णय ले लें और दिल्ली की जो भी बड़ी–बड़ी प्रॉब्लम्स हैं, आप कोई भी प्रॉब्लम सोच लीजिए, चाहे दिल्ली की आज की जो दो बड़ी–बड़ी समस्याएं हैं, वो है सीलिंग और अनऑथोराइज्ड कालोनी। सीलिंग का यह जो पूरा का पूरा राक्षस है, यह दिल्ली के ऊपर सिर्फ इसलिए मंडरा रहा है क्योंकि दस साल पहले जब इस सीलिंग के राक्षस को आपको ध्वस्त करना था तो उस वक्त के मंत्री थे अजय माकन जी, उन्होंने नहीं किया। और आज मंत्री है हरदीप पुरी जी, वो भी नहीं कर

रहे हैं। दिल्ली के जो भाजपा के लोग हैं, वो हमसे मिलते हैं, बात करते हैं, कह रहे हैं, ''कोई सुन ही नहीं रहा।'' मैंने किसी से कहा कि आपके तो दो–दो मंत्री हैं; अरुण जेटली जी दिल्ली से हैं, हर्षवर्धन जी दिल्ली से हैं। उनसे बात करो, सीलिंग रुकवाओ। केन्द्र सरकार चाहे तो एक दिन में अध्यादेश ले आए। एक ऑर्डिनेंस अगर केन्द्र सरकार ले आए तो दिल्ली के अंदर सीलिंग रुक सकती है। उन्होंने कहा, ''ऐसा है जी, अरुण जेटली जी तो बहुत बिजी हो गए, वो हमारी सुनते नहीं।'' मैंने कहा, ''हर्षवर्धन जी।'' कह रहे हैं, ''हर्षवर्धन जी हमारी सुनते हैं, मगर उनकी कोई नहीं सुनता।'' मैंने कहा, ''यह भी अजीब स्थिति है। एक आपकी नहीं सुनता, एक की कोई और नहीं सुनता।'' तो फिर ऐसे लोगों को हम दिल्ली से चुनकर भेजे क्यों? और जहाँ पर बीजेपी के खुद के लोग दिल्ली यूनिट के कहते हैं, ''हम तो बर्बाद हो गए, हमको तो मार डाला इन्होंने। सारे दुकानदार हमको गालियाँ देते हैं कि क्या करा रहे हों? तुम्हारी तो केन्द्र में सरकार है।'' तो यह जो अध्यक्ष जी, मैं कह रहा हूँ चाहे अनऑथोराइज्ड कालोनीज का भी मामला हो, यह अनआथोराइज्ड कालोनी, यह सीलिंग का मामला, ये सारे मामले वो हैं, जो केन्द्र सरकार के पास हैं। आज अगर दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो हमको किसी हरदीप पुरी के पास जाने की जरूरत नहीं होती। जगदीश जी भी खुश होते, हम ही कर देते यहाँ पर, होम मिनिस्टर, हमारे जैन साहब कर देते। सुबह लाते शाम तक कर देते। इनका कुछ कर दो जी।

जगदीश जी, एक बात बताऊँ आपको, आपके सारे काम कर देते। आपने एक दिन ना यहीं पर खड़े होकर कह दिया, ''मेरा एक भी काम नहीं किया।'' फिर उन्होंने कहा, ''चलो, ऐसे ही ले लो फिर, ठीक है तो यह हमारी आपस की मजाक की बात है।'' जगदीश जी के सारे काम...

...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% दिल्ली में सबसे ज्यादा कमरे इनकी विधानसभा में बने हैं स्कूलों के।

Jh lkjHk Hkkj}kt% नहीं–नहीं, वो उनकी मुस्कराहट से हमें लगता है कि वो ठीक हैं और वो आदमी खराब नहीं हैं। इसके लिए उनके बारे में कुछ नहीं बोलेंगे। तो अनऑथोराइज्ड और सिलिंग अध्यक्ष जी दोनों जो हैं ये मामले भी दिल्ली के तुरंत सुलझ सकते हैं। मुझे लगता है इसके अंदर हमको पार्टी पॉलिटिक्स छोड़के एक बार ये फैसला करना चाहिए कि भई दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। फिर सब मैदान में आ जाओ। चुनाव आने वाला है दिल्ली का भी कोई दूर कोई ना है। एक डेढ़ साल संघर्ष में लगेगा फिर चुनाव आ जाएगा जो जितनी मेहनत करेगा, उसमें दिल्ली के लोग उसको जिताएंगे। अध्यक्ष जी, आपने मुझे मौका दिया, बहुत बहुत धन्यवाद।

Ekkuuh; v/;{k% अलका जी।

l|Jh vydk ykEck% धन्यवाद अध्यक्ष जी, मैं अपनी बात को बशीर बद्र साहब की दो लाइनों से शुरू करुंगी।

'दिल की बस्ती पुरानी दिल्ली है।
जो भी गुजरा है, उसने लूटा है।।''

ये दिल्ली की सच्चाई रही है कि इसकी सत्ता पर भी जब–जब जिसको काबिज होने का अवसर मिला, उसने इस दिल्ली के साथ छल किया, कपट किया, धोखा किया है। आज दिल्ली के पूर्ण राज्य के दर्जे के ऊपर हम अध्यक्ष जी, बात कर रहे हैं। इस सदन में ये प्रस्ताव पहली बार या पहली बार चर्चा नहीं हो रही है। इससे पहले की भी भाजपा और कॉंग्रेस की सरकारों ने इस मुद्दे के ऊपर प्रस्ताव लाये, चर्चा की, लेकिन वही अभी बात कर रहे थे तो बताया कि जब

मदनलाल खुराना जी थे, तब उन्होंने कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा न होने की वजह से ऐसा महसूस होता है कि एक शरीर बिना आत्मा के है। वो काम नहीं कर पाए मदनलाल खुराना जी। उसके बाद साहब सिंह वर्मा जी आए। इसी भाजपा के मुख्यमंत्री थे वो। उन्होंने ये कहा कि मैं इस सरकार का अधूरी राज्य की सरकार के मुख्यमंत्री बनने से ज्यादा वापिस अपने खेतों में जाकर खेती करना पसंद करूँगा और यही भाजपा की सरकार आज केन्द्र में है। ये सबसे पहले अगर किसी ने जहन में मुद्दा लाया कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए, उसके हक अधिकार मिलने चाहिए तो वो कोई और नहीं भाजपा खुद थी जो आज केन्द्र में बैठी है। जिसके सात सांसदों को लोगों ने इसी वायदे पर चुना कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

अध्यक्ष जी, मैं इस पूर्ण राज्य के दर्जे को महिलाओं की सुरक्षा से अगर जोड़कर बताऊँ तो ये हिंदुस्तान टाइम्स की 7 मई, 2018 इसी साल 7 मई की हैडलाइन है: 'Five women were raped every day in Delhi in first 100 days of 2018.' इसी साल के शुरू के 100 दिन जनवरी, फरवरी और मार्च के अगर आँकड़े देखें तो ये कहते हैं कि हर रोज दिल्ली के अंदर पाँच महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। मोदी सरकार आई 'बेटी बचाओ' के नारे के साथ। 2014 में इनकी सरकार बनी। अध्यक्ष जी, कुल एफआईआर हुई 11209। कुल एफआईआर महिलाओं के प्रति अपराध की एफआईआर 11209, उसमें से चार्जशीट कितने पर हुआ? 3890 और 7319 मामलों का कुछ अता पता ही नहीं कि वो कहाँ गये। वो एफआईआर, वो अपराध, वो न्याय जिनको मिलना था, वो कहाँ हैं? गायब हैं। 2015 में आ जाइए। इन्हीं की सरकार थी। हम बहुत पीछे नहीं जाते। 2015 में कुल एफआईआर हुई 7124, 7124 में से चार्जशीट किसमें हुआ? अदालत और कोर्ट तक कितने मुकदमे पहुंचे? 324। 6800 का आज तक कोई अतापता नहीं है। ये 2015 में 'बेटी बचाओ' के तहत केन्द्र शासित राज्य जिसके अधीन दिल्ली पुलिस कानून व्यवस्थाएं आती हैं, ये उनके आँकड़े हैं।

अभी मनीष जी ने कहा, 'एक गृहमंत्री हर राज्य के पास आप उठाइए। हरियाणा के पास, पंजाब के पास अपना खुद का गृहमंत्री है जिसके अधीन वहाँ की कानून व्यवस्था और पुलिस रहती है।' उसकी पूरी जवाबदेही अपने राज्य के प्रति लोगों की सुरक्षा के लिए रहती है लेकिन यहां, यहाँ हमारे पास एक देश के गृहमंत्री हैं जो हर एक मुद्दे पर कड़ी निंदा उनका नाम ही रख दिया कड़ी निंदा मंत्री क्योंकि वो कड़ी निंदा करके बस छोड़ देते हैं। वही गृहमंत्री हैं, जिन्हें कश्मीर के आतंकवाद से भी लड़ना है पत्थरबाजों से... उन्हें छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से भी लड़ना है और उन्हें ही हमारी बेटियों को जो है, वो न्याय देने के लिए जैसे अभी बताया जब वो यमुनापार का सीमापुरी और मेरा चाँदनी चौक इलाका है, वहाँ अगर किसी बेटी के साथ बलात्कार हो जाता है तो वो किसकी तरफ देखें? देश के गृहमंत्री की तरफ जिनके पास पूरे देश की जिम्मेदारी के साथ दिल्ली की इन बेटियों की भी जिम्मेदारी है। जो कड़ी निंदा करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। अध्यक्ष जी, हमारी माँग वही है कि दिल्ली के साथ छोटी छोटी मांगों के लिए मोहताज कर दिया है। अभी 14 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा महिला सुरक्षा के मद्देनजर पूरी दिल्ली के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगने चाहिए और सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा, ''अगर दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लग जाते या लग जाएं तो महिलाओं के प्रति अपराध में यकीनन कमी आएगी।'' फैसला कर दिया, बजट पारित हो गया। बिल्कुल टेंडर हो गये, सब कुछ हो गया। सबने हमने अपनी विधानसभा में कह दिया, ''बस एक मार्च से सीसीटीवी कैमरे लग जाएंगे।'' पर होता क्या है? 14 मई, 2018 को मुख्यमंत्री को सारे अपने विधायकों को लेकर एलजी साहब के घर के बाहर दोपहर 3:00 बजे से 7:00 बजे तक कड़कती धूप में गर्म सड़क पर हम सबको बैठना पड़ता है और वो एलजी साहब जिन्हें मदद करनी चाहिए, वो दिल्ली के विकास में मदद नहीं कर रहे, रोड़ा बन गये हैं। एक

स्पीड ब्रेकर का काम कर रहे हैं कि कोई भी काम दिल्ली सरकार करेगी, उसका रोड़ा बनना है, उसको स्पीड ब्रेकर का काम करना है, उसे किसी कीमत पर रोकना है। अभी हमारे जो हैं, ट्रांस्पोर्ट मिनिस्टर कैलाश जी हैं और कैलाश गहलौत जी ने एक ट्वीट करके हम सबको जानकारी दी कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने ये पारित कर दिया है कि 1000 नई बसें जो आ रही हैं, उस हर बस में सीसीटीवी कैमरा लगा होगा। उसमें पैनिक बटन लगा होगा। वो बस जीपीएस से जुड़ी रहेगी कि कहाँ वो बस जा रही है। उसमें एंटीस्किड सेफ्टी फीचर्स होंगे, मार्शल्स होंगे। फैसला हो गया, हो जाना चाहिए था। नहीं हुआ, ''क्यों?'' सरकार ने एलजी साहब को भेजा और एक कापी कोर्ट को भेज दी है। अब कोर्ट या एलजी साहब फैसला करेंगे कि ये 1000 बसें खरीद कर इसको महिलाओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित बनाया जाए या न बनाया जाए। हमारा हो गया लेकिन फायदा लोगों तक नहीं पहुँच रहा है और ये बात आज से नहीं अध्यक्ष जी, 2012 में जब निर्भया हुआ था, रात को एक बस पूरी दिल्ली में घूमती रही और हमारी बेटी के साथ एक जघन्य अपराध बलात्कार होता रहा। उस पर, कब से ये चल रहा है कि हर बस को जीपीएस से जोड़ना चाहिए, उसमें सीसीटीवी कैमरा होने चाहिए। उसमें मार्शल होने चाहिए और दिल्ली सरकार पिछले तीन सालों से कोशिश कर रही है पर हम, हमारा हर प्रस्ताव केन्द्र की मुहर का मोहताज होकर रह जाता है। और ये अपने आप में पहला प्रस्ताव नहीं है। मनीष सिसोदिया जी ने बहुत से प्रस्ताव बनाये; जन लोकपाल से शुरूआत की। हमने महिला सुरक्षा के कानून लेकर बात की। बहुत सी बात की लेकिन कोई प्रस्ताव आज तक यहाँ से जो पारित होकर गया है, वो वहाँ से मुहर लगकर आज तक वापिस नहीं आया। ये तो प्रस्तावों का प्रस्ताव है, महा प्रस्ताव है; 'दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा।' मुझे लगता है जो दिल्ली ने तीन साल में प्रस्ताव किए हैं, अगर वो भी पास कर दिये

गये होते, मुहर लग गयी होती, लागू हो गये होते तो अध्यक्ष जी, शायद आज ये मुद्दा इस विधान सभा में शायद न उठ रहा होता। लेकिन भाजपा के घोषणा पत्र में रहा कि हम सत्ता में आएंगे तो हम पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। काँग्रेस को तो बहुत स्वर्णिम मौका मिला था, अध्यक्ष जी। दस साल... इनकी पन्द्रह साल सरकार थी लेकिन उन दस पन्द्रह सालों में दस साल जब दिल्ली में थी तो दस साल केन्द्र में भी काँग्रेस की सरकार थी। उस काँग्रेस की सरकार के दौरान भी इस सदन में प्रस्ताव दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का आया पर बहुत दुःख की बात है एक धोखा एक छलाव हुआ। आज हमारे पास... मजबूरी समझ सकता है. .. दिल्ली को हम पूर्ण राज्य का दर्जा दिल्ली के लोगों को दिलाना चाहते हैं लेकिन केन्द्र में हमारी सरकार नहीं है। एलजी साहब रोड़ा और स्पीड ब्रेकर बने हुए हैं लेकिन उस समय की काँग्रेस सरकार के पास क्या बहाना है? 2015 तक के घोषणा पत्र में उन्होंने दोबारा जिक्र किया कि हम दिल्ली में आएंगे तो पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। लोग आज हमसे पूछते हैं, ''आपने भी तो कहा था। आपकी सत्ता जब केन्द्र में नहीं थी तो आपने क्यों घोषणापत्र में आम आदमी पार्टी ने लिख दिया कि हम दिल्ली में आएंगे तो हम पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे।'' हमने इसलिए कहा था क्योंकि हमारी नीयत साफ थी कि हम पूर्ण बहुमत से आएंगे तो दिल्ली के लोग, दिल्ली के चुने हुए प्रतिनिधि एक आवाज में इस प्रस्ताव को यहाँ से पारित करके हमारा जो 50 प्रतिशत है, वो रुकने नहीं देंगे, पूरा करके केन्द्र को भेजेंगे। और ये हकीकत है कि आज वो प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है और पूरी उम्मीद की जा रही है, इस सदन में इस प्रस्ताव पर चर्चा के बाद दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा जाएगा। अब समय है, केन्द्र की भाजपा की नीयत को देखने का कि क्या इस एक आवाज के बाद जो हमें था कि हम कर देंगे, क्योंकि हमें था कि आपके घोषणापत्रों में दिल्ली को पूर्ण राज्य

का दर्जा देने की बात है। 'बेटी बचाओ' के नारे में चंडीगढ़ भी वही मार झेल रहा है लेकिन चंडीगढ़ में अपनी विधानसभा नहीं है। यहाँ दिल्ली के पास खुद के चुने हुए प्रतिनिधि और एक विधानसभा है और पूरा उसके हिसाब से यहाँ पर मुताबिक काम होता है लेकिन चंडीगढ़ में भी आप देखिए, कानून ये अपने पास क्यों रखना चाहते हैं? उसकी सबसे बड़ी वजह... मैं फिर कहूंगी, उत्तर प्रदेश की तरफ अगर हम देखें, उन्नाव की तरफ देखें, भाजपा के एक विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की तरफ देखें कि किस तरीके से एक बलात्कार के आरोपी अपने विधायक को इनकी सरकार, इनके मुख्यमंत्री ने बचाने के पूर्ण प्रयास किये। ये इसलिए अपने हाथ में रखना चाहते हैं। चंडीगढ़ में हरियाणा के भाजपा के बेटे को बचाने के लिए ये कानून अपने हाथ में रखना चाहते हैं। ये बेटियों की सुरक्षा के लिए नहीं अपने हाथ में कानून रखना चाहते हैं। रखते तो 2015 के 17 के आंकड़े जो मैंने आपको बताये हैं कि हर रोज दिल्ली के अंदर प्रैच हमारी बेटियों के साथ बलात्कार हो रहा है। ये आँकड़े कुछ और होते।

अध्यक्ष जी, मुझे लगता है आज दिल्ली विधान सभा ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का मकसद उठाया है। इसमें एक और चीज कहूँगी, दिल्ली के अंदर 66 हजार पुलिस कर्मियों की कमी है। केन्द्र शासित राज्य; पुलिस–कानून आपके पास है, भर्ती आपको करनी है। एसएचओ से हवलदार से लेकर कमिशनर तक की। 66 हजार पुलिस कर्मियों की मार दिल्ली भारत की राजधानी झेल रही है। मुझे नहीं मालूम केन्द्र वो नियुक्तियाँ क्यों नहीं कर रहा है। और उसमें ये है कि अभी डिक्लेयर किया है सिर्फ तीन हजार... 66 हजार पुलिस कर्मियों की कमी है। नियुक्ति कितनों की अप्रूव की है अभी सिर्फ तीन हजार पुलिस कर्मी आपको नई दिल्ली को भर्ती करने के लिए इज़ाजत दी है। जो अभी पुलिस वाले हैं, वो कहाँ हैं? आधे से ज्यादा आपको वीआईपी सुरक्षा में दिखेंगे। देखिए, जितने सांसदों के घर हैं। पूरे देश का हर सांसद 545 राज्स सभा करे तो उससे ज्यादा और 1200

से करीब मुझे लगता है, 12 सौ या 15 सौ वीवीआईपीज जिनकी सुरक्षा में दिल्ली पुलिस सारे समय खड़ी है। और उतनी पुलिस दिल्ली सरकार के पीछे लगाई हुई है। मनीष जी के घर पहुँचे तो पाँच घंटे पूछताछ में लगा दिया उन्होंने समय। अरविन्द जी के घर पहुँचे दिल्ली के मुख्य मंत्री के तो छः घंटे वहाँ बैठ कर गुजार दिये। कभी सत्येन्द्र जी के यहाँ। तो इतना प्यार है कि हर तीसरे दिन ही पहुॅंच जाते हैं। तो आप इनके ऊपर अगर आप व्यस्त हैं कि पूरी सरकार और मुख्य मंत्री के लिए आपने पुलिस रखी हुई है, पूरा एक तबका और एक वीवीआईपी के लिए छोड़ा हुआ है। तो दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी किस के पास है? ये अपने आप में बहुत गम्भीर मामला है। फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन है, आप नहीं कर सकते। आपको पता है, अदालतों की हालत क्या है। साल पर साल तारीख पर तारीख... पर फास्ट ट्रैक कोर्ट नहीं है। दिल्ली को हक दिया है लोगों ने आप फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करिए, तुरन्त न्याय हो। महिला थाने बनाइए। महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति करिए। कुछ नहीं कर पा रहे हैं। और हमसे पूछते हैं, आप क्या कर रहे है? अच्छा है इस पर चर्चा हुई। जो लोग गुमराह थे, या जिन्हें गुमराह किया जा रहा था, अध्यक्ष जी, आज की चर्चा से यकीनन उनके सारे जो है, शक और जी, भी हमारे से शिकायतें दूर होंगी कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा न देने का एक कारण है कि दिल्ली के गृह मंत्री के पास कश्मीर से छत्तीसगढ़, नक्सलवाद–आतंकवाद... लड़ने से फुर्सत नहीं है। उसमें भी वो पूरी तरह से नाकामयाब हो रहे हैं। अगर वहाँ पर भी कामयाब होते तो थोडी सी तसल्ली हम कर लेते कि देश के गष्ह मंत्री जिनके पास दिल्ली के लोगों की महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वो देश के कश्मीर के आतंकवाद खत्म करने में कामयाब हुए। वो छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद को खत्म करने में कामयाब हुए। शायद हमारी शिकायतें कम होती लेकिन दोनों के साथ तीसरा मोर्चा दिल्ली में

महिलाओं को सुरक्षा देने में भी पूरी तरह से देश के गृह मंत्री नाकामयाब हुए हैं। हम जोरदार एक बार फिर से इस सदन में इस बात को उठाते हैं कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना ही चाहिए। वरना 2019 बहुत नजदीक है। भाजापा के सातों सांसदों को जब दिल्ली में दोबारा चुनाव लेने जाऐंगे तो यकीनन इस मुद्दे पर सिर्फ हमें नहीं, दिल्ली का एक–एक आम नागरिक इन खासतौर से हमारी महिलाएं जो असुरक्षित हैं जिनके रोज बलात्कार हो रहे हैं, जिन्हें न्याय नहीं मिल रहा है, यकीनन इस मुद्दे पर हम लोग इनको घेरेंगे। धन्यवाद अध्यक्ष जी।

v/;{k egkn;% श्री नितिन त्यागी जी।

Jh fufru R;kxh% धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। आपने एक बहुत ही अहम मुद्दे पर बोलने का मौका दिया है। जाहिर है, लोकतंत्र है। लोकतंत्र में सभी पार्टियाँ अपना जोर आजमाती हैं। अपने–अपने सपने लेकर आतें हैं। अपने–अपने वादे लेकर आते हैं। कुछ लोग जुमले भी लेकर आते हैं। परन्तु इस लोकतंत्र में पहली बार एक ऐसी सरकार आई जिन्होंने अपने वादों को, अपने मैनिफेस्टो को इतनी सीरियसली लिया है। एक ऐसा मुख्य मंत्री आया है जो अपने किए हुए वादों को इतनी रिलीजियसली फोलो करने की कोशिश करता है। और उस काम को रोकने के लिए दिल्ली में एक एलजी साहब बिठाए गए हैं। लोकतंत्र रहते हुए भी यहाँ पर राजशाही आज की तारीख में दिल्ली में चल रही है। ये बड़ा विचित्र है! लोकतंत्र में जहाँ पर जनता सबसे होने चाहिए और जनता के प्रतिनिधि जो चुनकर आते हैं उनको ये मौका मिलता है कि वे इस जनता की सेवा कर सकें, जिन्होंने इनको चुना है। वहाँ पर उनके हाथ बाँध दिये जाते हैं। मतलब जनता के हाथ बाँधे जाते हैं। जनता के प्रतिनिधि के अगर आप हाथ बाँधोगे, हम जो यहाँ पर आते हैं, इस सदन में आते हैं, आकर आवाज उठाते हैं तो अपने यहाँ के,

अपने क्षेत्र के लोगों के लिए आवाज उठाते हैं। उन लोगों के लिए आवाज उठाते हैं जिन लोगों ने हमको चुना है। इस काम के लिए और अगर उन्हीं लोगों की आवाज बंद की जाएगी तो मतलब जनता का गला घोंट रहे है, उनका मुंह बंद कर रहे हैं आप। उनके बोलने की, उनके हकों को सबको दबाने की कोशिश कर रहे हो। और एक सैलेरीड एम्पलाइ के जरिए... सैलेरीड एम्पलाइ! वो सैलेरीड एम्पलाइ जिसकी सैलेरी इसी जनता के टैक्स के पैसों से आती है। मैं सर, पहले अपने क्षेत्र की परेशानियों से बात शुरू करूँगा। मैं इसी बारे में बताऊँगा जो हर विधायक फेस करता होगा, चाहे वो आम आदमी पार्टी का हो, चाहे वो बीजेपी का हो, कॉंग्रेस है नही, अन्फॉर्च्युनेटली और अन्फॉर्च्युनेटली फॉर दिल्ली, पर जब मैं चुनाव लड़ रहा था 2014 एंड से लेकर 2015 तक बहुत सारे पोटेंशियल देखता है आदमी। अपने क्षेत्र में जो समस्या है या उसमें सुधार के जो भी... वहाँ पर क्षेत्र में सुधार के जो भी प्रावधान किए जा सकते हैं क्षेत्र के लोगों के लिए, उसके बारे में सोचता है, विमर्श करता है, लोगों से बात करता है। लोगों की परेशानियाँ पूछता है। उनसे आइडियाज लेते हैं और वो आइडियाज इम्पलीमैंट करने के लिए वादे भी किए जाते हैं और कोशिश भी की जाती है। लक्ष्मी नगर से मैं आता हूँ सर, वहाँ पर एजूकेशन का हब है सीए, सीएस स्टूडेंटस के बहुत सारे इन्स्टीट्यूट हैं। तो मैने उनसे कहा था कि एक लाइब्रेरी बड़ी सीए सीएस स्टूडेंटस के लिए बनवाऊँगा। डीडीए का एक 1200 मीटर का प्लाट पड़ा है वहाँ पर। साढे तीन साल हो गए सर वो प्लाट माँगते–माँगते। लाइब्रेरी भी बन जाएगी कि अकेले लाइब्रेरी नहीं बन सकती, ऐसा कोई प्रावधान है डीडीए में, तो उस वक्त हमारे टूरिज्म मिनिस्टर हमारे कपिल मिश्रा जी थे। उनकी मदद से और उसके बाद में अब मनीष जी की मदद से हम लोग इतने दिन से कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरीके से वहाँ पर कॉफी होम प्लस लाइब्रेरी प्लस एक आध चीज करके और एक

पूरा का पूरा वो प्रोजेक्ट बन जाए। ये साढ़े तीन साल हो गए हैं, ये प्रोजेक्ट नहीं आ पा रहा सर। एक और दूसरा प्लान है जहाँ पर प्रपोज किया। मेरे पास ये सब लिखित में है सर, डीडीए के साथ में जितना डिस्कशन हुआ है। एक और पीस ऑफ लैंड है जहाँ पर वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाने का प्लान है। एड़ी चोटी का जोर लगा लिया सर, वो फाइल आगे नहीं बढ़ पा रही है। कई जगह पर पार्किंग का प्लान है। पार्किंग की मेजर प्रोब्लम है; ईस्ट दिल्ली में आप भी जानते हैं। मेरे यहाँ तो बहुत ही ज्यादा ईश्यू हैं। विकास मार्ग बीच में से जाता है और बहुत कंजैस्टेड एरिया है। ढ़ाई लाख, सवा दो लाख वोटर हैं और 12 लाख पॉपूलेशन है। पार्किंग बहुत मेजर समस्या है। बहुत बार लैंड माँगा और मैं नहीं माँग रहा सिर्फ... मेरे से पहले वालिया जी जो बड़े मंत्री रहे हैं यहाँ पर, उन्होंने तक ने माँगा, वो लैंड मदर डेयरी से चिपका हुआ लैंड है। 4800 मीटर का है। उनसे तब कहा गया था... और मेरे से आज तक कहा जा रहा है, ''अगर मदर डेयरी को उस लैंड की जरूरत नहीं पड़ी तो तुम ले लेना।'' मदर डेयरी लिख कर दे चुकी है, ''उसके ऊपर हाई टेंशन वायर जाती है, हमें ये लैंड कभी नहीं चाहिए, हम कभी लेंगे भी नही।'' इसके बावजूद वो लैंड नहीं दिया जा रहा है। अनऑथोराइज्ड पार्किंग चल रही है। जो ये 1200 गज मैंने बताया आपको लैंड पहले जहाँ पर मैं लाइब्रेरी की प्लान कर रहा हूँ, वो पूरी की पूरी एक स्ट्रिप है जो कि विकास मार्ग से लेकर स्कूल ब्लॉक तक जाती है। और जब मेरी पहली डिस्कशन हुई तो उसमें एक अधिकारी ने कहा कि सर, ये तो पूरी की पूरी कमर्शियल बैल्ट के लिए थी और इसमें अब ये ही एक छोटा सा लैंड बचा है, बाकी सारा का सारा एन्क्रोच हो गया है। अगर ये करा तो हमें चेंज ऑफ लैंड यूज करना पड़ेगा। उसमें ये सारी फाइलें खुल जाएगी। ये एन्क्रोचमैंट कैसे हो गया? सिर्फ इस वजह से रोका जा रहा है। मतलब दिल्ली की जनता के लिए दिल्ली की जनता... वहीं शकरपुर गाँव है, उन्हीं

लोगों की वो जमीन थी। दिल्ली की जनता का ही लैंड, दिल्ली की ही जनता के लिए, दिल्ली का ही विकास प्राधिकरण, दिल्ली की जनता द्वारा चुनी हुई दिल्ली की सरकार को देने से मना कर रहा है। ये अपने क्षेत्र की बात बता रहा हूँ। मैने और बग्गा जी ने एक बार बग्गा जी के यहाँ पर बहुत बड़ा लैंड है जो मास्टर प्लान में ईयरमार्क्ड है, हॉस्पिटल के लिए। हम लोगों ने वो फाइल बनाकर सत्येन्द्र जी को दी। वहाँ पूरी कोशिश हो गई सर, कि किसी तरीके से ये जो लैंड है, ये हॉस्पिटल के लिए मिल जाए। वो हॉस्पिटल के लिए लैंड नहीं मिल रहा। बहुत फायदा होगा पूर्वी दिल्ली को अगर वहाँ पर एक बडा हॉस्पिटल बन जाए। वहाँ पर कूड़े का खत्ता जरूर खुलवा दिया, दो तीन दिन के लिए एलजी साहब ने। वो भी प्रोटेस्ट करके रुकवाना पड़ा। हड़ताल पर बैठना पड़ा वहाँ पर। पर वो हॉस्पिटल के लिए नहीं मिल सकती। हॉस्पिटल के लिए लैंड नहीं मिलेगा, मोहल्ला क्लीनिक के लिए लैंड नहीं मिलेगा, स्कूल खोलने के लिए लैंड नहीं मिलेगा, वूमेन्स हॉस्टल खोलने के लिए लैंड नहीं मिलेगा, लाइब्रेरी खोलने के लिए लैंड नहीं मिलेगा, किसी चीज के लिए लैंड नहीं मिलेगा। लैंड पूलिंग पॉलिसी आ जाएगी। लैंड से कमाने के जितने धंधे हो सकते हैं, वो हो सकते हैं। ये तो मैं अपने क्षेत्र की बात कर रहा था। अगर मैं पूरी दिल्ली की बात करूँ। एक सपना लेकर आए थे कि 'जहाँ झुग्गी वहीं घर।' हर ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के आदमी को जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है, उसको घर मिल सके। डीडीए तो आज की तारीख में कमर्शियल हो चुकी है। ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के जनता फ्लैट छोटे छोटे भी अगर मिलते हैं तो 20–20 लाख रुपये में मिलते हैं। किस तरीके की पॉलिसी हो गयी है कि वो सिर्फ ईडब्ल्युएस नहीं अप्लाई कर सकते, हरेक कोई अप्लाई कर सकता है। तो जितने इन्वेस्टर हैं, वो अप्लाई कर लेते हैं। अप्लाई करते हैं जिनकी सबकी लॉटरी में आ जाता है जिनका नाम आ जाता है, वो कई लाख

रुपये प्रीमियम पे बेचते हैं और वो ईडब्ल्यूएस कैटेगरी... किस को हम समझते हैं? 20 लाख रुपये का घर खरीद सकते हैं क्या वो लोग? अगर खरीद सकते होते तो झुग्गियों में जा के नहीं रह रहे होते? जहाँ न पानी की सुविधा, न शौच की सुविधा। न बच्चों के स्कूल की सुविधा, न अस्पताल की सुविधा। जाके रहते हैं तो मजबूरी में रहते हैं क्योंकि इतना पैसा नहीं होता। पर हमारी दिल्ली में, हमारे घरों में, हमारे शॉप्स में, हमारे ऑफिसेज में जो लोग काम करते हैं, वो वहीं से आते हैं। उन्हें दिल्ली से हटाया नहीं जा सकता पर उन्हें इज्जत जरूर दी जा सकती है। वो काम करना चाहती है दिल्ली सरकार पर उसके लिए लैंड अवेलेबल नहीं होगा कि सब लोगों को घर मिल सके, कमजोर से कमजोर जो आर्थिक रूप से, उसे घर मिल सके। ये सपना भी दिल्ली का पूरा नहीं कर सकते। लैंड चाहिए, हॉस्पिटल्स में बेड बढ़ाने हैं, दिल्ली के अंदर सर हॉस्पिटल्स हैं, बड़े बड़े हॉस्पिटल्स हैं, बहुत अच्छे हॉस्पिटल्स हैं, उन्हें और सुधारा जा रहा है लेकिन दिल्ली के हॉस्पिटल्स में सिर्फ दिल्ली के मरीज थोड़े जाते हैं, दिल्ली के हॉस्पिटल्स में अगर आप जीटीबी में चले जाइए, 70 परसेंट से ज्यादा मरीज दिल्ली के बाहर के होते हैं। जैसे ही जीटीबी आप घुसेगें, कुत्ते काटने की जो दवा, जहाँ पे लगती है, वो जो इंजेक्शन लगता है, उसका सैंटर है। अभी पीछे ही गया था। 100 से ज्यादा लोग खड़े थे सर, वहाँ पे सर, 90 से ज्यादा दिल्ली के बाहर के होंगे? अलीगढ़ से, देहरादून से लोग आते हैं क्योंकि वहाँ की सरकारें पैसा लेती हैं कुत्ते काटे के इंजेक्शन का हम लोग फ्री में देते हैं। वो 900 रुपये का इंजेक्शन में आने जाने का भाड़ा लगा के भी उनको सस्ता पड़ता है, इसलिए आ जाते हैं। उनपे टाइम है, पैसा नहीं है।

अगर वो एक इंजेक्शन लगता है जो चोट पे लगता है, वो चार हजार रुपये का होता है फिर तो वो तो तमिलनाडु से भी लोग आने को तैयार होते हैं यहाँ पे। हर जगह से लोग आते हैं सर, दिल्ली में इलाज करवाने के लिए, हॉस्पिटल में

बेड बढ़ाने की जरूरत है, हास्पिटल बनाने की जगह नहीं है। हमें पार्किंग की बार बार बात होती है दिल्ली के अंदर। एमसीडी में लेके पार्किंग चार्जिज ले लिए जाते हैं, कभी पार्किंग नहीं दी जाती। बहुत सारी समस्या होती है। पार्किंग अगर बनानी है, उसके लिए पूरी दिल्ली के अंदर लैंड तो चाहिए ना, लैंड किस से लेंगे? डीडीए से लेंगे। लैंड आप के कंट्रोल में नहीं है। दिल्ली सरकार के कंट्रोल में लैंड नहीं है। बार बार, हर चीज घूम के कितनी बार लोगों को बोलें कि तुम्हारी ये समस्या है, पर हम इसका कुछ कर नहीं पाएंगे क्योंकि लैंड हमारे पास नहीं है। लैंड एलजी के पास होगा। तो चुनी हुई सरकार क्यों है? और अगर चुनी हुई सरकार है तो एलजी क्यों है? कॉस्टीट्यूशन कहता है कि देश के अंदर लोकतंत्र होगा तो कॉस्टीटयूशन के ऊपर कोई कैसे जा सकता है कि देश में राजंतत्र ले आए? अफसरशाही इतनी पावरफुल कैसे हो सकती है कि चुने हुए लोगों को पीछे हटा दे? उनकी बात न सुने, जनता की बात न सुने। जो चलाना है, अपना चलाएगा। ऐसे कैसे हो सकता है सर? मेरे पहले साथियों ने सबने बताया कि बहुत सारे भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने, कई बार कॉंग्रेस ने ये बड़े अच्छे सपने दिल्ली वालों को दिखाए कि भई तुम लोगों को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा। मुझे हर्षवर्धन जी का भी याद है कि उन्होंने बहुत जोर शोर से कहा था कि अगर केन्द्र में सरकार बन गयी तो पहला डिसीजन जो होगा, केन्द्र सरकार वो दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। कहाँ गए हर्षवर्धन जी? कहाँ गए सारे के सारे एमपी जो दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने के लिए घूमते थे? आज एक काम नहीं करते दिल्ली के अंदर! हमारे यहाँ तो हमारे सांसद हैं, स्पीड ब्रेकर बनवाते हैं तो उसके पाँच हजार पर्चे छपवा के फिर आते हैं वहाँ पे। मैं नौ किलोमीटर की उसकी बात नहीं करता, वो तो फिर भी नौ कि.मी. है। यहाँ तो चार स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए आते हैं। इसके अलावा कोई काम नहीं किया। एक

बार आवाज नहीं उठाई संसद में कि भाई साहब, हम बोल के आये थे, लोगों ने हमको वोट दिए थे। उस बेसिस पे कम से कम एक बार तो सुन लो, पूर्ण राज्य का दर्जा दे दो। डर किस बात का है? ये जमीन लेके कोई भाग नहीं जाएगा। इंसान अपनी जमीन लेके नहीं भाग सकता। सब यहीं छोड़ के जाना है। और ये तो दिल्ली की जनता की जमीन है, दिल्ली की जनता के काम आनी चाहिए, इसे रख के क्या करोगे अपने पास? किस तरीके का कंट्रोल करना चाहते हो? अभी लेटेस्ट सर, आपके यहाँ की प्रॉब्लम है, मेरे यहाँ की भी प्रॉब्लम है, पूर्वी दिल्ली की तो कम से कम कह सकता हूँ। मुझे लगता है कि पूरी दिल्ली की एक प्रॉब्लम है। मानसून आ रहा है, पीडब्ल्युडी के नालों की डिसिल्टिंग होनी है। वो सिल्ट उठा के डालने के लिए दिल्ली में हमारे पास जगह नहीं है, वो लैंड नहीं है हमारे पास, जहाँ पे हम डिसिल्टिंग करके और सिल्ट को उठा के डाल दें, सिल्टिंग–डिसिल्टिंग शुरू नहीं हुई है, नाले भरे पड़े हैं, मानसून एक महीने में आ जाएगा तब क्या करेंगे? कौन देगा ये लैंड? क्या हम लोग भी लाचार हो जायेंगे, हम कहेंगे, "हमारे पास पास काका कोई साल्यूशन नहीं है।" और ये समस्या बहुत गंभीर है। क्या मानसून आते ही फिर डेंगू आएगा, चिकनगुनिया आएगा। लोग मरेंगे। कौन जिम्मेदारी लेगा इस चीज की? सिर्फ एक लैंड न होने की वजह से कितनी मौतें हो जाएंगी, हर साल होती हैं। साल दर साल होती हैं। कौन जिम्मेदारी लेगा इसकी? एक नाले की सफाई सिर्फ इस वजह से नहीं होगी कि हमारे पास सिल्ट डालने के लिए लैंड नहीं है और लैंड पे कब्जा एलजी साहब का है। एक एलजी उसकी जवाबदेही किसको है? हम लोग लोगों से वादे करके आए हैं, हमारी जवाबदेही लोगों के लिए है। लोग हमसे सवाल करेंगे, हम उनको जवाब देंगे। एलजी तक कौन जाएगा सवाल पूछने के लिए? कब ऐसा होगा कि एलजी खुद सड़क पे आएंगे और लोगों को जवाब देंगे। जब डिसीजन एलजी लेते हैं तो क्या

एलजी को नहीं आना चाहिए कि सड़क पे आके लोगों के जवाब दें? जवाब दें कि क्यों आज तक खत्ता नहीं बना पा रहे हैं कि कहाँ पे कूड़ा डलेगा ? कभी कृष्णानगर के बीच में... तो कभी घोंडा के पास में... कभी कहीं, कभी कहीं, रिहायशी इलाके के बीच में इस तरीके से दिल्ली की जनता के साथ खिलवाड़ किया जाता है सर। जवाब कौन देगा इस बात का कि ये जो इतने सारे प्लान दिल्ली के लिए बनाए गए हैं, उनके ऊपर काम नहीं हो रहा, इसका जवाब कौन देगा? अब बार बार हम क्या यही कहते रहेंगे, "हमारे बस की नहीं है?" क्यों नहीं है हमारे बस की? ये होना चाहिए, हमारे बस की। हम लोगों को वोट दिया है लोगों ने? उनके वोट की कीमत कौन चुकाएगा सर? इतना फुकरा कैसे हो गया उनका वोट कि हम लोगों को ताकत नहीं दे पा रहा? बहुत जरूरी है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले सर।

सर, देखिए, दिल्ली के अंदर डीडीए के पास लैंड है। डीडीए ने अपनी जो हाउसिंग प्रोजेक्टस हैं, उनको बिल्कुल कमर्शियलाइज कर दिया है। आज की तारीख में वो आम जनता के हाथ से बाहर निकल गया है और जो यूनिट्स हैं जो थ्री बेड रूम, टू बेड रूम अपार्टमेंट्स, वो इतने एक्सपेंसिव हो चुके हैं कि एक आम आदमी नहीं खरीद सकता और जितनी रिहाइश, जितने फ्लैट्स, जितने यूनिट्स रेजीडेंशियल यूनिट्स, डीडीए को प्रोवाइड करने चाहिए सर, मेरा ये मानना है कि आज की तारीख में मुश्किल से दस परसेंट प्रोवाइड कर पाया है। मात्र दस परसेंट! यही वजह है जो बार बार अनऑथोराइज़ कालोनीज कहते हैं हम लोग, हम लोग यहाँ पे फ्लोरस बनती हैं तीन की जगह चार और छह और आठ बन जाती हैं फ्लोर्स, वो भी अनऑथोराइज्ड। हमारे यहाँ पे प्लानिंग नहीं हो पाती इस वजह से नाले, सीवर, पानी की पाइप लाइन सब सब गड़बड़ हो रखा है। क्योंकि जो डेवलपमैंट अथॉरिटी है, उसकी जवाबदेही यहीं की जनता को नहीं है जिसकी

लैंड ले के, उसपे पैसे कमा के बैठे हैं। जिसकी लैंड को कब्जा होने देते हैं, बहुत मैक्सिमम लैंड डीडीए का कब्जा होके पड़ा हुआ है क्योंकि उनकी जवाबदेही किसी को है ही नहीं। सामने के सामने, मेरी आपसे... पहले भी यहाँ पे मैंने बताया था नजीब जंग साहब जब एलजी थे, मेरी उनसे बैठक हुई थी, मीटिंग में मैंने उनसे कहा था कि सर, "In such a little time I have been able to understand just one thing about DDA that it is very easy to encroach upon the land of DDA but it is very difficult to get it for public purpose." He said, "I Am agree with you Nitin, Hundred percent." And if he knew that I am hundred percent right , what had he done for it and I am sure कि अगर नजीब जंग साहब को पता होगा तो इस एलजी साहब को भी पता होगा कि लैंड को कब्जाना डीडीए के ज्यादा आसान है, जनता के लिए लेना, उसे पाना या उसे इस्तेमाल कर पाना ज्यादा मुश्किल है। अगर ऐसा है और इनको पता है तो इसमें बदलाव क्यों नहीं आयेगा क्यों ऐसा होगा कि बार बार एक के बाद एक एलजी ऐसा आयेगा जो केन्द्र का रिप्रजेंटेटिव या मोहरे की तरह से काम करेगा किसकी आवाज को दबाने की कोशिश कर रहा हो। मैं अपने लिए क्या अस्पताल बनाऊँगा सर, अभी थोड़ा सा रुकियेगा, क्या मैं अपने लिए अस्पताल बनाऊँगा? क्या मैं अपने लिए स्कूल बनाऊँगा? मैं सीए कर रहा हूँ कि मैं लाइब्रेरी बनाऊँगा या मैं जाकर रहूँगा वर्किंग गर्ल्स होस्टल में? मुझे अगर वो चाहिए तो हमारी जनता के लिए चाहिए। उन लोगों के लिए चाहिए जिन्होंने चुना है हम लोगों को और उन्हीं लोगों के लिए चाहिए जिनके टैक्स के पैसे से एलजी साहब को तनख्वाह मिलती है, उन्हीं लोगों के लिए चाहिए जिनके टैक्स के पैसे से इन एमपी को भी तनख्वाह मिलती है जिन्हें चुन कर भेजा है हमने एमपी। और ये बात सौरभ भाई की बिल्कुल सच है

कि अगले चुनाव का मुददा यही होना चाहिए कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा चाहिए और दिल्ली की जनता ये लेकर रहेगी, चाहे वो एलजी साहब हो चाहे, वो केन्द्र सरकार हो और हम सब लोग मिल कर उनका इसमें साथ देंगे, धन्यवाद सर।

Ekkuuh; v/;{k% बहुत बहुत धन्यवाद। श्री सोमनाथ भारती जी। हाँ, नहीं आज करिए प्लीज। अब श्री अजय दत्त जी।

Jh vt; nRr% धन्यवाद, अध्यक्ष जी, आपने मुझे एक बहुत ही गंभीर विषय पर बोलने का मौका दिया। अध्यक्ष जी, देश विदेश घूमने के बाद मैं आम आदमी पार्टी ज्वाईन करने से पहले मैं बंगलोर सैटल था और एक चाहत थी कि देश को बदलेंगे। एक चाह थी कि इस देश को और अपनी दिल्ली को बदल के एक विश्व स्तर का देश और दिल्ली बनाएंगे। जब दिल्ली को देखते हैं तो पता चलता है कि यहाँ एक काम करने के लिए हम जैसे चुने हुए लोग जो सरकार में बैठे हैं, उन्हें भी बहुत मशक्कत करनी पड़ती है और हम एक क्षुब्ध होकर देखते हैं कि यार! ये इतना गड़बड़ चल रहा है, इतना घोटाला चल रहा है, इतनी परेशानी दिल्ली के लोगों को है और मैं तो यहाँ चुन के आया हूँ। मैं इसको ठीक क्यों नहीं कर सकता? तो जब उसकी तह में जाते हैं तो पता चलता है कि ये काम एक ऐजेंसी का है, वो काम दूसरी का, वो तीसरी का, वो पाँचवीं का, छठी का है और फाइनली पता चलता है, वो छठी ऐजेंसी जिसे काम कराना है, वो एलजी के द्वारा गवर्न की हुई ऐजेंसी है या तो वो दिल्ली की पुलिस है या वो डीडीए है, जो हमारी सुनेगी नहीं। तो अंदर से एक बहुत बड़ी झुंझलाहट होती है और लगता है कि हम कहाँ बैठे हैं और क्यों बैठे हैं! हम करने क्या आये थे और हो क्या रहा है!

आज हमारे देश की जब बात करते हैं; मैंने एक छोटा सा डेटा निकाला कि दिल्ली क्या है। अगर हम दिल्ली में स्पेसिफिक बात करते हैं दिल्ली के बारे में तो

अध्यक्ष जी, एक बहुत आशचर्यजनक डेटा मैं कुछ देशों का नाम मैं यहाँ पर लेना चाहता हूँ। आस्ट्रेलिया एक बहुत नोन देश है और उस देश की जो पोपुलेशन है वो सिर्फ 2.4 मिलियन है जब कि हमारी दिल्ली की पोपुलेशन 20 मिलियन प्लस है सिंगापुर की 5.6, श्रीलंका की हमारी दिल्ली के बराबर की पोपूलेशन है। श्रीलंका जैसी कंट्री सिंगापुर जैसी कंट्री, आस्ट्रेलिया जैसी कंट्री, दुबई जैसी कंट्री, हांगकांग जैसी कंट्री से बहुत बड़ी हमारी दिल्ली है और उसको गवर्न करने का, उसको चलाने का अधिकार इस सरकार के पास जहाँ पर 67 एमएलए चुनकर आये, वो नहीं है। एक तानाशाह, एक कॉस्टिट्यूशन के मुताबिक जहाँ पर पूरे देश की सरकार बैठी है, जहाँ पर दिल्ली में चुनी हुई सरकार है, उसको काम करने का अधिकार नहीं है, अध्यक्ष जी। क्योंकि मैं पहले से ही इच्छा ये थी और बहुत सारी संस्थाओं के साथ सेवा करने की भावना थी तो मैं एक संस्था के साथ जुड़ा, जिसका नाम अक्षयपात्रा है। मैं उन्हें काफी पहले से जानता हूँ। करीबन बारह साल से और क्योंकि दिल्ली में हमारे माननीय शिक्षा मंत्री जी ने जो शिक्षा में बदलाव किए हैं तो हरेक स्तर पर बदलाव किए हैं और उसमें इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव हुआ, अध्यापक जिन्हें बहुत ज्यादा मोटिवेशन दिया गया, उनके कार्य में बदलाव हुआ और वहाँ की सफाई व्यवस्था में बदलाव हुआ और उसका रिजल्ट देखा कि आज दिल्ली में बारहवीं कलास के बच्चों का रिजल्ट प्राइवेट स्कूल के बच्चों से अच्छा आया है। तो ये बदलाव की जब नीति चल रही थी तो एक विश्वस्तरीय संस्था जिसे जो कि भारत में करीबन दस राज्यों में मिड डे मील देती है... और मैं आपको बताना चाहूँगा कि ये संस्था 17 लाख 14 हजार 40 बच्चों को प्रतिदिन मिड डे मील प्रदान करती है और 14 हजार से ज्यादा स्कूलों में वो इस कार्यक्रम को चलाते हैं और ये एक बहुत ही बड़ी विश्व स्तर की एनजीओ है जिसके कार्य करने की शैली के बार में मैं कुछ बताना चाहूँगा। ये एनजीओ ऐसी

है जो हाईजीन में नंबर वन कही जाती है और इसके जो खाने बनाने के तरीके हैं, उसमें बगैर हाथ लगाये बच्चों को जो हाईजीन का खाना बनाकर दिया जाता है तो इसका हम इस एनजीओ को लाना चाह रहे थे कि भई, जो मिड डे मील में घपले चल रहे हैं, जो मिड डे मील के खानों को ठीक से नहीं दिया जा रहा है, जो हमारे बच्चों को जो इस देश का भविष्य हैं, जो मेरे देश का भविष्य हैं, उसको पौष्टिक भोजन दिया जाये, उसके लिए हमने इस एनजीओ को नॉमिनेशन बेसिस पर हमारी सरकार ने उनको एक नॉमिनेशन बेसिस पर लैंड देकर एलजी साहब को फाइल भेज दी गई और ये हरेक स्टेट में चाहे वो बीजेपी के स्टेट हों चाहे वो और किसी पार्टी के दस स्टेट हों, वहाँ पर सब जगह उनको बुला बुलाकर काम दिया जाता है क्योंकि उसके मानक पूरी विश्व में सबसे अच्छे हैं। उसके जो आडिट हैं, वो केपीएम जी जैसी संस्थान कर रही है जो पूरे विश्व में अपने ऑडिट के लिए जानी जाती है और उनको हमारी सरकार ने कहा है कि भई आप यहाँ आओ और मिड डे मील आप करो तो एलजी साहब के साथ फाइल भेजी गई। पहले वाले एलजी साहब थे, उन्होंने उस फाइल को रखा बहुत दिन। बार बार कहने के बाद फाइल नहीं दी और उस पर कुछ काम हुआ नहीं। दूसरी बार उनसे पूछा गया और अल्टीमेटली आज तक अक्षयपात्रा जैसी विश्वस्तर की जो संस्थांन है, जो पूरे भारत वर्ष में नहीं, पूरे विश्व में जानी जाती है जिसमें बिलगेट जैसे लोगों ने ओबामा जैसे लोगों ने कमैंट किया है कि ये जो संस्थांन है, विश्व की सबसे अच्छी संस्थांन है, इसके मानक सबसे अच्छे हैं। इसको पूरे विश्व में बच्चों को खाना देने के लिए लगाया जाये। तो हम भी चाहते हैं कि हमारे सरकारी स्कूलों में अच्छा खाना जाये और ऐसी संस्था को हम यहाँ पर लायें और उसको काम दें जिससे कि हमारे बच्चों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन मिले, स्वच्छ मिड डे मील मिले और उनकी पढाई में और अच्छा डेवलेपमैंट हो। लेकिन

अध्यक्ष जी, इस देश में एक इतना बड़ा राज्य... आधा राज्य कह सकता हूँ जिसमें दो करोड़ से ज्यादा लोग रहते हों और सरकारी स्कूलों का डेटा मेरे पास है, करीबन बीस लाख बच्चे सरकारी स्कूलों में पढते हों जिनके भविष्य के लिए हमारे सरकार दिन पर दिन कार्य कर रही हैं, उनके भविष्य को ताक पर रख कर एलजी महोदय ने उस संस्थान को अप्रूवल नहीं दिया और उस संस्थान को जहाँ किचन बनाना है, पूरा ऑटोमैटिक है, उसमें वो सिर्फ सब्जियाँ डालते हैं और उसके बाद पूरा सब्जी बन के और पैक हो जाती है और कोई हाथ नहीं लगाता। उसके बाद इस तरीके के उसके टैक्नीकस हैं और जब हमने एलजी साहब को हमारी सरकार ने एप्रोच किया...

Ekkuuh; v/;{k% अजय दत्त जी कन्क्लूड करिए, प्लीज।

Jh vt; nRr% अध्यक्ष जी, कहने का मेरा मतलब है कि अगर दिल्ली की सरकार काम कर रही है और उसको काम नहीं करने दिया जा रहा, एलजी साहब को बिठाया जा रहा है तो जब हम दो करोड़ लोगों के भविष्य को यहाँ पर ध्यान में रखे हैं, दिल्ली की जनता ने जो वोट दिया, इस सरकार को चलाने के लिए अगर ये राज्य ऐसे ही चलता रहा और अगर इस राज्य को डेवलपमैंट को रोका गया, जैसे कि रोका जा रहा है, क्या हम अपने बच्चों को भविष्य दे पाएंगे? एक बात तो हम बार–बार लगातार जैसे सौरभ भाई ने बताया कि बीजेपी के लोग जिन्होंने पूरी जिदंगी ये लड़ाई लड़ी कि हम भई दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे, मोदी साहब के 2013 के मेनिफेस्टो में दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देना था, वो नहीं दिया गया। उन्होंने कमिटमैंट किया था तो क्यों आप दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं, क्यों आपने दिल्ली की जनता को धोखा दिया और क्यों आप बीजेपी के लोग जो आपने कमिटमैंट किया था, जो आपने वादा किया था, उसको पूरा नहीं कर रहे? क्या आपको लगता है, दिल्ली की जनता आधे वोट

देकर आपको लेकर आती है? क्या आपको लगता है कि दिल्ली की जनता को अच्छे से जीने का अधिकार नहीं है? क्या आपको लगता है कि यहाँ सरकार नहीं होनी चाहिए? क्यों? तो ये दिल्ली की जनता आपसे बार–बार हमारे माध्यम से और अदरवाइज भी पूछ रही है कि आप इतने झूठे, वादा खिलाफी कैसे कर सकते है और काँग्रेस ने... मैं तो वो समय भी जानता हूँ जब शीला दीक्षित ने दिल्ली के नगर निगमों को तीन भागों में बाँटा था, उस समय उसके तुरंत बाद शीला दीक्षित कहती थी कि अब हमारी लड़ाई दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की है जब कि उनकी सरकार केंद्र में भी थी। तो ये दोनों पार्टी का क्या जुमलों की और झूठे वादों की सरकार है?

तो अध्यक्ष जी, हम ये माँग करते है कि अगर दिल्ली, अगर नहीं हमें दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाना ही पड़ेगा, ये इस देश की राजधानी है, हमें अपनी दिल्ली को पूरे विश्व में दिखाना है, इसको वर्ल्डक्लास सिटी बनाना ही है। मैं आपके माध्यम से ये गुजारिश करना चाहता हूँ कि जो माननीय उप मुख्य मंत्री जी ने अपना प्रस्ताव दिया है, इसके माध्यम से कि हम दिल्ली को पूर्ण राज्य दें और ये बीजेपी की ये जो सरकार केंद्र में बैठी है, उसको अभी के अभी उसको पास करें, नहीं तो पूरी दिल्ली की जनता आपसे इसको पूछेगी और पूछेगी क्या आपकी सारी सीटें दिल्ली में और बाकी सीटें इस पूरे देश में हरवाएगी। ये हम आपको कहकर जा रहे हैं, धन्यवाद, जय हिंद।

Ekkuuh; v/;{k% श्री सिरसा जी।

Jh euftnj flg flj lk% धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने मेरे को इस बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया। अध्यक्ष जी, बिल्कुल दिल्ली को एक पूर्ण राज्य का दर्जा मिले, हम इसके पक्ष में हैं और इसका समर्थन भी करते

हैं। अध्यक्ष जी, जिस पार्टी से मैं हूँ, हम तो यह तक भी कहते है कि पूर्ण राज्य तो दिल्ली नहीं है, बाकी स्टेट तो हैं, हम तो इसके बाद भी कहते हैं कि ज्यादा अधिकार स्टेट्स को मिलने चाहिए। हम इस पक्ष के हैं कि स्टेट्स के पास ज्यादा अधिकार होने चाहिए क्योंकि स्टेट जिम्मेवार है अपने लोगों की सुरक्षा से लेकर उनकी रोजमर्रा की जिदंगी को खुशहाल और बहाल करने के लिए। हम यह भी मानते हैं कि दिल्ली के अंदर जो इतनी कॉम्पलीकेशंस हैं, उसके पीछे बहुत बड़ा कारण दिल्ली का पूर्ण राज्य न होना है। दिल्ली में जो पिछले कई साल से मेरे सारे एमएलए भाइयों ने बताया; अलग–अलग समय की अलग–अलग बातें, मैं उनमें न जाकर लेकिन जितनी भी अभी तक की प्रॉब्लम सामने आती हैं, उनमें बहुत सारी प्रॉब्लम इसलिए हैं क्योंकि पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला, पुलिस हो, एडमिनिस्ट्रेशन हो, लेंड हो और इसमें भी कोई शक नहीं कि दिल्ली डेवलपमैंट ऑथोरटी जो है, उसका बहुत बड़ा रोल है दिल्ली को नुकसान पहुंचाने में। अगर दिल्ली के अंदर अनऑथोराज्ड कॉलोनीज का बहाव आया तो इसलिए आया क्योंकि डीडीए ने... एक नक्शा ही नहीं पारित करने के लिए नाकाम हुई, लेंड भी थी और लोग लेने वाले भी थे, जगह भी थी, खरीदने वाले भी थे, मकान भी थे और मकान बनाने के लिए भी लोग तैयार थे। लेकिन उनका बहुत बड़ा फेल्योर था कि वो दिल्ली को न तो कभी मास्टर प्लान प्रॉपर दे पाए, न कभी लोगों को मकान मुहैया करा पाए। लोगों ने अपनी जरूरतों के मुताबिक प्राइवेट लेंड्स के ऊपर कॉलोनियाँ डेवलप होनी शुरू हो गई। पिछले सदन के दौरान किसी भाई ने ये भी कहा, मुझे याद नहीं किसने कहा, शायद मनीष सिसोदिया जी ने कहा कि दिल्ली के डीडीए के पास 25 हजार करोड़ रुपये की एफडी है, मुझे जानकारी नहीं है, है या नहीं है, पर मैंने सुना था यहाँ किसी से। इसमें कोई शक नहीं है कि वो पैसा तो हम दिल्ली के लोगों का है, हमारे दिल्ली के लोगों की भलाई के

लिए वो काम आना चाहिए। अगर कोई ऐसी एफडी है तो उस पर राइट जो है, दिल्ली के लोगों का है, दिल्ली सरकार का है, दिल्ली की चुनी हुई सरकार है, दिल्ली के लोगों का है। डीडीए ने वो पैसा जो है, जितना भी एकत्रित किया, वो दिल्ली से ही एकत्रित किया। लैण्ड बैंक खड़े किये, फिर उनको बेचा और वहीं से पैसा इकट्ठा किया, कोई उसको बाहर से पैसा नहीं आया। इसमें भी कोई शक नहीं कि दिल्ली में आज जब भी हम किसी लैण्ड की बात करते है तो दिल्ली की डीडीए एक ऑथोरटी जो है, उसके साथ काम करना, उससे लैण्ड लेना, उसके साथ डील करना एक बहुत बड़ा प्रॉब्लम का घर बना हुआ है और कोई आसान काम नहीं है।

दिल्ली पुलिस जिसके पास लॉ एण्ड ऑर्डर है, वो भी दिल्ली सरकार के पास नहीं है, दिल्ली के लोग वे भी चाहेंगे और भारतीय जनता पार्टी भी बार–बार इस बात को कहती रही कि हमें इस स्टेट को पूर्ण दर्जा देना चाहिए, लेना चाहिए।

आज तीन साल बाद ये सरकार बात कर रही है और अध्यक्ष जी, जितनी मैंने बातें सुनी, उनमें मैंने ये देखा कि बहुत सारी चीजें जो हैं, दिल्ली सरकार के पास जो थी, उसमें दिल्ली सरकार बिल्कुल नाकाम रही है। दिल्ली सरकार... आज ऐसा लग रहा है कि तीन साल बाद जो अपनी नाकामियाँ हैं, उनको छिपाने के लिए ये एक नया मौका ढूँढ़ा, दिल्ली के लोगों की फ्रस्ट्रेशन देखी, दिल्ली में पीने का पानी नहीं है, क्या, इसमें पूर्ण राज्य का तो कोई काम नहीं है? पीने को पानी भी आप नहीं दे पा रहे। दिल्ली के अंदर 40 परसेंट बच्चे अगर फेल हो जाते हैं दसवीं के अंदर, 30 परसेंट जो अभी मैं डेटा पर मैं नहीं... आंकड़ों पर मेरी गलती भी हो सकती है तो मुझे नहीं लगता कि इसमें पूर्ण राज्य का कोई रोल था। दिल्ली के अंदर हॉस्पीटल्स हैं, फेल हो गया, हमारा हेल्थ सिस्टम, इसमें पूर्ण दर्जे का कोई रोल नहीं...

...(व्यवधान)

Jh euftnj flag flj lk% देखिए आप सब लोग बोले, मैंने किसी की बात में बोला नहीं। और अगर आप इस तरह काटेंगे, बाकियों ने बोलना है, हम भी इस तरह करें, अच्छा नहीं लगता, हमें बात रखने दीजिए और

...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% ऋतुराज जी, सदन आज बहुत बढ़िया चला है, ऋतुराज जी, प्लीज।

Jh euftnj flag flj lk% दिल्ली के अंदर हेल्थ सिस्टम के अंदर...

...(व्यवधान)

Ekkuuh; v/;{k% कल हमारे लोग बोलेंगे, वो उत्तर देंगे उसका। उनको नोट करना चाहिए, जिनकी बारी है कल।

Jh euftnj flag flj lk% पूर्ण राज्य का रोल कोई हेल्थ के अंदर तो नहीं रूकावट लेकिन लोग सड़कों पर बैठे हैं, दवाई उनको मिल नहीं पा रही। हेल्थ सिस्टम फेल हो गया, एजुकेशन सिस्टम फेल हो गया, पीने का पानी नहीं, मैं नहीं कह रहा, मेरे पहले मेरे भाइयों ने 280 में भी ये सवाल उठाया कि पानी नहीं है पीने को, रो रहे है दिल्ली के अंदर लोग, पानी के लिए। लोगों ने यह भी बताया कि पीडब्लुडी काम करने में असमर्थ है, सड़कें बनाने में हम असमर्थ है, इसमें भी कोई स्टेट का रोल नहीं है।

अध्यक्ष जी, आज समझने की बात क्या है, जो मैंने सारा देखा, इसमें क्या बात हुई, जितनी भी आज चर्चा हुई, अभी अखबार में खबर भी छपी कपिल मिश्रा

जी ने ट्विट किया और किसी ने उसको अभी तक डिनाइ नहीं किया। पिछले साल का मैं बजट देख रहा था जब मनीष सिसोदिया जी पीठ थपथपा रहे थे। सत्येंद्र जैन जी की जगह पर कपिल मिश्रा जी बैठे थे। तो मुझे याद है, मैंने वो विडियो आप भाई साहब की सुनी तो फाइनेंस मिनिस्टर साहब कह रहे थे कि 178 करोड़ रुपये का हमने जल बोर्ड के अदंर मुनाफा कमाया है और हमने पानी भी दिया है, फ्री में दिया है और फिर भी हमने मुनाफा कमाया है और इसकी पीठ थपथपा रहे थे कि इसका सबसे ज्यादा श्रेय दिल्ली जल बोर्ड को और दिल्ली जल बोर्ड के मंत्रियों और अधिकारियों को जाता है तो फिर क्या पूर्ण राज्य का दर्जा में ये क्या हो गया कि 800 करोड़ रुपये का इस साल नुकसान आ गया? अब इसमें क्या पूर्ण राज्य के दर्जे ने आपकी रूकावट की कि जो 178 करोड़ रुपये का प्रॉफिट था, वो एक साल के अंदर–अंदर 800 करोड़ रुपये के नुकसान के अंदर तब्दील हो गया। जितनी भी चर्चा यहाँ पर हुई, उस चर्चा का मूल एक निकल रहा था कि चुनाव है–चुनाव है, वोटें हैं, चुनाव है। तो यही समझ में आया कि तीन साल बाद लोग जितने फ्रस्ट्रेटेड हैं, लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा, शिक्षक को बच्चों को एड नहीं मिल रहीं, एससी/एसटी को उनके बेनेफिट्स नहीं मिल रहें, किसी को भत्ता नहीं मिल रहा तो किसी को फीस रिएम्बर्समैन्ट नहीं हो रही, किसी को दवाई नहीं मिल रही तो कोई बिजली के बिल के लिए रो रहा है। किसी के घर पानी नहीं आ रहा फिर भी बड़े–बड़े बिल आ रहे हैं। मंत्री जी को बड़ी गाड़ी चाहिए लेकिन लोगों के पास बस भी जाने को नहीं है। सड़क घर के आने को नहीं है लेकिन हम फिर भी यह कहे जा रहे हैं। हमने देश में मोदी जी को गाली निकालनी है और फिर राष्ट्रपति जी को और फिर दूसरे मुल्कों को उसके लिए जिम्मेवार ठहराना है। क्या अब ये चुनाव आ गया और ये समझ में आने लगा कि अब लोग फ्रस्ट्रेटेड हो गए हैं अब कौन सी नई बात निकाली जाए

जिससे लोगों को ये भरमाया जाए कि हम नाकाम तो हैं, नाकामी तो हमारी है, हम काम करने मे असमथ रहे है लेकिन अगर ये वाली चीज हमें और मिल जाती तो शायद हम कामयाब हो जाते।

अध्यक्ष जी, 15 साल मेरे से पहले... मैं नहीं कर रहा, ये जितनी बातें कह रहा हूँ आपके मेम्बर साहिबान ने यहाँ पर कही। 15 साल तक दिल्ली के अंदर जिन शीला दीक्षित जी, जिसकी चर्चा आप कर रहे हैं कि उन्होंने सरकार चलाई। जब उन्होंने सरकार चलाई, तो ये सारे फ्लाईओवर बने, आप तो एक भी नहीं बना पाये। ये सारे हॉस्पिटल बने, आप एक बना नहीं पाये। यूनिवर्सिटीज बनी, हम नहीं बना पाये, तो 15 साल में ऐसा क्या अंतर था कि जो कॉंग्रेस ने सरकार चलाई, जिसको शीला दीक्षित जी आज कल मैंने सुना है, ट्विटरों के माध्यम से, अखबारों के माध्यम से कि अलायंस करने की बाते हो रही है। अच्छा कीजिए, जिसको आप बार बार जिस पार्टी को आप चोर कहते थे, करप्ट कहते थे, महाकरप्ट कहते थे, चोरों की पार्टी कहते थे और मेरे भाइयों ने आज भी यहाँ पे कहा कि दिल्ली को बर्बाद करने में सबसे बड़ा कॉंग्रेस का योगदान है और मैं भी उनका समर्थन करता हूँ इसमें कि दिल्ली को बर्बाद किया है कॉंग्रेस ने, पर मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि ये कितने रंग बदलेंगे हम! अरे! आप ट्वीट पे कर रहे हैं, सोशल मीडिया पर चल रहा है कि कॉंग्रेस का अलायंस होने जा रहा है आम आदमी पार्टी के साथ, लेकिन उसको कोई बस उसकी कोई मना नहीं कर रहा है उसको। कोई किसी ने ये नहीं कहा कि ये झूठ है, जिस पार्टी ने दिल्ली को तबाह कर दिया, जिस पार्टी ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया, आज उस पार्टी के घिरे लग रहे हैं और फिर कोस किसको रहे हैं? कौन है जिसको आप कोस रहे हैं? अगर दिल्ली का आपने ही कहा, अभी मेरे भाई ने यहाँ कहा कि जवाहर लाल नेहरू जी ने इसको पूर्ण राज्य का दर्जा इसका खत्म करके आपसी लड़ाई में इसको बर्बाद किया था, तो वो भी कॉंग्रेस से थे। जिस दिल्ली में वो लूटा आपने

कहा, शीला जी ने लूटा, वो भी कॉंग्रेस से थी, तो दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले, हम इसके योग साथ में हैं, लेकिन आप एक बात बताइये, जिनके पास जो दर्जा है, वो भी नहीं काम कर पा रहे, तो क्या पूर्ण दर्जा मिलने से कुछ कर पायेंगे? आज विषय पूर्ण दर्जे का इसलिए लड़ाई पूर्ण दर्जे का नहीं है। अगर ये लड़ाई होती। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम यह भी बताना चाहता हूँ कि इस विधान सभा में जितने बिल पास किये, उनमें से एक बिल की चिंता हमारे पार्टी के विधायकों ने की है? किसकी विधायक की है। न तो टीचरों की बिल की चर्चा... बतायें, आज तक किसी ने चिंता की है? कॉलेजों का कहा; एडमिशन मिलनी चाहिए बच्चों को, रिजर्वेशन होनी चाहिए, उसके लिए बिल पास किया, लेकिन आज तक किसी ने फोलो–अप नहीं किया। कोई न मिनिस्टर से मिला, न वीसी से मिला, बिल पास किया, अपनी जान छुड़ाई, काम खत्म किया, अखबार में खबर लगी। हाँ, एक चीज को फोलो–अप किया; एमएलए की तनख्वाह बढ़े, उसको हमने जरूर फोलो–अप किया, होम मिनिस्टरों को मिलने तक गये। क्या कभी टीचरों के लिए हम मिलने गये? क्या दिल्ली के बच्चों के लिए, यूनिवर्सिटी के बच्चों का रेजलूशन हमने इस हाउस में पास की थी? क्या उसके भी आज तक हम एचआरडी मिनिस्टर से मिलने गये? नहीं गये। आज जब हमें ये समझ में आने लगा कि हम हर तरफ से फंस...

...(व्यवधान)

Jh euftnj flg flj lk अध्यक्ष जी, बीस–बीस मिनट बोले, मैं तो वैसे ही बात करता हूँ।

Ekkuuh; v/;{k आप 10 मिनट बोले हैं। दस, दस।

Jh euftnj flg flj lk चलो, आज जब हमें यह सामने आने लगा, मैं बंद कर दूँगा। जब सामने आने लगा कि हम तरफ से फंस गये हैं, तो पूर्ण राज्य का दर्जा! हम समर्थन करते हैं पूर्ण राज्य का, पर हम इस सरकार से यह भी

पूछना चाहते हैं, जो आपके पास हकूक थे, जो आपके पास पॉवर थी, न आप पानी दे सके, न बिजली दे सके, न लोगों को हैल्थ सर्विसेस दे सके, न एजुकेशन दे सके, आज लोग सड़क पे जब आपके विरोध के लिए उतर के आ गये हैं, तो आपने ये बहाना ढूँढा और क्या कह रहे हैं कि लोग वोटों में पूछेंगे पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा या नहीं मिलेगा? वोट डालेंगे। मकसद क्या है? वोट। इलेक्शन आ गयी लोक सभा की। मैं आज एक बात कहके अपनी बात को समाप्त करूँगा। मैं चाहूँगा, मेरे आम आदमी पार्टी के विधायक इस विधान सभा के अंदर ये घोषित करें कि जिस काँग्रेस को उसने चोर कहा, बेईमान कहा, दिल्ली को लूटा, दिल्ली को कूटा, दिल्ली को बर्बाद किया और 1984 में हमारे परिवारों को बर्बाद किया, आज ये हिम्मत है तो जबाव दे के कहें, हम ऐसी गंदी बात इंसाफ मैं न कभी रिलायंस करने का सोचेंगे, न किया है, न करेंगे और धोखेबाजी, रंग बदलते हैं, सुबह–शाम रंग बदलते हैं। यह दिल्ली के लोगों के लिए पूर्ण दर्जा नहीं माँगने आये, ये दिल्ली के लोगों को भरमाने के लिए आये हैं। जैसे इन्होंने बार–बार पहले बेवकूफ बनाया, दिल्ली के लोगों में... तो मैं बताना चाहता हूँ कि आम आदमी पार्टी ने नया षडयंत्र तो रचा है, अपनी नाकामियों का ठीकरा किसी और के सिर फोड़ने का। अध्यक्ष जी, दिल्ली के साथ ये धोखा होने दीजिए। ये फ्रॉड के कारण दिल्ली आगे... पिछले तीन साल से भुगत रही है और आगे से दिल्ली के ऊपर और एक कहर ढायेंगे, यही काम करने हैं, इंसाफ नहीं देंगे, केवल बेईमानी करेंगे, धन्यवाद, धन्यवाद।

Ekkuuh; v/;{k% बहुत बहुत धन्यवाद। अब सदन की कार्यवाही वीरवार दिनांक 7 जून, 2018 को अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है, सभी सदस्यों का धन्यवाद।

(सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार दिनांक 7 जून, 2018 तक के लिए स्थगित की गई।)